| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 82,570.91 |
| निफ्टी | ~ | 25,195.80 |
| सोना | ~ | 99,770 |
| चांदी | ~ | 1,15,000 |
| डॉलर | ~ | 86.01 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
बुधवार 16 जुलाई 2025
श्रावण कृष्ण 06 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 291
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


# स्पेस स्टेशन में 18 दिन रहकर लौटे शुभांशु

## स्पेसक्राफ्ट की लैंडिंग कैलिफोर्निया के तट पर हुई, पहली बार कोई भारतीय ISS गया था

कैलिफोर्निया। शुभांशु शुक्ला सहित चार एस्ट्रोनॉट स्पेस स्टेशन में 18 दिन रहने के बाद पृथ्वी पर लौट आए हैं। करीब 23 घंटे के सफर के बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की आज यानी 15 जुलाई को दोपहर 3 बजे कैलिफोर्निया के तट पर लैंडिंग हुई। इसे स्प्लैशडाउन कहते हैं। चारों एस्ट्रोनॉट एक दिन पहले यानी सोमवार की शाम 4:45 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी के लिए रवाना हुए थे। सभी एस्ट्रोनॉट 26 जून को भारतीय समयानुसार शाम 4:01 बजे ISS पहुंचे थे। एक्सियम मिशन 4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे ये रवाना हुए थे। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी।

शुभांशु की वापसी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- मैं पूरे देश के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का उनकी ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा से पृथ्वी पर वापसी के लिए स्वागत करता हूं।

शुभांशु ने अपने समर्पण, साहस से अरबों सपनों को प्रेरित किया है। यह हमारे अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन- गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है।



### 17 अगस्त तक भारत लौट सकते हैं शुभांशु

शुभांशु 17 अगस्त तक भारत लौट सकते हैं। अंतरिक्ष यात्रियों को लैंडिंग के बाद मेडिकल जांच और रिहैबिलिटेशन के लिए आमतौर पर सात दिन लगते हैं, ताकि वे पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में फिर से ढल सकें। इसके बाद ही शुभांशु भारत लौटेंगे।

### 18 दिन स्पेस स्टेशन में शुभांशु ने क्या-क्या किया

**60 वैज्ञानिक प्रयोग**- शुभांशु ने मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया। इनमें भारत के सात प्रयोग शामिल थे। उन्होंने मेथी और मूंग के बीजों को अंतरिक्ष में उगाया। स्पेस माइक्रोएल्गी प्रयोग में भी हिस्सा लिया। अंतरिक्ष में हड्डियों की सेहत पर भी प्रयोग किए।

**प्रधानमंत्री से बात**- 28 जून 2025 को शुभांशु ने ISS से पीएम नरेंद्र मोदी के साथ लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से भारत बहुत भव्य दिखता है। पीएम ने पूछा कि आप गाजर का हलवा लेकर गए हैं। क्या साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु ने कहा- हां साथियों के साथ बैठकर खाया।

**छात्रों से संवाद**- 3, 4 और 8 जुलाई को उन्होंने तिरुवनंतपुरम, बेंगलुरु और लखनऊ के 500 से अधिक छात्रों के साथ हैम रेडियो के जरिए बातचीत की। इसका मकसद युवाओं में STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) के प्रति रुचि बढ़ाना था।

**ISRO के साथ संवाद**- 6 जुलाई को उन्होंने ISRO के चेयरमैन डॉ. वी. नारायणन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की, जिसमें उनके प्रयोगों और भारत के गगनयान मिशन के लिए उनके योगदान पर चर्चा हुई।

**पृथ्वी की तस्वीरें**- शुभांशु ने ISS के कपोला मॉड्यूल से पृथ्वी की शानदार तस्वीरें खींचीं, जो सात खिड़कियों वाला एक खास हिस्सा है।

### 41 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में गया

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा और भारतीय एजेंसी इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया था। शुभांशु इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं।

## खास खबर

### भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने धोखाधड़ी मामले में किया कोर्ट में आत्मसमर्पण

बेगूसराय। मंगलवार को भोजपुरी फिल्मों की अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने एक धोखाधड़ी मामले में बिहार के बेगूसराय जिला न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। जिसके बाद अदालत ने उनको 10 हजार रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी है। हालांकि उनके पिता को भी कोर्ट में पेश होना था लेकिन स्वास्थ्य कारणों से वह नहीं आ सके। दरअसल अभिनेत्री ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत की अर्जी भी दी थी, जिसे अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अष्टम ने स्वीकार कर लिया है। अभिनेत्री अक्षरा सिंह जैसे ही अदालत पहुंचीं, कोर्ट परिसर में गहमा-गहमी बढ़ गई. उनको देखने के लिए बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक भी वहां पहुंचने लगे। इस दरम्यान अभिनेत्री किसी तरह न्यायिक दंडाधिकारी ओम प्रकाश की अदालत में जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। कोर्ट ने उनको बेल पर रिहा कर दिया है। इस दौरान कोर्ट से निकलने के दौरान अक्षरा सिंह ने मीडिया से कोई बातचीत नहीं की।

### गुजरात में पुल टूटा, 8 लोग नीचे गिरे

जूनागढ़ । गुजरात में मंगलवार सुबह जूनागढ़ जिले में मरम्मत के दौरान एक पुल का स्लैब ढह गया। पुल पर मौजूद 8 लोग 15 फीट नीचे गिर गए। हालांकि सभी को बचा लिया गया है। जूनागढ़ में यह हादसा मांगरोल तालुका के अजाज गांव में हुआ। यह पुल केशोद को माधवपुर से जोडने वाला एक मुख्य रास्ता है, जहां से रोजाना कई वाहन गुजरते हैं। सुबह पुल की मरम्मत का काम चल रहा था। तभी अचानक पुल का स्लैब ढह गया और हिताची मशीन तेज आवाज के साथ नीचे गिर गई। पुल के स्लैब पर कुछ लोग भी खड़े थे, जो स्लैब गिरने पर सीधे नदी में गिर गए, लेकिन गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। गुजरात में एक हफ्ते में पुल टूटने की दूसरी घटना सामने आई है।

### सागर प्रीत हूडा होंगे चंडीगढ़ के नए डीजीपी

चंडीगढ़ । चंडीगढ़ के नए पुलिस महानिदेशक डॉ. सागर प्रीत हूडा होंगे। केंद्र सरकार ने उनके नियुक्ति आदेश जारी कर दिए हैं। वे जल्द ही अपना कार्यभार संभालेंगे। 1997 बैच के आईपीएस अधिकारी डॉ. हूडा पहले दिल्ली में विशेष पुलिस आयुक्त (खुफिया विभाग) के पद पर तैनात थे। उन्होंने अपनी सेवा के दौरान कई बड़ी जिम्मेदारियां निभाई हैं। वे मीडिया सेल और परसेप्शन मैनेजमेंट, महिला एवं बाल अपराधों से जुड़ी विशेष इकाई और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की विशेष पुलिस इकाई जैसे विभागों का भी अतिरिक्त प्रभार संभाल चुके हैं। इसके अलावा, उन्होंने कई महत्वपूर्ण मामलों की जांच में भी अहम भूमिका निभाई है।

### बस खाई में गिरा, 5 की मौत

जम्मू । जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में एक मिनी बस के खाई में गिर गया। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 16 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे की जगह से चार शव बरामद किए गए थे, जबकि गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिले के चीफ मेडिकल ऑफिसर ने बताया कि मौतों का आंकड़ा और बढ़ सकता है। कई घायलों की हालत गंभीर है। हादसा मंगलवार को डोडा-बराथ रोड पर पोंडा इलाके हुआ। मिनी बस के सडक़ से फिसलकर गहरी खाई में गिरने की खबर है। बस में 21 लोग सवार थे।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने की सभापति धनखड़ से मुलाकात

### संसद के मानसून सत्र में कई मुद्दों पर चर्चाओं को लेकर हुई बातचीत

नई दिल्ली। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 21 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र से पहले राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मंगलवार को मुलाकात कर कहा कि विपक्ष सत्र को एक सार्थक रूप में देखना चाहता है। उन्होंने कई मुद्दों पर चर्चा की मांग की। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मुलाकात के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर



पोस्ट किया -विपक्ष 21 जुलाई से शुरू होने वाले राज्यसभा सत्र को एक सार्थक सत्र के रूप में देखना चाहता है। इसके लिए कई रणनीतिक, राजनीतिक, विदेश नीति और सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर बहस और चर्चा जरूरी है, जो जनता के लिए चिंता का विषय है।

वहीं विपक्ष इस बार संसद के मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम आतंकी हमले, चीन के रवैये समेत कई मुद्दों पर चर्चा को लेकर अड़ा हुआ है। कहा जा रहा है कि इस बार सत्र की शुरूआत हंगामेदार होगी। वहीं मंगलवार को कांग्रेस ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के चीन के दौरे का हवाला देते हुए कहा कि पड़ोसी देश से जुड़ी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की जरूरत है और उम्मीद है कि पीएम मोदी संसद के मानसून सत्र में इसके लिए सहमति देंगे।

## कार्टूनिस्ट मालवीय को सुप्रीम कोर्ट से राहत, मामले की अगली सुनवाई 15 अगस्त के बाद

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संघ कार्यकर्ताओं के कथित आपत्तिजनक कार्टून सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोपी कार्टूनिस्ट को संरक्षण दिया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि अगर उन्होंने सोशल मीडिया पर कोई और आपत्तिजनक पोस्ट शेयर की, तब राज्य कानून के तहत उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र है। शीर्ष अदालत कथित अपमानजनक ऑनलाइन पोस्ट से नाराज़ थी और अदालत ने कहा लोग किसी को भी, कुछ भी कह देते हैं। हेमंत मालवीय ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा 3 जुलाई को पारित आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी जिसमें उन्हें अग्रिम ज़मानत देने से इंकार किया गया था। वकील और आरएसएस कार्यकर्ता विनय जोशी की शिकायत पर मई में थाने में उनके खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। जोशी ने आरोप लगाया कि मालवीय ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री अपलोड करके हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाई और सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ा। सुप्रीम कोर्ट ने मालवीय को अंतरिम राहत देकर गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान कर दिया है। मामले की अगली सुनवाई 15 अगस्त के बाद होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर मालवीय की ओर से कोई भी आपत्तिजनक टिप्पणी की जाती है, तब शिकायतकर्ता अदालत आ सकते हैं।



### बेंगलुरु में कॉलेज छात्रा से गैंगरेप, 3 आरोपी गिरफ्तार

बेंगलुरु। बेंगलुरु के एक प्राइवेट कॉलेज की छात्रा के साथ दो लेक्चरर समेत तीन लोगों ने गैंगरेप किया। पुलिस ने फिजिक्स लेक्चरार नरेंद्र, बायोलॉजी लेक्चरार संदीप और उसके दोस्त अनूप को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित की शिकायत के मुताबिक, नरेंद्र ने छात्रा को नोट्स देने के बहाने बेंगलुरु बुलाया और अपने दोस्त अनूप के घर ले जाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद संदीप ने नरेंद्र के साथ पीड़िता की वीडियो क्लिप के जरिए उसे ब्लैकमेल किया और फिर से दुष्कर्म किया। फिर तीसरे आरोपी अनूप ने छात्रा को उसके कमरे में आने की सीसीटीवी फुटेज होने का दावा करके धमकाकर उसके साथ बलात्कार किया।

छात्रा ने अपने माता-पिता को आपबीती सुनाई, जिसके बाद महिला आयोग की मदद से मराठाहल्ली थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। यह घटनाएं एक महीने पहले हुई थीं, लेकिन छात्रा ने हाल ही में अपने माता-पिता को जानकारी दी। इसके बाद कर्नाटक राज्य महिला आयोग को शिकायत दी गई। पूर्वी डिवीजन के संयुक्त पुलिस आयुक्त रमेश बानोथ ने कहा कि मामला 5 जुलाई को दर्ज किया गया।

## क्रिकेटर दयाल की गिरफ्तारी पर रोक, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा, पांच साल तक मूर्ख नहीं बना सकते

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने क्रिकेटर यश दयाल की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। यह रोक एक महिला के कथित यौन शोषण के मामले में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर के संबंध में थी। रिपोर्ट के अनुसार, यह रोक क्रिकेटर दयाल के खिलाफ एक महिला के कथित यौन शोषण



के मामले में दर्ज एफआईआर के संबंध में लगी थी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए खेलने वाले दयाल पर महिला ने शादी का वादा करके यौन शोषण का आरोप लगाया है। महिला के अनुसार, दोनों की मुलाकात करीब पाँच साल पहले हुई थी। 27 वर्षीय यश दयाल पर 6 जुलाई को गाजियाबाद जिले के इंदिरापुरम पुलिस स्टेशन में (धोखे से यौन संबंध बनाना आदि) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

बीते हफ्ते, क्रिकेटर ने उच्च न्यायालय का रुख कर अपनी गिरफ्तारी पर रोक लगाने और अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति अनिल कुमार की पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि किसी को पांच साल तक मूर्ख नहीं बना सकते है। पीठ ने मौखिक रूप से टिप्पणी की, आपको एक दिन, दो दिन, तीन दिन तक मूर्ख बनाया जा सकता था। लेकिन पांच साल... आप पांच साल के लिए रिश्ते में प्रवेश कर रहे हैं... किसी को पांच साल तक मूर्ख नहीं बनाया जा सकता।

पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में महिला ने आरोप लगाया है कि दयाल ने शादी का झूठा वादा करके उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। महिला ने आरोप लगाया, क्रिकेटर दयाल ने शादी का झूठा वादा करके मेरे साथ बार-बार शारीरिक संबंध बनाए और मुझे अपने परिवार से मिलवाया, जिन्होंने मुझे उनकी बहू बनाने का वादा किया। मैंने पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ रिश्ता निभाया।

## पीएम मोदी और शाह को जान से मारने की धमकी

### वीसीके पार्टी नेता एझिल मारन पर गंभीर आरोप

चेन्नई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एच. राजा ने विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके) पार्टी के नेता एझिल मारन पर गंभीर आरोप लगाकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। भाजपा नेता ने चेन्नई के पुलिस आयुक्त को एक औपचारिक शिकायत सौंपते हुए आरोप लगाया है कि उन्हें धमकी भरा पत्र मिला है। अपनी शिकायत में बीजेपी नेता राजा ने कहा कि एझिल मारन के पत्र में भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल है और इसमें कथित तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की हत्या की



धमकी दी गई है।

राजा के अनुसार, पत्र में कहा गया है कि जब प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह अगली बार तमिलनाडु आएंगे, तब उनके खिलाफ देसी बम का इस्तेमाल होगा। इस धमकी में तमिलनाडु के पूर्व भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई और खुद एच. राजा को भी चुनौती दी गई है।

भाजपा नेता राजा ने चेन्नई पुलिस से त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने मांग की कि मारन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की उचित धाराओं, खासकर आपराधिक धमकी और देशद्रोह के तहत मामला दर्ज की जाए।

इसके अलावा, राजा ने मामले की विस्तृत जांच की मांग कर सुरक्षा व्यवस्था का अनुरोध किया। बीजेपी नेता राजा ने दावा किया कि उनके पास धमकी भरे पत्र की मूल प्रति मौजूद है, जिसे वह सबूत के तौर पर देने को तैयार हैं। उन्होंने राष्ट्रीय नेताओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जताकर कड़ी कानूनी कार्रवाई और एहतियाती उपायों की मांग की, ताकि कोई भी अप्रिय घटना न हो।




# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्या

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 15 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर मृणाल मीणा की अध्यक्षता में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ एवं अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे ने अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग को उनका निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 100 आवेदक अपनी समस्या लेकर आए थे।**



जनसुनवाई में भटेरा चौकी वार्ड न.02 बालाघाट के संतोष सोनवाने शिकायत लेकर आए थे कि द रॉयल हेरिटेज इंग्लिश स्कूल बालाघाट द्वारा उसके बच्चो की टीसी नहीं दी जा रही है। संतोष का कहना था कि उसके 02 बच्चे सत्यम और पूजा इस स्कूल में पढ़ रहे थे। अब वह अपने बच्चो का एडमिशन अन्य स्कूल में कराना चाहता है, लेकिन द रॉयल हेरिटेज इंग्लिश स्कूल के प्राचार्य द्वारा उससे 23 हजार रुपये फीस जमा करने की मांग की जा रही है और यह राशि जमा करने पर ही टीसी देने कह रहें है। इसी प्रकार की शिकायत खैरलांजी तहसील के ग्राम नवेगांव-03 के रामचंद बिसेन लेकर आए थे। उनका कहना था कि उनका पुत्र नैतिक बिसेन सन राईज पब्लिक स्कूल डोंगरमाली में कक्षा सातवीं में अध्ययनरत है, लेकिन स्कूल की फीस अधिक होने और वहां का रवैया ठीक नहीं होने के कारण वह अपने पुत्र को अन्य स्कूल में पढ़ाना चाहता है। उसके द्वारा स्कूल की फीस भर दी गई है, इसके बाद भी उसे टीसी नही दी जा रही है। इस पर कलेक्टर श्री मीणा ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि संतोष सोनवाने एवं रामचंद बिसेन के बच्चे जिस अवधि तक स्कूल में अध्ययनरत थे उस अवधि की फीस जमा कराकर उनकी टीसी दिलवाई जाए।

जनसुनवाई में बालाघाट तहसील के ग्राम पाथरवाड़ा का आशिष मेश्राम प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की दावा राशि नहीं मिलने की शिकायत लेकर आया था। आशिष का कहना था कि उसकी माता ईमलाबाई मेश्राम का सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में बचत खाता है और उसके द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में अपना बीमा कराया गया था। माता ईमलाबाई की 04 अगस्त 2022 को मृत्यु हो गई है, लेकिन उसे अब तक बीमा की दावा राशि का भुगतान नहीं किया गया है। इस पर कलेक्टर श्री मीणा ने अग्रणी बैंक प्रबंधक को प्रकरण की जांच कर दावा राशि दिलाने के निर्देश दिये। बैहर विकासखंड के ग्राम पंचायत पाथरी की सरपंच आदिवासी कन्?या आश्रम पाथरी में छात्रावास अधीक्षक की व्यवस्था करने की मांग लेकर आयी थी। उनका कहना था कि वर्तमान में कन्या आश्रम पाथरी में कोई भी अधीक्षक नहीं है, जिसके कारण आश्रम में रहने वाली बालिकाओं को भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। इस पर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

लालबर्रा तहसील के ग्राम बरघाट का निवासी योगेश चौधरी अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने की मांग लेकर आया था। योगेश का कहना था कि उसके पिता मूलचंद चौधरी संविदा शाला शिक्षक वर्ग-03 के पद पर पदस्थ थे। उनका 14 जुन 2025 को निधन हो गया है। अत: उसे शासन के नियमों के अनुसार अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की जाए। इसमें जिला शिक्षा अधिकारी को प्रकरण का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। जनसुनवाई में वारासिवनी तहसील के अंतर्गत ग्राम खापा में खसरा न.743/11 की भू-दान की जमीन को बेचे जाने की शिकायत आयी थी। इस पर कलेक ?टर श्री मीणा ने वारासिवनी तहसीलदार को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार तिरोड़ी तहसील के ग्राम महकेपार का हंसराज मेश्राम तहसील कार्यालय में उसकी भूमि पर कब्जे का प्रकरण दर्ज नहीं किये जाने की शिकायत लेकर आया था। इस पर कलेक्टर श्री मीणा ने तिरोड़ी तहसीलदार को कब्जे का प्रकरण दर्ज कर उसके सुनवाई करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में वारासिवनी तहसील का किन्हेकर सोनवाने शिकायत लेकर आया था कि बिल्डर व कॉलोनाइजर प्रबल मिश्रा व जितेंद्र उर्फ जीतू नगपुरे द्वारा सर्व सुविधायुक्त कॉलोनी का लालच देकर प्लॉट बेचने व मकान बनाकर देने की धोखाधड़ी की गई है। उसने बताया कि सुविधायुक्त कॉलोनी के नाम पर कॉलोनी की सुविधा परिपूर्ण नहीं है। बारिश के पानी के निकासी की सुविधा नहीं है, पानी घर के अंदर घुस रहा है। जिससे घरेलू सामान खराब हो गए है। आगामी समय बारिश का ही जिसमें कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कलेक्टर श्री मीणा ने एसडीएम वारासिवनी को प्रकरण की जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

बिरसा तहसील की लक्ष्मी नाग शिकायत लेकर आयी थी कि उसकी भूमि में अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिस कारण से वह प्रधानमंत्री आवास निर्माण कराने में असमर्थ है। लक्ष्मी ने बताया कि उसकी समस्त भूमि धोखाधड़ी से बिक्री करवा ली गई है। साथ ही पैतृक भूमि में स्वयं के कब्जे को पांच साल में अवैध कब्जा धनकराम व चंदूलाल का नाम दर्ज करवा लिया गया है। अत- उसे पैतृक भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना बनाने दिया जाए। इस मामले में सीएमओ मलाजखंड को शीघ्रता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

जनसुनवाई में सेवानिवृत्त सहायक पशु चिकित्क क्षेत्र अधिकारी आईडी बारेकर शिकायत लेकर आए थे कि वह 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत्त हो गए है। उनके द्वारा 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर विभाग द्वारा चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृत किया गया है, लेकिन सेवानिवृत्ति के 08 माह बीत जाने के बाद भी उनका डीए का एरियर्स, अवकाश नगदीकरण की अंतर की राशि, ग्रेज्युविटी की अंतर की राशि एवं पेंशन के अंतर की राशि का अब तक भुगतान नहीं किया गया है। जिसके कारण उसे आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर श्री मीणा ने उपसंचालक पशु चिकित्सक सेवा को प्रकरण की जांच कर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।

# लड़की का अपहरण और दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी शोहेल कादरी को 10 वर्ष की सश्रम कारावास

## आईटी एक्ट में एक लाख रुपये अर्थदंड

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। विद्वान सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण की विद्वान अदालत ने एक 21 वर्ष की लड़की का अपहरण और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपी को 10 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई। यह आरोपी शोहेल कादरी उर्फ सोहेल कादरी पिता



अब्दुल रहमान 25 वर्ष ग्राम नेवरगांव थाना लालबर्रा निवासी है। इस आरोपी को 10 वर्ष की सश्रम कारावास के अलावा उसे एक लाख, दो हजार, एक सौ रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया। जिले का यह पहला ऐसा दुष्कर्म का मामला है जिसमे आईटी एक्ट के तहत आरोपी को 3 वर्ष की सश्रम कारावास के साथ एक लाख रुपये अर्थदंड से दण्डित किया गया है। इस आरोपी के विरुद्ध लड़की का अपहरण कमरे में बंद कर उसके साथ दुष्कर्म और आपत्तिजनक वीडियो बनाने का भी आरोप है। अर्थदंड की राशि में से एक लाख रुपये पीड़िता को देने के भी आदेश विद्वान अदालत ने दिए है। अभियोजन के अनुसार इस 21 वर्षीय लड़की की। आरोपी युवक सोहेल कादरी से पहचान स्कूल में पढ़ाई करने के दौरान हुई थी। उसे समय दोनों की सामान्य रूप से बातचीत होती थी ।स्कूल बंद होने के बाद दोनों की बातचीत बंद हो गई। घटना के 6,7 माह पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से आरोपी सोहेल कादरी ने लड़की से बात की थी। इंस्टाग्राम में भी दोनो की सामान्य रूप से बात होती थी।किंतु बाद में दोनों मोबाइल से बात करने लगे थे। इस लड़की की बहन की शादी में आरोपी सोहेल कादरी आया था और उसने इस लड़की के साथ कुछ फोटो भी लिए थे। इसके बाद लड़की ने आरोपी सोहेल कादरी को बात करने से मना कर दी थी। इसके बाद आरोपी सोहेल कादरी इस लड़की को डराता धमकाने लगा था कि वह फोटो घर में दिखा देगा ।लड़की डर के कारण आरोपी सोहेल कादरी से बात करती रही। 10 मई 2023 को आरोपी सोहेल कादरी लड़की के घर के पास आकर उसने फोन किया और बोला कि तुमसे मिलना है किंतु इस लड़की ने उससे मिलने से मना कर दी थी। इसके बाद आरोपी सोहेल ने इस लड़की को घर आकर फोटो मम्मी पापा को दिखाने की बात कही थी। डर के कारण 3-00 बजे यह लड़की घर से बाहर निकाल कर मंदिर वाली रोड तक पहुंची और वहां से आरोपी सोहेल कादरी ने उसे मोटरसाइकिल से जबरदस्ती बैठा कर एक गांव के प्लांट में ले गया और कमरे में ले जाकर उसे डरा धमका कर हाथ झापड़ से मारपीट किया और आरोपी सोहेल कादरी ने इस लड़की के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया था। इस घटना के बाद आरोपी सोहेल कादरी ने इस लड़की को मोटरसाइकिल से उसके घर के पास लाकर छोड़ दिया और किसी को यह बात बताने पर बदनाम कर देने की धमकी दिया था। 11 मई 2023 को इस लड़की ने पुलिस थाना लांजी में रिपोर्ट की थी। लांजी पुलिस ने इस लड़की द्वारा की गई रिपोर्ट पर आरोपी सोहेल कादरी के विरुद्ध धारा 366 376 342 323 भादवि और धारा 66(ई) आईटी एक्ट तहत अपराध दर्ज कर उसे इस अपराध में गिरफ्तार किया और विवेचना अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र विद्वान अदालत में पेश किया गया था। हाल ही में यह मामला विद्वान सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण की अदालत में चला। जहां अभियोजन पक्ष आरोपी शोहेल कादरी उर्फ सोहेल कादरी ग्राम नेवरगांव थाना लालबर्रा निवासी के विरुद्ध आरोपित अपराध सिद्ध करने में सफल रहा। जिसके परिणाम स्वरूप विद्वान अदालत ने प्रकरण की तथ्यों, परिस्थितियों एवं अपराध की प्रकृति को देखते हुए आरोपी शोहेल कादरी उर्फ सोहेल कादरी को धारा 342 भादवि के तहत अपराध में तीन माह का सश्रम कारावास 100 रुपये अर्थदंड, धारा 366 भादवि के तहत अपराध में 10 वर्ष का सश्रम कारावास और 1000रुपये अर्थदंड, धारा 376 भादवि के तहत अपराध में 10 वर्ष का सश्रम कारावास और 1000 रुपये अर्थदंड, धारा 66 (ई) आईटी एक्ट के तहत 3 वर्ष का सश्रम कारावास और 100000 रुपये अर्थदंड से दंडित किये। विद्वान अदालत ने अर्थदण्ड की राशि मे से एक लाख रुपये पी?ता को क्षतिपूर्ति बतौर देने के भी आदेश दिए हैं और इस मामले में शासन की ओर से लोक अभियोजक मदन मोहन द्विवेदी द्वारा पैरवी की गई थी।

आवश्यकता है
• साफ-सफाई कर्मचारी-02 पद
(NIGHT DUTY/PART-TIME)
सेलरी-योग्यतानुसार
संपर्क- +91-8819924499
(10:00 AM - 05:00 PM)

# राज्य अलग हुए बीत गए 25 वर्ष, अब तक नही हटाई गई बंधनकारी धारा

## मप्र छग.राज्य पुर्नगठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) को किया जाए विलोपित, मप्र वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन ने सौपा ज्ञापन

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। पेंशनर्स एसोसिएशन की वर्षों से कई मांगे लंबित है जिन पर शासन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।ऐसा आरोप लगाते हुए मप्र वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन जिला इकाई बालाघाट द्वारा मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा गया।जिसमें उन्होंने वर्षों से लंबित मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य के पुर्नगठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) को तत्काल हटाकर महंगाई राहत व एरियस का भुगतान किए जाने की मांग की है।

## दो राज्यो के बीच सहमति में फंसे पेंशनर

मध्यप्रदेश के पेंशनर्स, नियमित कर्मचारियों को मिल रहे 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता से दो प्रतिशत कम महंगाई भत्ता मिलने से परेशान है।



पेंशनरों का कहना है कि इससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिसकी मुख्य वजह मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य के पुर्नगठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) है, जिसे लंबे समय से पेंशनर, विलोपित करने की मांग कर रहे है।मंगलवार को एक बार फिर वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन ने, अधिनियम की इस धारा के कारण महंगाई भत्ता राहत में हो रहे नुकसान की ओर सरकार का ध्यानाकर्षण करवाते हुए धारा को विलोपित करने की मांग की।

## 25 वर्ष बीत गए अब तक नही हटाई गई धारा

पेंशनर संघ पदाधिकारियो ने बताया कि यूपी से अलग होकर बने उत्तराखंड, बिहार से अलग होकर बने झारखंड और आंध्रप्रदेश से अलग होकर बने तेलंगाना राज्य में, ऐसी कोई धारा नहीं है, केवल मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच ही ऐसा है, जिसके कारण दोनो ही राज्यो के पेंशनरों को नुकसान हो रहा है।आज इसे 25 वर्ष हो गए बावजूद इसके भी अभी तक इस धारा को नही हटाया गया है।

## धारा 49(6) की आड़ में पेंशनरों का किया जा रहा आर्थिक नुकसान- बिसेन

वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन उप प्रांत अध्यक्ष श्री बिसेन ने बताया कि आज प्रांतीय संगठन के आह्वान पर संपूर्ण मध्य प्रदेश के जिला मुख्यालय पर धारा 49 को विलोपित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा जा रहा है। क्योंकि इस धारा के माध्यम से मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकार पेंशनर्स को गुमराह कर रही है। केंद्र ने इस मामले में स्पष्ट कर दिया है कि राज्यों की इस नीति से उनका कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों ही राज्यों की सरकार पेंशनर्स का शोषण करने में लगी है और अब तक करीब 66 माह का एरियस सरकार ने हजम कर लिया है।नियमित कर्मचारियो को मिलने वाली राहत भत्ते के बाद अक्सर पेंशनरों को भत्ते के लाभ दिए जाने के लिए, यह धारा बाधक बन गई है। जिससे पेंशनरो को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार अक्सर राहत देने में जिस सहमति की बात करती है, पुर्नगठन अधिनियम की उक्त धारा के 6 बिंदुओं में कहीं भी हिन्दी या अंग्रेजी भाषा में सहमति का उल्लेख नहीं है।उन्होने आरोप लगाया कि शासन भी इसको लेकर माननीय न्यायालय को गुमराह करने का काम कर रहा है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि धारा 49(6) की आड़ में प्रदेश के पेंशनरों का आर्थिक नुकसान किया जा रहा है। उन्होंने एक बार फिर मुख्यमंत्री से मांग की कि प्रदेश के पेंशनरो के हित में उक्त धारा को विलोपित कर, पेंशनरों को राहत प्रदान करें।

# प्लॉट बेचते समय कॉलोनी नाईजर ने किए थे ढेरो वादे अब मूलभूत सुविधा को तरस रहे कॉलोनीवासी

## रहवासियों ने कॉलोनी नाईजर पर लगाया ठगी का आरोप, ग्राम पंचायत लामता का मामला ,रहवासियों ने सौपा ज्ञापन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला मुख्यालय के साथ-साथ अब कुछ कॉलोनी नाईजरो ने ग्रामीण अंचलों में भी अपनी पेठ बना ली है ।जो सर्व सुविधायुक्त कॉलोनी का निर्माण और तरह-तरह की सुविधा देने का प्रलोभन देकर लोगों को प्लाट बेच रहे हैं ।जहां वादों के अनुसार कॉलोनी में सुविधा न देकर रहवासियों को ठगने का काम कर रहे हैं। ताजा मामला जिला मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत लामता से सामने आया है जहां के एक स्थानीय कॉलोनी रहवासियों ने कॉलोनी नाईजर पर झूठे वादे करने और तरह-तरह के प्रलोभन देकर उन्हें प्लाट बेचकर उनके साथ ठगी किए जाने का आरोप लगाया है ।जिसकी शिकायत उन्होंने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जन सुनवाई में करते हुए मामले में वैधानिक कार्यवाही के साथ-साथ कॉलोनी में विभिन्न प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।



### मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे रहवासी

बताया गया कि कॉलोनी नाईजर ने प्रशासन से सभी प्रकार की अनुमति होने की बात कहते हुए, वैध कॉलोनी के नाम से प्लाट तो बेच दिए है, लेकिन 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी कॉलोनी वासियो को मूलभूत सुविधाए प्रदान नहीं की है। अब कॉलोनी में रहने वाले लोग सड़क, बिजली ,पानी, नाली, मंदिर व गार्डन जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे है। बताया गया कि इस कालोनी में वर्तमान में करीब 50 परिवार,निवासरत है ।वही गार्डन की भूमि भी कॉलोनी नाईजर द्वारा बेची जा चुकी है।

### प्लाट बेचते समय दिए थे तरह तरह का प्रलोभन

सर्व सुविधा युक्त कॉलोनी के नाम पर प्लाट लेकर, अपना आशियाना बनाने वाले लोग, सुविधाओं के आभाव में परेशान है, जिनकी ना तो प्रशासन और ना ही पंचायत द्वारा सुनवाई की जा रही है ।ग्राम पंचायत लामता की एक कालोनी में निवास करने वालो का आरोप है कि कॉलोनी नाईजर ने कॉलोनी में प्लाट विक्रय के दौरान, आवागमन में सुविधा, सीसी रोड, गार्डन, बिजली,पानी नाली और मंदिर की सुविधा देने की बात कही थी, लेकिन तरह तरह की सुविधाओ के नाम पर कॉलोनीवासियों के साथ छल किया गया है।

### कागज में दिखाई थी गार्डन की जगह

बताया गया कि प्लाट बेचते समय कॉलोनी नाईजर ने ढेर सारी सुविधाएं देने के नाम पर लोगों से तरह-तरह के वादे किए थे। लेकिन प्लाट बिकने के बाद कॉलोनी नाईजर ने अपने वादों को पूरा नहीं किया। जिसके चलते कॉलोनी में रहने वाले लोग अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं ।रहवासियों द्वारा बताया गया कि कॉलोनी नाईजर ने, गार्डन का सब्जबाग तो दिखाया लेकिन अब तक गार्डन बनाना तो दूर, गार्डन की जगह तक बेच दी है, यही नहीं सड़क बिजली पानी नाली मंदिर का वादा भी कॉलोनी नाईजर ने किया था ।लेकिन 5 वर्ष बीतने पर भी कोई सुविधा प्रदान नही की गई है।

### हमे इंसाफ चाहिए, प्रशासन करे हस्तक्षेप- कल्पना ठाकुर

कॉलोनीवासी श्रीमती कल्पना ठाकुर, सुशील कोचर, राम सिंह चौहान और नरेश धूले सहित अन्य ने सँयुक्त रूप से बताया कि ग्राम पंचायत लामता में कॉलोनी नाईजर ने एक कॉलोनी का निर्माण किया है वहां पर प्लाट काटकर प्लाट बेचे गए हैं हमें जरूरत थी इसलिए हमने प्लाट खरीदे है। कॉलोनी नाइजर ने उक्त कॉलोनी में सड़क बिजली पानी नाली गार्डन मंदिर सहित अन्य प्रकार की सुविधा दिए जाने का वादा किया था ।लेकिन 5 साल हो गए आज तक किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य या वादा पूरा नहीं किया है। सड़क नाली ना होने के चलते बारिश के समय में कॉलोनी में कीचड़ भर जाता है आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहां तक की बरसात का पानी घरों में घुस जाता है ।हमने इसकी शिकायत ग्राम पंचायत लामता में की थी। लेकिन कॉलोनी नाईजर ने लामता पंचायत में भूमि हस्तांतरित नहीं की है जिसके चलते पंचायत भी वहां पर निर्माण कार्य नहीं कर पा रही है। कॉलोनी वाले भी निर्माण कार्य नहीं कर रहे हैं ।हम अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। अभी वहां मंदिर बना हैं लेकिन वह भी व्यवस्थित नहीं हुआ है। वही गार्डन की जमीन भी कॉलोनी नाइजर द्वारा बेच दी गई है। करीब 50 परिवार उक्त कॉलोनी में निवासरत है। लेकिन सुविधाएं कुछ भी नहीं है। हमारी मांग है कि वादों के मुताबिक हमें सुविधा दी जाए। प्रशासन इस मामले में हस्तक्षेप करें और हमें इंसाफ दिलाए।

आवश्यकता है
दुकान में कार्य करने हेतु लड़कियों की आवश्यकता है
पता-ललित इंटरप्राइजेस
आजाद चौक, बालाघाट
मो. 7987292226

बेचना है
पूर्णतः सुसज्जित दुकान
(कास्मेटिक्स गारमेंट्स ज्वेलरी)
का सामान फर्नीचर सहित बेचना है
क्वीन्स फैशन
गौली मोहल्ला, बालाघाट
मो. 9926329401, 7746881529







बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# फुटकर व्यापारियों से 10 की जगह वसूला जा रहा 25 रु का पर्ची शुल्क ?

**फुटकर व्यापारियों ने जताया आक्रोश, सौपा ज्ञापन, कहा -18 प्रतिशत जीएसटी के नाम पर की जा रही अवैध वसूली , नपा कर्मचारियों के माध्यम से पर्ची शुल्क वसूले जाने की करी मांग , मांग पूरी न होने पर जन आंदोलन की भी दी चेतावनी**

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। नगरी क्षेत्र में सड़क किनारे फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले फुटकर व्यापारियों पर 18प्रतिशत जीएसटी लगाने और 10रू. की जगह उनसे 25रू. का पर्ची शुल्क वसूले जाने का एक ताजा मामला सामने आया है।जहां नगरी क्षेत्र के फुटकर व्यापारियों ने नपा के ठेकेदार पर पर्ची शुल्क के नाम पर अवैध वसूली किए जाने का आरोप लगाया है। तो वही 1 जुलाई से 18 प्रतिशत जीएसटी के साथ अधिक शुल्क वसूली किए जाने पर ऐतराज जताते हुए मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मामले की शिकायत की है। जहां जनसुनवाई में कलेक्टर व अन्य अधिकारियों से ठेकेदार की शिकायत करते हुए फुटकर व्यापारियों ने ठेकेदार की जगह नपा कर्मचारियों के माध्यम से फुटकर व्यापारियों से पर्ची शुल्क वसूल करने ,फुटकर व्यापारियों से नियम के तहत 10 रु प्रतिदिन का शुल्क लेने, शुल्क वसूली के नाम पर ठेकेदार की मनमानी व अवैध वसूली पर रोक लगाने और मामले में वैधानिक कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।जहां उन्होंने पर्ची शुल्क के नाम पर ठेकेदार द्वारा की जा रही इस अवैध वसूली पर रोक न लगाने पर समस्त फुटकर व्यापारियों को एक साथ लेकर नपा व ठेकेदार के खिलाफ जन आंदोलन किए जाने की भी चेतावनी दी है।**

### जीएसटी के नाम पर की जा रही जबरन अवैध वसूली

नगर पालिका क्षेत्र में फुटकर व्यापारियों से जीएसटी के नाम पर ठेकेदार के लोगो के द्वारा तय राशि से अधिक राशि की वसूली करने का मामला सामने आया है, जिसकी शिकायत करते हुए फुटकर व्यवसायियों ने बताया की जीएसटी के नाम पर जरुरत से ज्यादा ही ठेकेदार के लोगो के द्वारा जबरन वसूली की जा रही है जिससे वे परेशान है।उन्होंने बताया है की वे 10 रूपये की रसीद कटाते आये है अब जीएसटी का हवाला देकर ठेकेदार के लोगो के द्वारा 25 रूपये वसूल किये जा रहे है। जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मनमानी को रोकने के लिए वे कलेक्टर से शिकायत करने आये है।

### नपा के कर्मचारियों से कराए वसूली – नसीम

फुटकर व्यापारी अब्दुल नसीम खान ने बताया कि हमसे ठेकेदार के लोग अवैध वसूली कर रहे हैं। नियम के तहत 10 रु की जगह 25रु का पर्ची शुल्क लिया जा रहा है। जबकि उसकी रसीद भी नहीं दी जा रही है। रसीद मांगो तो बोलते हैं कि पहले दुकान का नाप जोक करेंगे उसके बाद रसीद देंगे।हमारी मांग है कि इस अवैध वसूली पर रोक लगाई जाए और ठेकेदार की जगह नपा के कर्मचारियों के माध्यम से राजस्व शुल्क वसूला जाए।



### तो समस्त फुटकर व्यापारी जन आंदोलन करेंगे- दिलीप गुप्ता

फुटकर व्यापारी दिलीप कुमार गुप्ता ने बताया कि पर्ची शुल्क के नाम पर ठेकेदार द्वारा अवैध वसूली की जा रही है। 10रु की जगह 25रु वसूला जा रहा है। जब नगर पालिका हमसे शुल्क वसूल करती थी तो 10रु लेती थी, लेकिन अब ठेकेदार द्वारा कभी रसीद देते हैं कभी रसीद भी नहीं देते और 25 रु शुल्क वसूल रहे है। 10 की जगह 20 रु का शुल्क और 5रु जीएसटी मिलकर कुल 25 रु की वसूली की जा रही है। अभी बरसात में काम धंधे कम हो गए है। हमारी कमाई भी नहीं हो पा रही है। अभी 1 तारीख से पैसे बढ़ाकर लिए जा रहे हैं। जो बचत होती है वह नगर पालिका को दे देंगे तो हम क्या खाएंगे ,हमारे भूखे मरने की नौबत आ जाएगी। हमारी मांग है कि नपा खुद इस व्यवस्था को देखे। किसी और को वसूली का ठेका ना दे, यदि हमारी मांग पूरी नहीं होती तो फिर समस्त व्यापारियों को एकत्र कर नपा व ठेकेदार के खिलाफ जन आंदोलन किया जाएगा।

### नपा और ठेकेदार की चल रही मनमानी- कारो लिल्हारे

वही इस मामले में नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष कारो लिल्हारे ने नगर पालिका और ठेकेदार की मनमानी चलने की बात कहते हुए मामले में वैधानिक कार्यवाही किए जाने की मांग की है।उन्होंने बताया कि कायदे से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के अनुरूप तो फुटकर व्यापारियों से वसूली ही नहीं किया जाना चाहिए लेकिन भाजपा शासित नगरपालिका ने अपने ही पूर्व मुख्यमंत्री के घोषणा को दरकिनार कर गरीब फुटकर व्यापारियों को प्रताड़ित करने ठेका दिया गया है।जब नगर पालिका बालाघाट द्वारा स्थाई अस्थाई दखल का टेंडर किया गया था तो हमने इसका खुलकर विरोध किया था।लेकिन हमारी नहीं सुनी गई। यदि 18 पर्सेंट जीएसटी भी लगाते हैं तो 12रु का शुल्क होता है। लेकिन ठेकेदार किसी से 25रू., किसी से 30रू., किसी से 50रू. तो किसी से 100रू. डेढ़ सौ रुपए की वसूली कर रहा है। 18 प्रतिशत की जीएसटी महज 2 रु होगी। लेकिन यहां 100 से सवा 100 गुना जीएसटी ठेकेदार द्वारा वसूली की जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष ने इसका संज्ञान लेना चाहिए।

## फसल डूबने की समस्या को लेकर खैरगांव के एक दर्जन से अधिक किसानों ने जनसुनवाई में दिया आवेदन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। चांगोटोला क्षेत्र के लगभग एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने जनसुनवाई में आवेदन दिया और बताया कि उनके ग्राम खैरगांव में 80 एकड़ भूमि पर तालाब है । जिसमें तालाब के पानी का उपयोग पूरे ग्राम के लोग करते हैं । यह तालाब सभी ग्राम के लोगों का है। किंतु अभी कुछ वर्षो से कुछ किसानों के द्वारा तालाब में फसल लगाई जाती है । फसल डूबने पर तालाब को खोल दिया जाता है। जिससे तालाब के नीचे लगी लगभग 300 एकड़ जमीन की फसल खराब हो गयी है उन्होंने इस विषय पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को संज्ञान लेने की मांग की है। आपको बता दे की मंगलवार को लगने वाली जनसुनवाई में चांगोटोला क्षेत्र के ग्राम खैरगांव के लगभग एक दर्जन से अधिक किसान मुख्यालय पहुंचे और उन्होंने बताया कि ग्राम खैरगांव के किसानो के लिए आपसी उपयोग हेतु करीब 80 एकड़ जमीन पर तालाब है। जिसमे बरसात का पानी भरने पर ग्राम के सभी किसान अपने-अपने खेतो में पानी चलाकर धान की फसल उगाने का कार्य करते है। यह आपासी तालाब ग्राम खैरगांव के नाम से जाना जाता है। जिससे लगभग 300 एकड़ जमीन में सिंचाई की जाती है। वर्तमान समय में आपासी तालाब खैरगांव में ग्राम के कुछ किसान धान उगाने का कार्य करते हैं। अपनी धान की फसल को डुबने से बचाने के लिए तालाब के बीच खांड जहां लगभग पानी 15 से 20 फीट भरा रहता है। जिसे तालाब के अन्दर धान उगाने और बीज खांड का पानी फोड़कर भगाने का कार्य करते है । जिससे नीचे की खेती करने वाले किसानो को पानी का बहाव ज्यादा होने के कारण नीचे का परहा नहीं लगा पाते एवं भारी नुकसान उठाना पडता है ।



पानी भगाने के कारण तालाब में पानी ना होने के कारण अगस्त ,सितम्बर में धान की फसल को पानी नहीं मिलता है। जिससे धान की फसल सुख जाती है। उन्होंने तालाब की जाँचकर , आपासी तालाब के अन्दर धान बोने वालो पर उचित कार्यवाही करने की मांग की हैं। खैरगांव से पहुंचे किसान लखनलाल लांजेवर ,दुर्गाप्रसाद राहागडाले, सीताराम , भूपेंद्र और अन्य किसानों द्वारा बताया गया कि इस प्रकार से तालाब के अंदर धान लगाकर जो लोग खेती कर रहे हैं । वह अधिक बारिश होने पर तालाब की मेड को तोड़ देते हैं । जिस कारण लगभग 300 से अधिक एकड़ पर लगी धान की फसल डूब और बह जाती है। जिससे किसानों को बहुत अधिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने राजस्व अधिकारी से इस पूरे मामले की जांच करवाने की मांग की है।

## कुम्हारी चक्काजाम मामले को लेकर ग्रामीणों ने जनसुनवाई में दिया आवेदन

**निष्पक्ष जांच की करी मांग, तीन लोगों पर नामजद और अन्य पर पुलिस ने की है शासकीय काम में बाधा और बिना परमिशन मार्ग बंद करने के आरोप में कार्यवाही**

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। ग्राम कुम्हारी के लगभग दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर को आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने बताया कि विद्युत समस्या को लेकर उनके द्वारा प्रदर्शन किया गया था, वह शांतिपूर्वक था और उन्होंने किसी प्रकार से कोई नियमों का उल्लंघन नहीं किया। उन्होंने शांतिपूर्वक ही मार्ग पर चक्का जाम किया था। किंतु कोतवाली थाना प्रभारी द्वारा उन्हें अनावश्यक लाठी चार्ज करते हुए उन पर थाने में लाकर मामला बनाया गया है। वह चाहते हैं कि इस पूरे मामले में न्याय उचित कार्रवाई हो और उनकी विद्युत समस्या को बहाल किया जाए। आपको बता दे की 14 जुलाई को ग्राम कुम्हारी में ग्रामीणों द्वारा विद्युत समस्या को लेकर बालाघाट नैनपुर मार्ग पर प्रदर्शन करते हुए मार्ग को बाधित करते हुए मार्ग पर चक्का जाम किया गया था। इसके बाद कोतवाली थाना प्रभारी द्वारा किए गए चक्का जाम को हटाया गया था जिसके बाद चक्का जाम को हटाने के बाद ग्रामीण पुलिस के खिलाफ ही लामबंद हो गए थे । ग्रामीणों का कहना था कि पुलिस ने लाठी चार्ज करते हुए गलत तरीके से उनके जाम को हटाया है। वह इस पूरे मामले में कोतवाली थाना प्रभारी को हटाए जाने की मांग करते हैं । इसी को लेकर पुन: 15 जुलाई को कुम्हारी के लगभग दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों द्वारा जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया है जिसमें उन्होंने इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच किए जाने की मांग की है।



### शांतिपूर्वक ढंग से ही अपना प्रदर्शन कर रहे थे – मसराम डहारे

ग्रामीण मसराम डहारे द्वारा बताया गया कि वह 14 जुलाई को विद्युत समस्या को लेकर ग्राम में शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे। राजस्व अधिकारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारीयों से शांतिपूर्वक ही चर्चा कर रहे थे , किंतु उसी समय कोतवाली थाना प्रभारी द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज करते हुए उन्हें हटाया गया। वह उसका विरोध करते हैं। इस पूरे मामले में जांच की जाए उन्होंने यह भी बताया कि उस मामले में पुलिस द्वारा उनके ग्राम के तीन व्यक्तियों को लाकर पुलिस ने थाने में बिठाया है और उन पर कार्रवाई की है जो कि गलत है , वह अधिकारियों से चर्चा कर विधुत समस्या का समाधान निकालने के लिये चर्चा ही कर रहे थे । उनके द्वारा किसी प्रकार का प्रदर्शन और शांति भंग नहीं की गई थी । उन्होंने किसी भी स्कूल को बंद नहीं किया था। वह सिर्फ शांतिपूर्वक ढंग से ही अपना प्रदर्शन कर रहे थे।

### पुलिस ने किया तीन प्रदर्शनकारियों पर कार्यवाही

चक्का जाम में प्रदर्शन कर रहे तीन प्रदर्शनकारियों को कोतवाली पुलिस ने 14 जुलाई को ही कोतवाली ला लिया था। जिन पर पुलिस अलग-अलग मामलों के तहत कार्यवाही कर रही है। जिसमें पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इस पूरे मामले में तीन लोगों पर नामजद और अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा और गलत तरीके से मार्ग को बंद करने सहित बलवा करने का आरोप लगाते हुए मामला कायम किया है । अन्य लोगों की वीडियो फुटेज के अनुसार पहचान की जा रही है। हालांकि अब इस पूरे मामले में पुलिस की ओर से कोई बयान जारी नहीं हुआ है। पुलिस सूत्र यही बता रहे हैं कि पुलिस ने इन तीन लोगों पर कार्रवाई कर चुकी है। और अन्य पर कार्यवाही भी होना हैं।

# झूठी निकली मोदी की गारंटी और भाजपा का घोषणा पत्र

**घोषणा पत्र के अनुरूप किसानों को नहीं मिल रहा समर्थन मूल्य, गेहूं का 27सौ, धान का 31सौ रु समर्थन मूल्य, सहित फ्री बिजली, बोनस, सब्सिडी की मांग , राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने सौपा ज्ञापन**

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। एक ओर सरकार द्वारा किसानों की आय को दुगना करने, उन्हें बढाकर समर्थन मूल्य देने और खेती को लाभ का धंधा बनाने की बात कही जाती है। तो वहीं दूसरी ओर यही सरकार सबसे ज्यादा किसानों के साथ ही धोखाधड़ी करती है। जहां चुनाव के पूर्व की गई घोषणा के अनुरूप उन्हें धान का 3100 रु तो वहीं गेहूं का 2700 रुपए समर्थन मूल्य नहीं दिया जाता और ना ही बोनस के रूप में घोषणा के अनुरूप दाम देने की बात कही जाती है। इसके अलावा सिंचाई के लिए फ्री बिजली और घोषणाओं के अनुरूप सब्सिडी का लाभ भी किसानों को नहीं मिल रहा है। प्रदेश के किसानों को भाजपा सरकार ने ठगने का काम किया है।ऐसा आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ द्वारा मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन सौपा गया है।जहां सौंपे गए इस ज्ञापन में महासंघ के पदाधिकारियो ने चुनाव के पूर्व भाजपा द्वारा जारी किए गए घोषणा पत्र और उन घोषणा पत्र पर मोदी की गारंटी को झूठ की गारंटी बताते हुए किसानों से किए गए सभी वादों को पूरा किए जाने की मांग की है।तो वहीं उन्होंने किसानों से जुड़ी स्थानीय सहित प्रदेश स्तरीय विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा है।जिसमे उन्होंने जल्द से जल्द सभी मांगे पूरी कर किसानों को राहत पहुंचाए जाने की गुहार लगाई है। इस दौरान राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला अध्यक्ष खोवेन्द्र तुरकर, जिला संगठन मंत्री धनसिंह पटले, जिला सचिव गितेंद्र बिसेन,जिला संयोजक ईश्वरी प्रसाद बिसेन, कटंगी तह. अध्यक्ष मीनेशराज तुरकर ,दीपक पुष्पतोड़े और चेतन लाल कटरे सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य व भारी संख्या में कृषक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### इन मांगों को पूरा करने की लगाई गुहार

संगठन पदाधिकारियो ने बताया कि केंद्र सरकार की टरफा योजना अंतर्गत बालाघाट जिले के किसानों को रबी सीजन सन् 2024-25 में चना फसल के प्रदर्शन हेतु किसानों से अंश राशि जमा करा कर बीज प्रदान किया गया था जिसका अनुदान राशि वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्त हो जाने के बाद भी विभाग द्वारा आज तक नही दी गई है। वर्ष 2025-26 हेतु मुंग उड़द फसल के प्रदर्शन हेतु बीज वितरित किए गए हैं जिसकी अनुदान राशि भी नहीं मिली है। वर्ष 2023-24 में भी टरफा योजना में चना बीज वितरित किया गया था जिसकी अनुदान राशि अनेकों किसानों को नहीं मिली है। ऐसे हितग्राही किसानों को राशि शीघ्रता से प्रदान की जाए। जिले की धान उत्पादक समितियों से अन्नपूर्णा योजना अंतर्गत खरीदी गई धान फसल बीज का आज दिनांक तक भुगतान नहीं किया गया है। उक्त योजनांतर्गत खरीद किए गए धान बीज भुगतान शीघ्र करने, पीएम फसल बीमा योजना अंतर्गत जिले की स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा कटंगी द्वारा वर्ष 2015-16 में केसीसी धारक लगभग 250 किसानों का फसल बीमा कराया गया था लेकिन बैंक शाखा कटंगी द्वारा समय पर बीमा कंपनी को प्रीमियम राशि का भुगतान नहीं करने की लापरवाही से सभी किसान फसल बीमा योजना से वंचित हो गए हैं। इस मामले में पूरे प्रकरण की जांच कर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा कटंगी से बीमा दावा राशि का मय ब्याज सहित भुगतान कराया जाए। स्थानीय सीएम राइज स्कूल में गरीब ग्रामीणों के बच्चों का भी एडमिशन कराए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा गया है।



### हम मोदी की गारंटी ढूंढने आए हैं- ईश्वरी बिसेन

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के जिला संयोजक ईश्वरी प्रसाद बिसेन ने बताया कि देश में जब भी जिस राज्य में चुनाव होता है वहां पर मोदी की गारंटी का कैम्पियन चलाया जाता है। आज हम कलेक्टर कार्यालय में मोदी की गारंटी को ढूंढने आए हैं। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में जब चुनाव हुए थे तब मध्य प्रदेश के भाजपा नेताओं द्वारा किसानों को मोदी की गारंटी दी गई थी, कि उनका धान 3100 रु और गेहूं 2700 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदा जाएगा। जो आज तक किसानों को प्राप्त नहीं हुआ है। इसके अलावा सिंचाई के लिए फ्री बिजली देने का भी वादा किया गया था, तो वहीं अन्य प्रकार के वादे किए गए थे जो आज तक पूरे नहीं हुए हैं। उन्होंने आगे बताया कि मध्य प्रदेश में टरफा नामक योजना चल रही है जिसकी सब्सिडी किसानों को नहीं दी गई है। अभी खेती का सीजन चल रहा है मजदूर नहीं मिल रहे हैं सरकार चाहती है कि किसान डीएसआर पद्धति से खेती करें और जिले के कई किसान इसी पद्धति से खेती भी कर रहे हैं। लेकिन हमारी मांग है कि पंजाब हरियाणा की तर्ज पर मध्य प्रदेश में भी डीएसआर पद्धति से खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 5000 रु की आर्थिक मदद दी जाए। तो वही जिले भर में नकली बीज खाद नकली दवाई की बिक्री काफी बढ़ गई है जिस पर तत्काल रोक लगाकर नकली कृषि उत्पाद बेचने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाए।वही कटंगी के सीएम राईज स्कूल में अधिकारियों कर्मचारियों के बच्चों का एडमिशन लिया जा रहा है। लेकिन किसानों के बच्चों का एडमिशन नहीं ले रहे हैं। हमारी मांग है कि गरीब किसानों के बच्चों का एडमिशन भी लिया जाए इसके अलावा अन्य मांगे हैं जिसको लेकर हमने ज्ञापन सौपा है।

## तहसील कार्यालय लामता के भृत्य पर निलंबन की कार्यवाही

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीणा ने अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर तहसील कार्यालय लामता के भृत्य काशीराम मेरावी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उसका मुख्यालय कार्यालय कलेक्ट्रेट बालाघाट निर्धारित किया गया है। तहसील कार्यालय लामता द्वारा 10 जुन 2025 को 41 जाति प्रमाण पत्र के प्रकरण एसडीएम कार्यालय बालाघाट में जमा करने के लिए भृत्य काशीराम मेरावी को दिये गए थे। लेकिन उसके द्वारा यह प्रकरण एसडीएम कार्यालय में जमा नही किये गए और तहसीलदार लामता को प्रकरणों के गुम हो जाने की सूचना दी गई। इस पर भृत्य काशीराम को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। लेकिन उसका जवाब संतोषजनक नहीं पाये जाने पर उसके विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई और तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## नशे से दूरी है ज़रूरी विशेष जनजागरूकता अभियान का हुआ शुभारंभ

### 15 से 30 जुलाई तक जिले में चलाया जाएगा व्यापक जनजागरूकता अभियान

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पुलिस मुख्यालय, के निर्देशानुसार प्रदेश में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक नशे से दूरी है ज़रूरी विषय पर विशेष जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में अभियान की औपचारिक शुरुआत 15 जुलाई को, पुलिस कंट्रोल रूम, बालाघाट में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से की गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक



आदर्शकांत शुक्ला एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री वैशाली सिंह, डीएसपी (अजाक) बिंदुसार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अभियान युवाओं सहित समाज के सभी वर्गों को नशे के प्रति सचेत करने और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने हेतु प्रारंभ किया गया है। नशीले पदार्थों की रोकथाम हेतु आमजन की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। नशे की लत न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि यह परिवारिक , सामाजिक विघटन, अपराध और हिंसा की जड़ भी बनती है। आगामी 15 दिनों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रैली, नुक्कड़ नाटक, बैनर-पोस्टर प्रदर्शनी, वीडियो स्क्रीनिंग, सोशल मीडिया प्रचार, जनसंवाद व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के अंतर्गत स्कूलों, कॉलेजों व सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ की जाएंगी। पोस्टर, बैनर व पंपलेट के माध्यम से जनजागरूकता फैलाई जाएगी। सोशल मीडिया, डिजिटल व प्रिंट मीडिया के माध्यम से सतत प्रचार-प्रसार किया जाएगा। वीडियो क्लिप्स व जनसंवाद से युवाओं को जागरूक किया जाएगा।

# खाद नही मिलने से सेवा सहकारी समितियों से मायूस होकर लौट रहे किसान

## आक्रोशित किसानों ने दी धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम की चेतावनी, शासन प्रशासन के प्रति जताई नाराजगी, 3 दिन का दिया अल्टीमेटम







लालबर्रा (पदमेश न्यूज)। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली सेवा सहकारी समिति जाम में 15 जुलाई को खाद वितरण की जानकारी लगने पर बड़ी संख्या में आसपास के किसान एकत्रित हो गये और सेवा सहकारी समिति कर्मचारियों के द्वारा उपलब्ध स्टॉक के अनुसार किसानों को खाद का वितरण कर दिया गया परंतु स्टॉक कम होने की वजह से वह सभी किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार खाद का वितरण नहीं कर पाया जिससे मौके पर सैकड़ो की संख्या में उपस्थित किसानों में शासन प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त हो गया और उन्होंने शासन की इस कर प्रणाली के प्रति नाराजगी व्यक्त की। खाद नहीं मिलने से आक्रोशित किसानों के द्वारा शासन प्रशासन को चेतावनी देते हुए तीन दिनों के अंदर आवश्यकता के अनुसार खाद उपलब्ध करवाने की बात कही गई है यदि तीन दिनों के अंदर समस्या का समाधान नहीं होता है तो किसानों के द्वारा बड़ी संख्या में एकत्रित होकर बालाघाट सिवनी हाईवे मार्ग पर धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम किये जाने की चेतावनी दी गई है। आपको बता दे कि मानसून सत्र प्रारंभ हो चुका है और सभी किसान खरीफ की फसल धान की रोपाई के कार्य में जुट चुके हैं जिन्हें रोपाई के साथ ही खाद की अत्यंत आवश्यकता पड़ रही है जिसके लिये वह आये दिन सेवा सहकारी समिति व गोदामों के चक्कर लगा रहे हैं परंतु उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है जिससे किसानों में शासन प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसी तरह 15 जुलाई को भी जाम समिति में जिला प्रशासन की ओर से खाद की खेप पहुंचाई गई थी जिसका वितरण समिति के कर्मचारियों के द्वारा किया जा रहा था जिसकी जानकारी लगते ही आसपास के किसान बड़ी संख्या में समिति पहुंचने लगे जिन्हें खाद की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण खाद नहीं मिल पाई और वे खाद नहीं मिलने के कारण मायूस होकर अपने घर वापस लौट गये। किसानों का कहना है कि सरकार अपने आप को किसानों की सरकार बताती है, किसानों की आय दुगुनी करने की बात करती है परंतु किसानों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सरकार नाकाम साबित हो रही है। किसानों को जब प्रमाणित बीज उपलब्ध नहीं करवा पाती है तो सरकार उन्हे बीज उपलब्ध नहीं करवा पाती है जिससे परेशान होकर किसानों को मजबूरी में बाजार से महंगे दामों में बीज खरीदना पड़ता है और जब रोपाई के साथ अपने खेतों में खाद का छिड़काव करने के लिये खाद की आवश्यकता पड़ती है तो उन्हे सरकारी गोदामों व सेवा सहकारी समितियों के अनेक बार चक्कर लगाने के बाद भी खाद नहीं मिल पाती है इस तरह से सरकार किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार खाद उपलब्ध नहीं करवा पा रही है जिससे किसानों की फसल प्रभावित हो रही है और फसल का उत्पादन भी कम होता है। यदि किसानों को समय पर खाद नहीं उनकी फसल पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगी। शासन प्रशासन से मांग है कि वे किसानों की आवश्कता का अनुसार खाद समय उपलब्ध करवाये जिससे फसल की पैदावार अच्छी हो सके।

### समिति में पर्याप्त नही है खाद

ग्राम पंचायत छिंदलई सरपंच प्रतिनिधि भीवराम मानेश्वर, किसान शिवलाल नगपुरे एवं युवराज तुलसीकर ने बताया कि खाद लेने सभी किसान सेवा सहकारी समिति जाम पहुंचे थे परंतु समिति में खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं होने के कारण कुछ किसानों को ही खाद का वितरण किया गया है, बाकी किसानों को बिना खाद लिये ही मायूस होकर वापस लौटना पड़ा हैं। वहीं कर्मचारियों का कहना है कि जिला प्रशासन के निर्देश है कि एक हेक्टेयर पर मात्र दो बोरी खाद किसानों को दिया जाना लेकिन पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं होने के कारण सभी किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है। श्री मानेश्वर ने बताया कि प्रदेश सरकार अपने आप को किसान हितैषी सरकार बताती है लेकिन उनके शासनकाल में किसानों को खाद, बीज के लिए परेशान होना पड़ रहा है यदि तीन दिवस के भीतर हमारी समस्या का समाधान हुआ तो सभी किसान मिलकर सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे।

### अग्रिम भंडारण नहीं होने के कारण बनी है समस्या - डी.के. लिल्हारे

शाखा प्रबंधक डी.के. लिल्हारे ने बताया कि प्रतिवर्ष सेवा सहकारी समितियों में खाद का अग्रिम भंडारण हो जाता था जिससे मई-जून के माह में किसानों को लगभग 60 प्रतिशत खाद उपलब्ध हो जाती थी परंतु इस वर्ष खाद का अग्रिम भंडारण बेहद कम हुआ है यही वजह है कि किसानों को खाद की पूर्ति नहीं हो पा रही है और वह परेशान हो रहे हैं जबकि हमारे द्वारा प्रतिवर्ष अप्रैल माह में ही प्रशासन को यूरिया, डीएपी, पोटाश, फास्फोरस सहित अन्य खाद की डिमांड भेज दी जाती है



लेकिन रेक नहीं लगने के कारण समितियों में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है जिससे लगभग 50 प्रतिशत खाद की कमी सेवा सहकारी समिति में बनी हुई है। श्री लिल्हारे ने बताया कि जिला कलेक्टर महोदय के द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं कि प्रति हेक्टेयर पर किसानों को अधिकतम दो बोरी खाद उपलब्ध करवाया जाना है और 2 हेक्टेयर पर 4 बोरी दिया जाना है वही जो बड़े किसान है जिनकी 30 से 40 एकड़ खेती है उन्हें अधिकतम 10 बोरी खाद की दिया जाना है परंतु जो छोटे किसान है उन्हें प्रमुखता से परमिट काटकर खाद दिया जाना है।

# 14 दिनों की पदयात्रा के बाद उज्जैन महाकाल नगरी पहुंचे पनबिहरी के भक्त



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत पनबिहरी में स्थित भीमाशंकर मंदिर से 1 जुलाई को उज्जैन, खाटूश्याम एवं केदारनाथ के लिए पदयात्रा रवाना हुई है। जो पैदल चलकर इन धार्मिक स्थलों में पहुंचकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करेंगें और 14 दिनों की कठिन पदयात्रा के बाद 14 जुलाई को अक्षय गोमेश्वर, अफसर यादव व यशवंत यादव उज्जैन भगवान महाकाल के दरबार में पहुंचे। जहां पर उनके द्वारा पूजा अर्चना कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त किया गया और खाटूश्याम व बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिये इनकी पदयात्रा रवाना हुई। आपको बता दें कि 1 जुलाई को बड़ी पनबिहरी स्थित भीमाशंकर मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के पश्चात भगवान का आशीर्वाद लेकर ये तीनों युवा उज्जैन, खाटू श्याम व केदारनाथ बाबा के दरबार में दर्शन के लिए रवाना हुए है। जिनके द्वारा अपने साथ दैनिक जीवन की सामग्री, भोजन की व्यवस्था सहित अन्य जरूरी सामान रखकर यह यात्रा प्रारंभ की गई है। जो 14 दिनों की कठिन पदयात्रा के बाद 14 जुलाई को बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन पहुंचे जहां पर उनके द्वारा बाबा महाकाल की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया और अपनी अगले तीर्थस्थल खाटूश्याम व बाबा केदारनाथ के लिये आगे बढ़े। इस दौरान उज्जैन में उनसे मिलने उनके गृहग्राम बड़ी पनबिहरी के कुछ युवा पहुंचे जिनके द्वारा उनसे मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना और आगे की तीर्थयात्रा के लिये उन्हें शुभकामनाएं दी गई।

# शासकीय उच्च. मा. विद्यालय टेंगनीकला में निःशुल्क साईकिल मिलने पर बच्चों के खिले चेहरे

## उपसरपंच के हस्ते 42 विद्यार्थियों को बांटी गई निःशुल्क साईकिल

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से 5 कि.मी. दूर ग्राम पंचायत टेंगनीकला स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गत दिवस शासन की निःशुल्क साईकिल वितरण योजना के अंतर्गत कक्षा नवमी के 21 बालक एवं 21 बालिकाओं सहित 42 ब'चों को साईकिल वितरित की गई और निःशुल्क साईकिल प्राप्त करने के बाद बच्चों के चेहरे खिले नजर आये एवं उन्होने अपनी खुशी जाहिर कर शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम उपसरपंच प्रदीप ढांडे, जनपद सदस्य प्रतिनिधि अरुण गौतम, पंच रमेश ठाकरे, राजेश गिरी, देवेंद्र मते, हिरदेश्वर ढांडे व योगेश भीमटे की प्रमुख उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस दौरान जब विद्यार्थियों को साईकिल प्राप्त हुई तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठें और निश्चित रूप से विद्यार्थियों को साईकिल मिलने से उन्हे स्कूल पहुंचने में सुविधा होगी



और वे समय पर स्कूल पहुंचकर शिक्षा अध्ययन कर पायेगें। इस अवसर शिक्षक डी. एन.चन्द्रवार, बी. आर. एडे, भूपेन्द्र पटले, श्रीमती ज्योति सूर्यवंशी, श्याम सुन्दर गनवीर, नितेश मात्रे, कु. मोहिनी गौतम, श्रीमती प्रीति सागर, नमाजी सहारे, श्रीमती ज्योति हरिनखेडे, श्रीमती दीपिका रोकडे, श्रीमती नीलेश्वरी नखाते, श्रीमती निरंजा चौहान एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# पुलिस ने चलाया नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान

## बच्चो को दिलवाई गई शपथ, रैली निकालकर दिया नशामुक्ति का संदेश






लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 15 जुलाई से लेकर 30 जुलाई तक पुलिस प्रशासन के द्वारा व्यापक नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत थाना लालबर्रा के द्वारा 15 जुलाई को व्यापक नशामुक्ति अभियान चलाया गया जिसमें स्कूली बच्चों के माध्यम से एक जनजागरूकता रैली निकाली गई जो नगर का भ्रमण करते हुये नारे लगाकर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया और बच्चों को शपथ दिलवाकर नशे से दूर रहने व अपने सगे संबंधियों, नाते रिश्तेदारों व परिचितों को भी नशे के दुष्प्रभाव से बचाने की शपथ दिलवाई गई। आपको बता दें कि पुलिस मुख्यालय बालाघाट के निर्देशानुसार व पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा के मार्गदर्शन में संपूर्ण जिले में नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान की शुरूआत 15 जुलाई से हुई है जो कि 30 जुलाई तक चलना है जिसमें प्रशासन के द्वारा विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाना है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मादक पदार्थ एवं नशे के दुष्प्रभाव से किशोर, युवा एवं अन्य नागरिकों को जागरूक करने एवं इसकी लत से छुटकारा दिलवाने के लिये यह अभियान चलाया जा रहा है। जिससे समाज में नशे की वजह से बढ़ रहे अपराध, पारिवारिक विवाद, नशे के दुष्प्रभाव से लोगों को बचाया जा सके। इस कार्यक्रम के तहत पुलिस की टीम वैदिक कॉन्वेंट स्कूल पहुंची जहां उनके द्वारा इस अभियान के संबंध में बच्चों को विस्तृत जानकारी देकर नशामुक्त बालाघाट की शपथ दिलवाई गई और नशामुक्त अभियान के बैनर तले रैली निकालकर नागरिकों को नशामुक्त होने का संदेश दिया गया। इस अवसर उपनिरीक्षक वैशाली उइके, सहायक उपनिरीक्षक दुर्गा जीजोते, आरक्षक हेमंत बिसेन, सुशील विश्वकर्मा एवं विजय हरदिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मूकबधिर और दिव्यांगजनों ने लाडली बहना की तरह पेंशन राशि बड़ा कर दिये जाने को लेकर सौंपा ज्ञापन



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कुछ दिव्यांग और मूकबधिर बच्चों द्वारा मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर आवेदन दिया गया है और मांग की गई है कि उन्हें जो शासन से 600 रूपये की पेंशन राशि दी जाती हैं उसे बढ़ाकर लाडली बहना के तरह 1250 रुपए किया जाए, वहीं मूकबधिर बच्चों का कहना है कि उन्हें ढाई हजार रुपए तक की राशि प्रति माह दी जाए । इसी विषय को लेकर उन्होंने जिला कलेक्टर को जनसुनवाई में आवेदन दिया है। आपको बता दे प्रदेश में सरकार बनने के बाद लाडली बहनों को 1250 रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी जा रही है। इसी प्रकार अब दिव्यांगजन और मुखबधिर भी चाहते हैं कि सरकार इसी प्रकार से आर्थिक पेंशन राशि को बढ़ा कर दे। मुखबधिरों को भी सरकार द्वारा संबंधित योजनाओं के तहत 600 रूपये की आर्थिक पेंशन सहायता राशि दी जाती है वह चाहते हैं कि उन्हें 600 रूपये को बढ़ाकर 2500 रुपए की आर्थिक सहायता राशि संबंधित योजना के तहत दी जाए । दिव्यांगजनों का भी कहना है कि उन्हें 600 रूपये की पेंशन को बढ़ाकर प्रति महीने लाडली बहना की तरह 1250 रुपए प्रति महीने दिया जाए । इसी मांग को लेकर मूकबधिर और दिव्यांगजनों द्वारा जनसुनवाई में आवेदन दिया गया है । आवेदन देने के दौरान मूकबधिरों द्वारा कलेक्टर कार्यालय में आवेदन लिखने के साथ उनकी भाषा को देखते हुए एक अलग ही नजारा देखने को मिला। यहां मूकबधिर बच्चे अपनी भाषा में अपनी पेंशन बढ़ाने की मांग कर रहे थे । जिन्हें हर कोई उनकी भाषा को देख रहा था । दिव्यांग अमन नामदेव ने बताया कि जिस प्रकार सरकार लाडली बहना को पैसा दे रही है। उसी प्रकार सरकार बनने से पहले उन्हें भी आर्थिक सहायता राशि बढ़ा कर दिए जाने की बात कही गई थी किंतु अभी तक वह घोषणा पूरी नहीं हुई है । वह चाहते हैं कि दिव्यांगजनों को भी आर्थिक सहायता राशि बढ़ा कर दी जाए।

# कोस्ते से मदनपुर सड़क का कब होगा निर्माण कार्य-ग्रामीणजन

## मार्ग पर फैली गिट्टी और कीचड़ से किसान और राहगीर परेशान







वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कोस्ते से मदनपुर सड़क बीते करीब २ वर्ष पूर्व स्वीकृत होना बताया जा रहा है। किंतु वर्तमान में यह सड़क खस्ताहाल में पड़ी हुई है जहां निर्माण को लेकर ठेकेदार के द्वारा गिट्टी तो डाल दी गई है वह भी आधे रास्ते तक डाली है। जिसके बाद मार्ग में बड़े.बड़े गड्ढे और कीचड़ से पूरा मार्ग सराबोर पड़ा हुआ है। ऐसे में उक्त मार्ग का उपयोग करने वाले किसान एवं राहगीरों को कई प्रकार की समस्या मार्ग में आ रही है। जहां आवागमन भी मुश्किल होता नजर आ रहा है वहीं दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कोस्ते के प्रारंभ में ही एक मार्ग महाराजपुर के लिए निकलता है जिसका उपयोग कोस्ते ,महाराजपुर सहित आसपास के ग्रामीण कासपुर होते हुए बालाघाट जाने के लिए उपयोग करते हैं। तो वहीं बड़ी संख्या में मार्ग किनारे लोगों की खेती भूमि स्थित है अभी खरीफ का सीजन प्रारंभ होने से खेती कार्य चालू हो गया है। जहां किसानों के द्वारा बैलगाडी ले जाना या मवेशियों को सड़क पर चलना दिक्कत का विषय बना हुआ है। रोड़ पर पड़ी गिट्टी मवेशियों के पैर में घाव कर रही है तो वहीं मोटरसाइकिल भी आवागमन के समय स्लिप होने से दुर्घटना ग्रस्त हो रही है। जबकि मार्ग निर्माण के लिए दो वर्ष पूर्व ही स्वीकृति मिल चुकी है जिसका निर्माण करने की जगह आधे रास्ते गिट्टी बिछा दी गई है उसके बाद कोई कार्य नहीं किया गया है। जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

### २ वर्ष से है मार्ग का अधूरा पड़ा है निर्माण कार्य-रूपचंद ठाकरे

ग्रामीण रूपचंद ठाकरे एवं सत्तू बिसेन ने बताया कि कोस्ते से मदनपुर मार्ग है जिस पर गिट्टी बिछा दी गई है। हमारे बैल इस पर चल नहीं पा रहे हैं गिट्टी उनके पैरों में गढ़ रही है अभी बारिश और खेती का मौसम चल रहा है ट्रैक्टर के आने जाने से बहुत ज्यादा कीचड़ हो गया है। यहां भी गड्ढे हो रहे हैं २ वर्षों से यह समस्या बनी हुई है सड़क यहां पर नहीं बनाई गई है। आने.जाने में बहुत ज्यादा दिक्कत होती है कीचड़ भी हो गया है हर किसी को समस्या है। रोड़ के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी स्पष्ट नहीं है कि कि लागत कितनी है किस मद से बननी है रोड़ के ठेकेदार का भी कोई पता नहीं है। अभी बीच में जानकारी हमें लगी की कोई दहीकर को यह काम दिया गया है २ वर्ष से मार्ग का काम चालू है। यहां समस्या लोगों को बनी हुई है किसान और राहगीर सभी परेशान है। यहां से लोग सीधे बालाघाट के लिए आना जाना करते हैं क्षेत्र के क्योंकि वारासिवनी होते हुए करीब ५ किलोमीटर से अधिक का फेर पड़ता है इसलिए यहां से बाईपास के रूप में लोग आना जाना करते हैं। हमारी मांग हैं की इसका जल्द निर्माण किया जाना चाहिए।

### इनका कहना है

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि यह मार्ग दो भागों में निर्माण किया जाना है जो खनिज मद से हैं जिसके लिए मौके पर अर्थ वर्क का कार्य कर दिया गया है। अब मार्ग का डामरीकरण और साइड सोल्डर का काम बचा हुआ है जो बरसात के कारण बंद है। बारिश का मौसम खत्म होते ही यह भी कार्य जल्द करवा दिया जायेगा।

**सिद्धार्थ जैन**
**एसडीओ पीडब्लूडी वारासिवनी**

# एक पेड़ माँ के नाम जवाहर नवोदय विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

## प्राकृतिक वातावरण को बचाए रखने वृक्षारोपण करना अवश्य है- प्रदीप जायसवाल

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल,प्राचार्य रणवीर सिंह, वरिष्ठ शिक्षक बी आर पटेल,जी एस पारधी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज दांदरे , मोनू लिमजे,रवि आरमों , प्रशांत कापटे, सुधीर शर्मा ,अशोक कुमार,जी एस यादव की मौजूदगी में प्रांरभ किया गया। मियांवाकी वन विकसित करने हेतु नवोदय विद्यालय समिति के द्वारा ५००० पौधे लगाने का इस सत्र में निर्णय लिया गया उसके अंतर्गत इस कार्य को गति प्रदान की। प्राचार्य रणवीर सिंह ने कहा की सांसे हो रही हैं कम आओ पेड़ लगायें हम पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव हो सके इन आपदाओं को कम करने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे। प्राकृतिक वातावरण



काफी शुद्ध व स्वच्छ रहे। वहीं पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा कि इस प्राकृतिक वातावरण को बचाए रखने के लिए वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए। अगर समय रहते ही प्राकृतिक को नहीं बचाया तो आने वाले दिनों में पृथ्वी पर निवास करने वालो को जल एवं वायु संकट से जूझना पड़ेगा। अत: प्राकृतिक को बचाने के लिए आम लोगों को प्राकृतिक की रक्षा करने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद अयाज अंसारी ने किया। इसके साथ ही प्रदीप जायसवाल ने स्मार्ट क्लास का निरीक्षण भी किया। विद्यार्थियों से बात कि केरल से आये विद्यार्थियों से भी रुबरु हुए । इस अवसर पर महेंद्र सिंह,ओम खोंड,एस के बनीक, दीपेश जैन, यशोधरा सिंह,संदीप गौर,उमेश नगपुरे, मधुसुधन चंद्रवार, सी एल देवांगन , रजनी तुरकर, के एल जामुनपाने ,श्रीराम गिरिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सब जूनियर बॉयज फुटबॉल चैंपियनशिप का हुआ शुभारंभ

## पहले दिन लीग मैंच में बालाघाट और सिंगरौली ने की जीत दर्ज





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में १५ जुलाई से मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ एवं बालाघाट जिला फुटबाल संघ के संयुक्त तत्वाधान में जूनियर बॉयज स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ किया गया। जिसमें पहले दिन पूर्व निर्धारित चार टीमों के मध्य दो मुकाबला करवाया गया। जिसमें पहला मैंच बालाघाट और मंडला के मध्य खेला गया। जिसमें दोनों टीमों के द्वारा जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया परंतु बालाघाट शुरू से ही मंडला पर अपनी बढ़त बनाए रखा। ऐसे में मंडला की टीम बढ़ते स्कोर के दबाव में एक भी गोल कर नहीं पाया। वहीं बालाघाट के द्वारा निर्धारित समय में १० गोल मार कर विजय श्री हासिल कर ली। तत्पश्चात दूसरा मैच प्रारंभ किया गया यह मैच सिंगरौली और बैतूल के मध्य खेला गया जिसमें दोनों टीमों का अच्छा प्रदर्शन देखने को मिला। जहां निर्धारित समय में सिंगरौली के द्वारा चार गोल किए गए तो वहीं बैतूल एक भी गोल करने में सफल नहीं हो पाया जिसे सिंगरौली के द्वारा जीत लिया गया। यह दोनों मैच काफी आकर्षक रहा जहां राह चलते लोगों के द्वारा रुक कर पूरे मैच का आनंद लिया जाता रहा। विदित हो की अंडर १४ सब जूनियर बॉयज इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता का ६ दिवसीय आयोजन प्रारंभ हो गया हैं। संपूर्ण प्रतियोगिता लीग पद्धति के आधार पर खेली जाएगी जिसमे रानी अवंती बाई स्टेडियम वारासिवनी में किया गया। इस टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश के ६जिलों की टीम प्रतियोगिता में भाग ले रही है। इसमें लीग के दूसरे दिन १६ जुलाई को बालाघाट सिवनी एवं सिंगरौली छिंदवाड़ा, १७ जुलाई को मंडला सिवनी एवं छिंदवाडा बैतूल के मध्य मैच खेले जाएंगे। जिसके बाद १९ जुलाई को ग्रुप ए ग्रुप बी का सेमीफाइनल एवं २० जुलाई को फाइनल खेला जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक गौरव सिंह पारधी ने बताया कि यह राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जो वारासिवनी में कराया जा रहा है। जिसमें से चयनित खिलाड़ियों को नेशनल के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा और उसमें चयनित खिलाड़ी नेशनल टीम के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। इस अवसर पर मैच कमिश्नर शाहरुख कुरैशी, मुकेश तेलासे ,नवीन अजल सिंह ठाकुर ,शिवानंद नैनपुर, दिलीप वासनिक ,आशीष राठौर, शैलेंद्र पारधी, देवेंद्र चौधरी ,गणेश ठाकुर ,संदीप भगत, कीर्ति बोपचे, गौरव पांचे एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# नशे से दूरी है जरूरी नशा मुक्ति अभियान का हुआ आयोजन

## पुलिस ने एनसीसी कैडेट के साथ निकाली जागरूकता रैली






वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर में पुलिस प्रशासन के तत्वाधान में १५ जुलाई को नशे से दूरी है जरूरी के अंतर्गत नशा मुक्ति अभियान का प्रारंभ किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक से एनसीसी एवं पुलिस टीम वारासिवनी के द्वारा जन जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। यह रैली सांदीपनि स्कूल से बालाघाट रोड़ होते हुए दीनदयाल चौक, बस स्टैंड ,जय स्तंभ चौक ,नेहरू चौक सहित विभिन्न चौक चौराहे एवं गलियों का भ्रमण किया गया। जहां नशे के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया तत्पश्चात जय स्तंभ चौक पर रैली का समापन किया गया। जिसके बाद पुलिस के द्वारा कमला नेहरू स्कूल में स्कूल स्टाफ एवं छात्र छात्राओं को नशे की भयावहता, सामाजिक दुष्परिणाम, तथा इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। जहाँ पुलिस टीम के द्वारा सभी को यह समझाया गया कि नशा केवल व्यक्तिगत नुकसान नहीं करता बल्कि परिवार समाज और देश की नींव को भी कमजोर करता है। इस कार्यक्रम के अंत में दोनों स्थान पर उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्त बालाघाट के संकल्प के साथ शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए जन जागृति अभियान चलाया गया। एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने चर्चा में बताया कि विभाग के निर्देश अनुसार नशा मुक्ति अभियान पखवाड़े का आयोजन किया गया है। जिसमें विभिन्न विषयों को लेकर लोगों को नशे के दुष्प्रभाव होने वाली बीमारियां एवं किस प्रकार यह परिवारों को तोड़ रहा है इसके बारे में लोगों को प्रेरित किया जा रहा है कि वह नशे से दूर रहे। खुशहाल जीवन व्यतीत करें यह सभी कार्यक्रम हर वर्ग के लिए आयोजित किए जाने हैं, ऐसे में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया था। जिसमें नगर का भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया गया है, वहीं कमला नेहरू स्कूल में भी कार्यक्रम किया गया और लगातार यह कार्यक्रम चलते रहेंगे। १५ जुलाई से यह प्रारंभ हुआ है जिसका समापन ३० जुलाई को किया जाएगा जिसमें विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इस अवसर पर पुलिस अधिकारी कर्मचारी एनसीसी अधिकारी एवं कैडेट मौजूद रहे।

# नपा परिषद में प्रेंसिडेंट इन काउसिंल का हुआ पुनर्गठन

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर पालिका परिषद वारासिवनी में अपने अधिकारो का प्रयोग करते हुये नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे ने मंगलवार को काम काज के संचालन के लिये प्रेंसिडेंट इन काउसिंल का पुर्नगठन कर ७ पार्षदो को सभापति के रूप में मनोनीत किया है। मनोनयन के बाद सभी सभापति अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुये पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के निवास पर आर्शीवाद लेने पहुंचे । प्रेंसिडेंट इन काउसिंल के पुनर्गठन में पार्षदो में श्रीमती रितू आलोक खरे को सामान्य प्रशासन विभाग, श्रीमती मधू सुनील जायसवाल को जल कार्य तथा सिवरेज विभाग, संदीप मिश्रा को लोक निर्माण, उद्वान, विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग, प्रवीण डोंगरे को राजस्व वित्त एवं लेखा विभाग, श्रीमती दीपा प्रवीण रूसिया को स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रंबधन विभाग, धर्मेश जोशी को योजना, यातायात, परिवहन एवं सूचना प्रौधोगिक विभाग तथा मदनलाल धार्मिक को शहरी गरीबी उपशमन विभाग का सभापति नियुक्त किया गया है।






# श्रीराम उच्च. माध्य. विद्यालय में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया

रामपायली/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। श्रीराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपायली में नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी के बैनर तले आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के २०० बच्चे व ग्राम रक्षा समिति के सदस्य थाना स्टाफ की उपस्थिति में पांपलेट वितरित कर रैली निकाली गई। व स्कूल परिसर में सभी को नशे से होने वाले नुकसानों के बारे में अवगत कराया। नशा नहीं करने की शपथ दिलाई ।

# अंबेडकर से आदिवासी ग्राम व्यवस्था की अनदेखी हुई?

भारतीय संविधान के निर्माण के समय जब भारत अपने भविष्य की नींव रख रहा था, तब यह सवाल उठना स्वाभाविक था कि लोकतंत्र की जड़ें कितनी गहरी और कितनी विकेंद्रित होंगी। संविधान सभा में बाबा साहेब अंबेडकर ने ग्राम स्वराज या पंचायती व्यवस्था के प्रति स्पष्ट विरोध जताया था। उनका कहना था-'इन गांवों में कुछ भी आदर्श नहीं है। ये लोग जातिगत भेदभाव, छुआछूत और सामाजिक अत्याचार के केंद्र हैं। गांव भारत की विकृति का स्रोत हैं, न कि उसकी शक्ति का।' कई विचारकों और आलोचकों का मानना है कि अंबेडकर ने पंचायतों का विरोध करते समय आदिवासी ग्राम व्यवस्था की वास्तविकता को नज़रअंदाज़ किया। समता, संवाद और सामूहिकता पर आधारित आदिवासी गांवों की स्वायत्त और लोकतांत्रिक शासनतंत्र की संरचना से संभवत- वे परिचित नहीं थे, या उसका मूल्यांकन उनकी प्राथमिकताओं में नहीं था। अंबेडकर ने संविधान सभा में पंचायतों को संविधान का अनिवार्य हिस्सा बनाने का विरोध किया। अंतत:, पंचायतों को संविधान के नीति निदेशक तत्वों के तहत अनुच्छेद 40 में स्थान मिला, न कि मूल अधिकारों या प्रशासनिक ढांचे में। इसका अर्थ था कि पंचायतों की स्थापना राज्य सरकारों की इच्छा पर निर्भर रहेगी, और यह बाध्यकारी नहीं होगी। यह परंपरागत स्वशासन व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा दिए जाने के ऐतिहासिक पहल की भ्रुण हत्या थी। *क्या अंबेडकर आदिवासी ग्राम व्यवस्था को समझ सके?*

आदिवासी समाज परंपरागत रूप से वर्णाश्रम व्यवस्था से बाहर रहा है। वहाँ जातिगत ऊँच-नीच की भावना नहीं है, बल्कि समता, सामूहिकता और श्रम के आधार पर सम्मान का बोध होता है। ग्राम सभा वहाँ न सिर्फ निर्णय लेती है, बल्कि विवाद निपटारे से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक का केंद्र होती है। उदाहरण के लिए झारखंड के हो, मुंडा, संथाल, उरांव, बिरहोर सहित लगभग सभी समुदायों की सामूहिक हित और न्याय पर आधारित पारंपरिक ग्राम व्यवस्था यथा मुंडा-मानकी, महतो, पड़हा, मांझी, पाहन, मांझी हाड़ाम, परगनैत, माझी परगना जीवंत हैं और सामाजिक तथा कानूनी मान्यता है। आदिवासी ग्राम व्यवस्था का आधार भूमि, जल, जंगल पर सामूहिक स्वामित्व है। यह उस निजी संपत्ति आधारित ग्राम व्यवस्था से भिन्न है जिस पैरोकार अंबेडकर थे। महात्मा गांधी ने जहाँ ग्राम स्वराज और पंचायतों को भारतीय लोकतंत्र की आत्मा माना, वहीं अंबेडकर ने इसे सामाजिक अन्याय का स्रोत बताया। गांधी का मानना था कि गाँव आत्मनिर्भर और लोकतांत्रिक इकाई हो सकते हैं, जबकि अंबेडकर ने इसे 'अतीत की कुरीतियों का गढ़' कहा। हालाँकि अंबेडकर ने आदिवासी पंचायतों का प्रत्यक्ष उल्लेख कम किया लेकिन उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों के लिए अलग प्रशासनिक व्यवस्था, विशेष सुरक्षा और विकास आयोग की वकालत की थी। उनका मानना था कि आदिवासी समाज को मुख्यधारा की जातिवादी राजनीति से बचाकर, उन्हें स्वायत्तता और संरक्षण मिलना चाहिए। संविधान सभा में जयपाल सिंह मुंडा जैसे नेता आदिवासियों की आवाज बने थे। उन्होंने कहा था कि हम आदिवासी भारतीय सभ्यता के पहले नागरिक हैं, और हमारी सामाजिक संरचना भारत के संविधान की आत्मा के अधिक निकट है। यह वक्तव्य अंबेडकर की ग्राम व्यवस्था की आलोचना के बिलकुल विपरीत खड़ा होता है। *ऐतिहासिक और सामाजिक परिप्रेक्ष्य* संविधान सभा की बहस में अधिकांश सदस्यों का आग्रह था कि ग्राम स्वराज की पुरानी परंपरा के अनुसार देश के प्रशासन को चलाने का प्रावधान किया जाए। अंबेडकर ने व्यंग्य किया कि ऐसा प्रतीत होता है कि इन कथित बुद्धिजीवियों का ग्रामीण प्रेम सर चार्ल्स मेटकॉफ के भारत के गाँवों का वर्णन से प्रभावी है।

# मैं सर्वश्रेष्ठ हूं, यह आत्मविश्वास है लेकिन, मैं ही सर्वश्रेष्ठ हूं यह अहंकार!

पृथ्वीलोक पर सृष्टि में सबसे बुद्धिमान जीव मानव की जब से उत्पत्ति या संरचना हुई है, रचनाकर्ता ने गुण अवगुण का पिटारा भी साथ में सृष्टि पर संलग्न कर दिया,इस सृष्टि पर सर्वश्रेष्ठ प्राणी मानव, अपनी बुद्धि कौशलता के आधार पर उस पिटारे में से चुनकर अपने जीवन यात्रा में सलंग्न करें!मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि पिटारे में कई गुणों के रूप में अच्छाई, आत्मविश्वास, परोपकार, नम्रता, दीनता, शांतिप्रियता, मनोबल, उत्साह जैसे हजारों पुष्प और अवगुणों के रूप में अहंकार, दुष्टता, गुस्सा, मैं मैं, धोखा, कुटिलता, क्रोध, द्वेष, दुष्चक्र रूपी हजारों बेशर्म की पत्तियां समाहित है। परंतु यह सब हम जीवों के ऊपर है कि इसमें सेहम कौनसा अल्टरनेटिव चुनकर अपने जीवन में अप्लाई करते हैं। साथियों बात अगर हम उस पिटारे में मानव द्वारा उठाए गए गुणों रूपी पुष्प, अवगुणों रूपी बेशर्म पत्तियों की करें तो हजारों वर्ष पूर्व आदि-अनादि प्राचीन काल से ही हमें इन दोनों स्वरूपी मानव की चर्चा इतिहास में दर्ज पढ़ने को मिली है, जिसका भारतीय स्तरपर राम-रावण कृष्ण-कंस वैश्विक स्तरपर हिटलर, अनेक तानाशाह सहित अनेक हमारे सामने उदाहरण हैं जो आज तक के युग में भी आधुनिक मानव इसी तर्ज पर भी हैं और आगे भी होते रहेंगे, बस हम इस आर्टिकल द्वारा सीखना है कि उस पिटारे में से हमें पुष्प ही चुनकर लेनाहै न कि बेशर्म की पत्तियां हर उदाहरण में मेरा पक्ष सकारात्मकता की ओर है। साथियों बात अगर हम आज के विषय आत्मविश्वास और अहंकार की करें तो इन दोनों शब्दों में ही पिटारे के गुण- अवगुण का मूल समाया हुआ है सबसे पहले हम चर्चा आत्मविश्वास की करेंगे कि हर व्यक्ति को यह पुष्प उसके जीवन की सफ़लता के हर पड़ाव पर अत्यंत जरूरी है उसे सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए आत्मविश्वास उसकी सफ़लता की पहली सीढ़ी है जिसके सहारे वह आगे बढ़ने में सक्षम होगा। साथियों आत्मविश्वास मनुष्य के अंदर ही समाहित होता है। आपको इसे कहीं और अन्य जगह से लाने की जरूरत नहीं है। यह आपके अंदर ही है, बस जरूरत है अपने अंदर की आंतरिक शक्तियों को इकट्ठा कर अपने आत्मविश्वास को मजबूत करने की, वर्तमान समय में अगर हमें कुछ पाना है, किसी भी क्षेत्र में कुछ करके दिखाना है, जीवन को खुशी से जीना है, तो इन सबके लिए आत्मविश्वास का होना परम आवश्यक है। आत्मविश्वास में वह शक्ति है जिसके माध्यम से हम कुछ भी कर सकते है। आत्मविश्वास से हमारी संकल्प शक्ति बढ़ती है और संकल्प शक्ति से बढ़ती है हमारी आत्मिक शक्ति। साथियों बात अगर हम आत्मविश्वास के बल पर वैश्विक प्रसिद्ध महामानव द्वारा अपने विज़न की सफलताओं की करें तो, इसी आत्मविश्वास ने कोलंबस को अमेरिका की खोज़ में सहयोग दिया था। नेपोलियन ने इसी शक्ति से ओतप्रोत होकर अपने सेनापति से कहा था कि यदि आल्पस पर्वत हमारा मार्ग रोकता है तो वह नहीं रहेगा और सचमुच उस विशाल पर्वत को काटकर रास्ता बना लिया गया। महात्मा गांधी भी इस आत्मविश्वास के बल पर सत्य और अहिंसा के अस्त्र बनाकर स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। अंतत: वे भारत माता की दासता रूपी बेड़ी को



काटने में सफल रहे। साथियों अब्राहम लिंकन ने अथक प्रयास कर दासों को मालिकों के शिकंजे से मुक्त कराया। उन्होंने अपनी डायरी में लिखा था कि मैंने अपने ईश्वर को वचन दिया है कि दासों की मुक्ति का कार्य अवश्य पूरा करूंगा। इमर्सन का कथन है-संसार के सारे युद्धों में इतने लोग नहीं हारते, जितने कि सिर्फ घबराहट से। इसलिए अपने ऊपर विश्वास रखकर ही आप दुनिया में बड़े से बड़ा काम सहज ही कर सकते हो और अपना जीवन सफल बना सकते हो। साथियों आत्मविश्वास एक ऐसा मंत्र है, जिसके आगे सारे संकट दूर हो जाते हैं। दृढ़ इच्छाशक्ति वाले के सामने मुसीबतों का पहाड़ भी सपाट मैदान की तरह बन जाते हैं और जिनके पास इसकी कमी होती है वह छोटी-मोटी समस्याओं से भी इतने घबरा जाते हैं कि उससे बचने के उपाय ढूंढ़ते-ढूंढ़ते खुद ही अपने आस पास के लोगों के लिए मुसीबत बन जाते हैं। इतिहास गवाह है कि कई लोगों ने केवल अपने आंतरिक ताकत के बल पर ही साम्राज्य कायम किया, नहीं तो एक सामान्य से मुखिया के घर में पैदा हुआ चंद्रगुप्त मौर्य कभी सम्राट नहीं बनता।

साथियों अगर हम इतिहासको खंगालें तो विश्व के अधिकांश महानतम व्यक्ति चाहे वो गांधी हों या फिर मार्क्स, सभी के जीवन की शुरुआत सधारण तरीके से हुई, कठिन परिस्थितियों से जूझते हुए उन्होंने अपने जीवन का सफ़र शुरू किया लेकिन आत्मविश्वास की दृढ़ता की वजह से ही कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए वैश्विक मानव की श्रेणी में पहुंचे। साथियों बात अगर हम अहंकार की करें तो प्राचीन काल से लेकर आज तक के युग में जिसने भी अहंकार किया है या मैं मैं, मैं ही सर्वश्रेष्ठ हूं, मेरे जैसा कोई नहीं रूपी बेशर्म की पत्तियों का चुनाव किया है वह आखिर नष्ट हुआ है, यह अवगुण रूपी पिटारे की पत्तियां मानव को नष्ट कर डालती है,क्योंकि यह अवगुण मानव का शत्रु है जो किसी भी क्षेत्र में अपने आप को सर्वश्रेष्ठ समझकर और अहंकार करते हैं उनका विनाश हुआ है! अहंकार चूर चूर हुआ है,जो हमने रावण, कंस, हिटलर सहित आज के युग में भी अनेक मानव देखे हैं जिनका सब कुछ नष्ट हुआ है क्योंकि अहंकार की खाई रूपी फिसलन पर जिसने भी पैर रखा है वह उस खाई में फिसलता ही गया है, वह न केवल खुदको बल्कि अपने कुल, कुटुंब को भी इस खाई में धकेलकर बहा ले जाता है।

साथियों बात अगर हम पिटारे से पुष्प उठाने के सकारात्मक फायदों की करें तो हम कितने भी सर्वश्रेष्ठ हो परंतु मैं मैं का भाव कभी अपने अंदर नहीं घुसने देना है मानाकि तुम बहुत बड़े टॉप लेवल के अधिकारी, नेता, व्यवसाई, व्यापारी विधि विशेषज्ञ, स्वास्थ्य विशेषज्ञ, तांत्रिक विशेषज्ञ या किसी भी क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ विशेषज्ञ हो तो भाव यह होना चाहिए कि आप यह सोचिए कि आप के मुकाबले दुनिया में कोई और तुमसे अच्छा जरूर होगा,और सिर्फ़ मैं तक सीमित होना है नकि केवल मैं ही और मैं मैं को अपने अंदर पनपने देना है,क्योंकि यहीं से अहंकार, घमंड की उत्पत्ति होती है जिससे अपने आप को बचाना है, क्योंकि अहंकार असफलताओं का वह घड़ा है जिसका भरकर फूटना तय है जबकि नम्रता, नींवांपन और शांतिप्रियता सफ़ल जीवन का मूल मंत्र है।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आत्मविश्वास, सफलताओं की सीढ़ी है, मैं सर्व श्रेष्ठ हूं यह आत्मविश्वास है, लेकिन सिर्फ मैं ही सर्वश्रेष्ठ हूं यह अहंकार है,अहंकार सफ़लताओं का वह घड़ा है जिसका भरकर फूटना तय है, नम्रता,नींवांपन, ईमानदारी और शांतिप्रियता सफ़लजीवन के मूल मंत्र है।

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

# ट्रंप के टैरिफ वार पर जग हंसाई- दुनियाँ से दुश्मनी की नौबत आई- नोबेल शांति पुरस्कार पाने की चांस घटाई?

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ जानती है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अमेरिकी फर्स्ट्, टैरिफ, मेक अमेरिका ग्रेट अगेन,गैरकानूनी अप्रवासियों का मुद्दा सहित अनेको वादे किए थे जिन्हें पूरा करने के लिए वह हद से अधिक स्पीड से भिड़ गए हैं, परंतु में जल्दबाजी से कोई भी काम करना हानिकारक हो सकता है, इसपर भारत में कई कहावतें हैं, जैसे जल्दबाजी का काम शैतानी कम, धैर्य रखो सहित अनेकों कहावतें हैं। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि ट्रंप जब से चुनकर आए हैं,अपने चुनावी वादे बहुत जल्दबाजी से लागू करने उमड़ पड़े हैं, जबकि मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं के किसी भी काम, वादों, उम्मीदों को पूरा करने धैर्य से व संकल्प के साथ रणनीतिक रूप से काम करने कीजरूरत है, ताकि उसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिले। मेरे विचार में शायद ट्रंप साहब इस जल्दबाजी में ही काम कर रहे हैं, जिसका सटीक उदाहरण यह है कि जिस तरह वह निर्णय लेकर फिर उन्हें खारिज करना,या उन्हेंएक्सटेंशन देना एक बारगेनिंग नीति की और बढ़ रहे हैं, अफ्रीकी पांच देशों के के साथ सम्मेलन में व्यवहार, अनेक आर्थिक मजबूत देशों से व्यवहार सहित अनेक मुद्दों पर दबावतंत्र व दादागिरी का आभास हो रहा है,कि पूरी दुनियाँ से एक तरह से दुश्मनी की ओर पग बड़ा रहे हैं। क्योंकि वह अपने घरेलू यूरोपीय यूनियन पर भी टैरिफ लगाकर, चीन पर 145 पर्सेंट टैक्स लगाकर फिर पीछे हटना, सभी को टैरिफ का अल्टीमेटम देकर दबाव बनाना उचित नहीं है, इस बात का संयुक्त वक्तव्य ब्रिक्स सम्मेलन में भी दिया गया था। चूँकि ट्रंप जब से राष्ट्रपति बने हैं अपनी नीतियों, बयानों से सुर्खियों में रहे हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ट्रंप के टैरिफ वार पर जग हंसाई-दुनियाँ से दुश्मनी की नौबत आई?-नोबेल शांति पुरस्कार पाने की चांस घटाई साथियों बात अगर हम 12 जुलाई 2025 को मेक्सिको व यूरोपीय यूनियन पर 30 पेर्सेंट टैरि? 1 अगस्त 2025 से लागू करने की घोषणा करने की करें तो,उन्होंने इस संबंध में मैक्सिको और यूरोपीय संघ को लिखे पत्रों को अपने सोशल मीडिया हैंडल से शेयर करके जानकारी दी।ट्रंप के इस कदम से ट्रेड वॉर के और तीव्र होने की संभावना बढ़ गई है, खासकर ऐसे समय में जब यूरोपीय संघ अपने सहयोगी अमेरिका के साथ एक व्यापक व्यापार समझौते पर काम कर रहा है। 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ को अब अमेरिकी बाजारों में भारी बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है, ट्रंप की यह घोषणा इस सप्ताह की शुरुआत में जापान, साउथ कोरिया, कनाडा और ब्राजील से आने वाले सामानों पर टैरिफ में की गई बढ़ोतरी के बाद आई है।उन्होंने इन देशों से तांबे के आयात पर 50 प्रतिशत का भारी टैरिफ लगाया है।यूरोपियन यूनियन कमीशन की प्रेसिडेंट ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के फैसले पर कहा, यूरोपीय संघ के निर्यात पर 30 परसेंट टैरिफ अटलांटिक के दोनों ओर के व्यवसायों,उपभोक्ताओं और मरीजों को नुकसान पहुंचाएगा।हम 1 अगस्त तक समझौते की दिशा में काम करना जारी रखेंगे,साथ ही, हम 30 पेर्सेंट टैरिफ के इस फैसले पर उचित प्रक्रियात्मक कदम उठाने और यूरोपीय संघ के हितों की रक्षा के लिए तैयार हैं।इस चिट्ठी में कहा गया है कि मजबूत संबंधों के बावजूद, अमेरिका ने मैक्सिको के फेंटेनल संकट से निपटने के लिए उस पर टैरिफ लगाया है, इसके बारे में कहा गया कि यह आंशिक तौर पर मैक्सिको की तरफ से कार्टेल्स को रोकने में असफलता के कारण है,ट्रंप के अनुसार, मेक्सिको मुझे बॉर्डर सुरक्षित करने में मदद कर रहा है,लेकिन इस देश ने जो किया है वह काफी नहीं है,मेक्सिको ने अभी तक उन कार्टेल्सय को नहीं रोका है जो पूरे उत्तरी अमेरिका को नार्को-तस्करी के मैदान में बदलने की कोशिश कर रहे हैं. जाहिर है, मैं ऐसा नहीं होने दूंगा।अमेरिकी राष्ट्यपति ट्रंप ने मैक्सिको और यूरोपियन यूनियन (ईयू) पर 30 फीसदी तक टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है, इन देशों पर टैरिफ एक अगस्ति से लागू हो जाएगा, इससे पहले ट्रंप ने अमेरिका के सात छोटे व्यापारिक साझेदारों को टैरिफ की चिट्ठी भेजी है जिसमें फिलीपींस, ब्रुनेई, मोल्दोवा, अल्जीरिया, लीबिया, इराक और श्रीलंका जैसे देश शामिल हैं। साथियों बात अगर हम ब्राजील में दो दिवसीय ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के संयुक्त वक्तव्य पर ट्रंप के नाराजगी वाले बयान की करें तो,एक संयुक्त वक्तव्य में पीएमसहित ब्रिक्स नेताओं ने कहा कि हम एकतरफा टैरिफ और गैर-टैरिफ उपायों के बढ़ने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं, जो व्यापार को विकृत करते हैं और डब्ल्यूटीओ के नियमों के अनुरूप नहीं हैं। बयान में वैश्विक व्यापार में टैरिफ के बढ़ते उपयोग का भी उल्लेख किया गया। हालांकि इस दौरान नाम नहीं लिया गया, लेकिन सभी जानते हैं कि बात अमेरिका की हो रही है।इसके अलावा ब्रिक्स के साझा बयान में चेतावनी दी गई कि टैरिफ के निरंतर 'अंधाधुंध' उपयोग से वैश्विक व्यापार कम हो सकता है। इसके अलावा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो सकती है, तथा अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक और व्यापारिक गतिविधियों में अनिश्चितता पैदा हो सकती है, जिससे मौजूदा आर्थिक असमानताएं और बढ़ सकती हैं। तेहरान अब इस संगठन का पूर्ण सदस्य है और यह अपरिहार्य था कि संयुक्त वक्तव्य में इजरायल के साथ सैन्य संघर्ष और अमेरिका द्वारा उसके परमाणु प्रतिष्ठानों पर बमबारी का उल्लेख किया गया। अब सवाल ये हैं कि आखिर क्यों ट्रंप ब्रिक्स को निशाना क्यों बना रहा है। इसको लेकर पश्चिम के अर्थशास्त्री और नीति विश्लेषक चाहे जो भी कहें, ऐसा प्रतीत होता है कि यह गुट अपने समर्थक जुटा रहा है और अमेरिका तथा अन्य पारंपरिक शक्तियों के लिए चुनौती के रूप में उभर रहा है। उदाहरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए पसंदीदा मुद्रा के रूप में डॉलर को हटाने की बात करने को बल1 दे रहा है।इसके अलावा नव-विकसित,विकासशील और अल्प-विकसित अर्थव्यवस्थाओं पर इसके बढ़ते प्रभाव के कारण अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों के लिए सौदे करते समय शर्तें तय करना कठिन हो गया है। ब्रिक्स की स्थापना 2009 में हुई थी, इथियोपिया, संयुक्त अरब अमीरात और ईरान तथा 2025 में इंडोनेशिया भी इसमें शामिल होंगे। 6 महीने पहले ब्रिक्स करेंसी को लेकर जब समूह के देशों ने बड़ा ऐलान किया था, और डॉलर को चुनौती देने की बात कही थी, तो उस दौरान भी ट्रंप ने गुस्सा जाहिर किया था। ट्रंप ने कहा था कि ऐसे देशों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा। एक तरफ ट्रंप धमकियां दे रहे हैं तो दूसरी ओर उनकी धमकियों से ब्रिक्स देशों के बीच संबंध और ज्यादा मजबूत होते नजर आ रहे हैं।

**-किशन सनमुखदास भावनानीं**

# डिजिटल-क्रांति से ही नकली नोटों पर नियंत्रण संभव

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा हाल ही में जारी एक चौंकाने वाली रिपोर्ट ने न केवल अर्थव्यवस्था को, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और नागरिकों की जागरूकता को भी झकझोर कर रख दिया है। आरबीआई के गवर्नर द्वारा संसदीय समिति में प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024-25 में 500 रूपये के लगभग 1.8 लाख नोट नकली पाए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक हैं। यह संख्या किसी सामान्य अपराध की नहीं, बल्कि राष्ट्र के विरुद्ध एक षड्यंत्र की कहानी कहती है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। यह न केवल नकली मुद्रा के बढ़ते खतरे को रेखांकित करता है, बल्कि राष्ट्रविरोधी तंत्र की सुनियोजित साजिश का भी पर्दाफाश करता है। जबकि 2016 में नोटबंदी के ऐतिहासिक निर्णय के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भ्रष्टाचार, कालेधन और नकली नोटों के खिलाफ लढ़ाई उनकी प्राथमिकताओं में है। नोटबंदी केवल एक आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव रखने वाला साहसी एवं युगांतरकारी कदम था।

आज भारत को सिर्फ बाहरी सीमाओं पर नहीं, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी एक युद्ध लड़ना पड़ रहा है, नकली मुद्रा के खिलाफ, भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ और राष्ट्रविरोधी मानसिकता के खिलाफ। इसमें विजय तभी संभव है, जब हम सब डिजिटल भारत के निर्माण में सहभागी बनें। नकली मुद्रा का मुद्दा केवल एक आर्थिक अपराध नहीं है। यह एक प्रकार का आर्थिक आतंकवाद है, जिसका उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना, महंगाई को बढ़ाना, काले धन को बढ़ावा देना और आतंकवाद को वित्त पोषण देना है। ये नकली नोट अधिकतर सीमापार से संचालित तंत्रों द्वारा भारत में भेजे जाते हैं, जो भारत की राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक विकास और आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। इस तरह राष्ट्र के विरुद्ध षड़यंत्र, साजिश एवं बड़े खतरों को अंजाम दिया जा रहा है। क्योंकि नकली नोट बाजार में असली नोटों के साथ मिलकर मुद्रा व्यवस्था को प्रभावित करते हैं। आम नागरिक अनजाने में इन्हें ले लेता है और आर्थिक नुकसान उठाता है। यह काले धन और आतंकवाद को पोषित करता है। नकली नोट सरकारी योजनाओं की निष्पक्षता और वितरण प्रणाली को भी प्रभावित करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल क्रांति न केवल नकली नोटों को नियंत्रित करने का बल्कि राष्ट्र-विरोधी तत्वों को नेस्तनाबूद करने का सशक्त माध्यम है। यह मोदी की दूरदृष्टि एवं नये भारत-विकसित भारत के विजन की विजय है, उनके ही विचारों में और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी काली प्रवृत्तियाँ समाप्त होती है। नकली मुद्रा की संभावनाओं पर विराम लगता है, जिससे राष्ट्र-विरोधी तत्वों के षड़यंत्र एवं साजिशें नाकाम होती है। लेन-देन सेकंडों में पूरा होता है और उनमें सरलता भी रहती है। पासवर्ड आधारित सुरक्षा




डिजिटल लेन-देन केवल तकनीक नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। आज के भारत की अर्थव्यवस्था एक निर्णायक दौर से गुजर रही है। डिजिटल ग्राम योजना, ई-गवर्नेंस, डिजिटल साक्षरता अभियान यानी तकनीक को गाँव और गरीब तक पहुँचाने की पहल है। एक ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश डिजिटल इंडिया की ओर तेजी से बढ रहा है, वहीं दूसरी ओर नकली नोटों की बाढ़ एक अदृश्य आतंकवाद बनकर देश की अर्थव्यवस्था, समाज और सुरक्षा को चुनौती दे रही है। निस्संदेह, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिये डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिये अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नगद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए।

इस संकट की घड़ी में डिजिटल लेन-देन एक बड़ी राहत और समाधान बनकर उभरा है। यूपीआई, भीम मोबाइल वॉलेट्स, नेट बैंकिंग और कार्ड पेमेंट्स जैसे साधन नकली नोटों की समस्या को जड़ से समाप्त करने में सहायक हो सकते हैं। डिजिटल लेन-देन के लाभ ही लाभ है, पूर्ण पारदर्शिता यानी हर लेन-देन का डिजिटल रिकॉर्ड होता है, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आती है। कर चोरी, हवाला, व्यवस्था से लेन-देन सुरक्षित रहता है। सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ लाभार्थियों तक पहुंचता है, पैसा सीधे उनके खातों में पहुँचता है, बिचौलियों की भूमिका समाप्त होती है। जिससे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने हर मंच पर डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने की बात कही है। उन्होंने गाँव-गाँव जाकर लोगों को मोबाइल बैंकिंग, क्यूआर कोड, और कार्ड से भुगतान की शिक्षा देने की मुहिम चलाई है। इसका असर यह है कि आज भारत यूपीआई ट्रांजैक्शन में दुनिया में नंबर 1 है। डिजिटल इंडिया गरीब को ताकत देता है, मिडल क्लास को सुविधा देता है और राष्ट्र को मजबूती देता है। भारत की असली शक्ति अब डिजिटल प्रचलन बन रही है, जहाँ एक बटन से करोड़ों का ट्रांजैक्शन सुरक्षित होता है। मोदी की डिजिटल क्रांति ने भारत को इक्कीसवीं सदी की आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में मजबूत आधार दे दिया है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस डिजिटल युद्ध में सहभागी बनें, नकली नोटों को ना कहें, डिजिटल लेन-देन को अपनाएं। यही राष्ट्रभक्ति है, यही समय की माँग है। संदिग्ध नकदी की सूचना तुरंत संबंधित एजेंसियों को दें। नकली नोटों की पहचान करना सीखें और दूसरों को भी जागरूक करें। निश्चित ही जहाँ नकली नोट देश की आत्मा को खोखला करते हैं, वहीं डिजिटल मुद्रा राष्ट्र की नींव को मजबूत करती है।

निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। निस्संदेह, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ-ही-साथ डिजिटल भुगतान से जुड़े घपल्ले एवं घोटाले भी है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए। हालांकि, दो हजार के नोट अब प्रचलन से बाहर हो चुके हैं, लेकिन उनका कानूनी आधार बना हुआ है। इस दिशा में यथाशीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नकली मुद्रा के पीछे कुछ संगठित राष्ट्रविरोधी शक्तियाँ सक्रिय हैं। पाकिस्तान स्थित आईएसआई और उसके सहयोगी संगठनों पर पहले भी ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि वे नकली भारतीय मुद्रा भारत में भेजकर आतंकवाद और अलगाववाद को आर्थिक समर्थन देते हैं। देश की सरकार ने डिजिटल इंडिया, जनधन योजना, आधार लिंकिंग, और यूपीआई जैसी क्रांतिकारी योजनाओं के ?रिए नकदी पर निर्भरता घटाने का प्रयास किया है। लेकिन यह लड़ाई अकेली सरकार नहीं जीत सकती।

नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान है। यह और भी बड़ी चिंता की बात है कि नोटबंदी के आठ साल बाद भी रियल एस्टेट क्षेत्र में काले धन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल बना हुआ है। निस्संदेह, डिजिटल युग में भी 'नकदी ही राजा है' मानने वालों को रोकने के लिये जांच और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। साथ ही इस दिशा में भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश में लगी विदेशी ताकतों की नकली करेंसी के प्रसार में कितनी बड़ी भूमिका है। विगत में पाकिस्तान से ड्रग मनी व आतंकी संगठनों की मदद के लिये नकली करेंसी के उपयोग की खबरें सामने आती रही हैं।

**- ललित गर्ग**

# इंदौर बाजार भाव

**इंदौर।** ताजा लेवाली से मंगलवार को खाद्य तेलों में बाजार सुधार के रहे। तिलहनों में सोयाबीन मजबूती पर रहा। दलहनों में चने में लेवाली कायम रही। किराना जिंसों में खोपरा गोला मजबूत बना रहा। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार खाद्य तेलों में ताजा माँग के चलते भावों में सुधार देखा गया। सोया तेल रिफाइंड मालों में बाजार 1190-1200 रू. प्रति 10 किलो पर आ गया। सोयाबीन में भी 50-100 रू. प्रति क्विटल की बड़त रही। दलहनों में चना लेवाली के चलते सुधार पर बना रहा। मसूर में टिकाव रहा। उधर, किराना जिंसों में सौंफ व जीरे में बाजार दबाव पर रहे। खोपरा गोला मजबूती पर रहा। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना**- शक्कर 4100-4125, खोपरा गोला 340-385, खोपरा बूरा 4400-6600 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 250-265, मीडियम 280-285, ऊंझा हल्का 270-275, बेस्ट 290-320, हल्दी निजामाबाद 150-200, सांगली 250-255, साबूदाना हल्का 4500-4600, मीडियम 4650-4850, बेस्ट 5100-5500, ग्लास 6100, वरलक्ष्मी 5350, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 110-250, एस्ट्रा बेस्ट 300-400, सौंफ बारिक 280-400, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-800, गरबल 740-750, मटरदाना 825-850, खसखस अनक्लीन 950-1200, क्लीन 1300-1350, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 780-790, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1750, बेस्ट 1850-1890, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 765-775, बेस्ट 800-810, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2700-2800, मीडियम 2900-3050, बोल्ड 3100-3400, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3700, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1550-1850, बेस्ट 1950-2050, तरबूज मगज 480-500, काजू (240) 950-960, काजू (210) 950-1000, काजू (320) 920-940, काजू एस. डब्ल्यू 800-810, जे.एच. 830-860, टुकड़ी 750-800, बादाम मगज 870-925, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 510-800, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1400-1600, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 3400-3500, (160) 4300-4400, (200) 4800-5000, (250) 5000-5100

**तेल**- सींगदाना 1420-1440, मुम्बई 1450, राजकोट तेलिया 2240, सोया साल्वेंट 1125-1130, सोया रिफाइंड 1190-1200, कपास्या 1290, धूलिया 1300, कड़ी 1300,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1400, मुम्बई पाम 1190, मुम्बई सोया 1210,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2300, देवास-उज्जैन 2300, खंडवा-बुरहानपुर 2275, अकोला 3175 (प्रति क्विटल)

**तिलहन**- सरसो 6500-6700, रायडा 5800-6000, सोयाबीन 4250-4300, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 6150-6200, एवरेज 5400-5600, विशाल 5450-5550, काबूली डॉलर 8500-9000, काबुली रशि?यन 5600-5800, बिटकी 5300-5400, मसूर बेस्ट 6000-6100, एवरेज 5800-5900, मूंग देशी 7300-7400, पाला 7200-7300, चमकी 7400-7500, नायलोन 7600-7650, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6600-6700, एवरेज 6500-6600, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 6600-6700, महाराष्ट्र लाल 6600-6900, उड़द बेस्ट 7400-7500, एवरेज 7200-7300, शंकर 7000-7100, हल्की 6900-7000,

**दाल**- चना दाल एवरेज 7300-7500, बोल्ड 7700-8100, तुअर दाल सवा नं. 7300-7400, तुअर दाल फूल 9000-9100, तुअर दाल बोल्ड 9900-10100, मसूर दाल एवरेज 7750-7850, बेस्ट 7950-8100, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9800-10000, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 3000-3200, सेला 3600-3800, परमल 3500-3800, दुबराज 4500-5500, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 9500-10000, मीनी दुबार 8000-8500, मोगरा 4500-6000, तिबार 10500-11500, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

**मावा**- इन्दौर 320, उज्जैन 260, रतलाम 270 रू. प्रति किलो।

# इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर।** सुस्त कारोबार के बीच मंगलवार को स्थानीय सराफा बाजार में दोनों मूल्यवान धातुओं में बाजार सुस्त रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चॉंदी (9999) 111000, चॉंदी (99) 110900, टंच 110100, सिक्का 1200, सोना 10 ग्राम 98200,

# रुपया बढ़त के साथ बंद

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मंगलवार को आठ पैसे की बढ़त के साथ ही 85.84 रुपये पर बंद हुआ। आज सुबह विदेशी मुद्रा के मुकाबले डॉलर के कमजोर रुख और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.92 पर स्थिर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि विदेशी पूंजी की निकासी और भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के परिणाम को लेकर जारी अनिश्चितता के कारण घरेलू मुद्रा में वृद्धि नहीं हो पाई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 85.97 पर खुला।




**मेष**- आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आप अपने बजट पर ध्यान देकर खर्च करें, क्योंकि आप शौक और मौज की चीजों में अच्छा खासा धन खर्च कर सकते हैं। नौकरी में आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा। आप अपने घर के कुछ सामानों की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। विद्यार्थी अपने ज्ञान में वृद्धि करने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। आपको अपने अनुभवों से फायदा मिल सकता है। प्रॉपर्टी से संबंधित यदि कोई काम अटका हुआ था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है। सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात हो सकती है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से परिवार के सभी सदस्य खुश रहेंगे। संतान को किसी मनचाही नौकरी की प्राप्ति हो सकती है।

**मिथुन**- आज का दिन आपको अपने कामों को थोड़ा संभलकर चलने की आवश्यकता है। आप अपनी मेहनत से बिल्कुल जी ना चुराए और आपको अपने आलस्य को दूर भगाने की आवश्यकता है। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको काफी हद तक राहत मिलेगी। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी, लेकिन आपकी किसी बात का कोई बुरा मान सकता है।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी इनकम बढ़ने से खुशी होगी। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आप दोस्तों और सगे संबंधियों से तालमेल बनाकर चलेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। लेनदेन से संबंधित मामलों को लेकर आप जल्दबाजी न दिखाएं। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए खर्चों से भरा रहने वाला है। आपको बेवजह तनाव लेने से बचना होगा। आप किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचें। आपको अपने काम को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। आपको अपनी जरूरी खर्चों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपको किसी सहयोगी से कोई बात सोच समझकर बोलने की आवश्यकता है। आप तरक्की की राह में आगे बढ़ने के लिए रहेगा।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों में आगे बढ़ाने के लिए रहेगा। आप अपनी मेहनत से कामों को करेंगे। किसी से बेवजह सलाह लेने से आपको बचना होगा। आप अपनी आय के सोर्सो पर पूरा ध्यान दें। आज का दिन आपके लिए आनंद में रहने वाला है। संतान को करियर को लेकर यदि कोई समस्या थी, तो वह दूर होगी। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी बड़े पद की प्राप्ति हो सकती हैं।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। सरकारी क्षेत्रों में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। नौकरी की तलाश में आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। धन संबंधित मामलों में आपको थोड़ा सावधान रहना होगा। आपको अपने लिए गए निर्णय के लिए पछतावा हो सकता है। कोई कानूनी मामला यदि लंबे समय से विवादित था, तो उसमें भी आपको जीत मिलेगी। आप किसी जमीन-जायदाद की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अच्छे कामों से सम्मान मिलेगा। आपको किसी के कहने में आकर कोई निर्णय लेने से बचना होगा। आपको कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आप किसी काम को लेकर अकस्मात यात्रा पर जा सकते हैं। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के प्रेम में डूबे नजर आएंगे।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए टेंशनों से भरा रहने वाला है। विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। आप अपने काम से जी बिल्कुल ना चुराएं। आपको आर्थिक स्थिति पर पूरा ध्यान देना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों को लेकर संयम बनाए रखने की आवश्यकता है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम को लेकर सहयोगियों से बातचीत कर सकते हैं। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा। यदि आप किसी विरोधी की बातों में आए तो आप अपने कामों को बिगड़ने की कोशिश कर सकते हैं। आपका कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। दान और धर्म के कार्य में आपकी काफी रुचि रहेगी। आप अपने मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे। सरकारी क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको अपनी संतान में करियर को लेकर यदि टेंशन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आप अपने व्यवहार से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रहेंगे, जिससे आपके मित्रों की संख्या में भी इजाफा होगा। कार्यक्षेत्र में भी आपका बोलबाला रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी का सहयोग मिलेगा।

## शब्दजाल - 7961

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गं | रा | जें | द्र | कु | मा | य | वा | ज | पे | यी |
| द | गा | ल | प्रे | व | जी | म | द | ह | कां | रा |
| वि | स | की | म | को | ह | रा | म | ल | ख | म |
| मि | स | स | क | दि | वा | ज | ध | त्रि | श | दु |
| श | आ | र | ग | स | ज | ना | तू | दे | झ | प |
| न | ल | ला | र | दि | म | उ | ती | व | घ | रिं |
| क | व | रि | फ्यू | जी | प | बा | ज | ती | व | दा |
| श | एं | वा | ई | द | ब | र्ड | डू | ए | श | न्हा |
| मी | ड | ल | फू | ल | औ | र | आ | ग | शी | आ |
| र | गॉ | ल | प | लि | जी | शी | ला | कौ | ल | द |
| वि | ज | अ | ग्नि | सा | क्षी | डि | त | ब | प | म |

*शब्दजाल में 'जैकी श्राफ' अभिनीत 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.*

मिशन कश्मीर, रिफ्यूजी, कोहराम, गंगा की कसम, त्रिदेव, फूल और आग, यमराज, बार्डर, अग्निसाक्षी, परिंदा

## शब्दजाल - 7960 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | क | ल | ड्री | म | ग | ले | धी | सी | ल | ज |
| र | जि | ल | दे | क्रां | ति | ड्र | इं | ता | ट | वा |
| त | स | या | ल | र्म | छ | रा | रा | औ | ख | द |
| ब | ज | ज | सु | पु | र | रा | प | र | ली | ब |
| म | गा | दो | ग | ल्ला | लं | ज | तू | गी | झ | र्नि |
| स | क | व | प | ह | न | पू | ना | ता | घ | ग |
| ते | अ | स | त | या | प | त | श | ज | ला | ट्रे |
| पे | ता | दा | ई | ह | ब | सा | फ | रा | श | न |
| स | बा | चे | न | ब्रा | जी | ई | री | ल | प | रु |
| ता | पा | ला | ल | शो | ले | दु | र | शा | स्त्री | ता |
| ह | रा | जी | व | गां | धी | रा | क | या | म | त |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 6905



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, शशि, नीतू की 'एक रास्ता है जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'ये नैन डरे डरे' गीत वाली विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
६. 'पहला पहला प्यार' गीत वाली सनी, तब्बू, रीमासेन की फिल्म-३
९. संजयदत्त, पूजा भट्ट की 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'कुछ लोग मुहब्बत करके' गीत वाली राजीव कपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१२. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की जोड़ी वाली पहली फिल्म-२
१४. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानसी की फिल्म-२
१६. आमिर खान, माधुरी की 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'थोड़ा है थोड़े की जरूरत' गीत वाली राकेश रोशन, बिंदिया की फिल्म-२,२
१८. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मैंने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
१९. सनी देओल, सुनील शेट्टी, अजय जडेजा, सेलिना जेटली की फिल्म-२
२०. 'डकैत' में मीनाक्षी का नायक?-२
२२. फिल्म 'परिंदा' में 'अन्ना' के चरित्र की भूमिका किसने की थी?-२
२३. अमिताभ, जीनत की 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'बीती ना बिताई रैना' गीत वाली जीतेंद्र, जया भादुड़ी की फिल्म-४
२७. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफताब, लिसा रे की फिल्म-३
३१. संजीव कुमार, राखी की 'मन मेरा तुझको मांगे' गीत वाली फिल्म-३
३२. 'तारे हैं बाराती' गीत वाली अनिल कपूर, तब्बू की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कितना प्यारा वादा' गीत वाली फिल्म-३
२. सुनील, किशोर सायरा की फिल्म-४
३. सुनील शेट्टी, करिश्मा, रवीना, सोनाली की 'सुंदरा सुंदरा' गीत वाली फिल्म-३
४. 'देखा तुझे तो' गीत वाली फिल्म जिसमें शाहरूख ने गूँगे की भूमिका की थी-३
५. 'नजरें मिलीं दिल धड़का' गीत वाली संजयकपूर, माधुरी की फिल्म-२
८. अनिलकपूर, श्रीदेवी की 'कभी मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
११. 'अबके बरस ये हाल है' गीत किस म्यूजिक एलबम का है-२
१२. विश्वजीत, माला सिन्हा की 'मिजाजे गिरामी दुआ है' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'टक टका टक' गीत वाली संजय कपूर, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-३
१५. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला झूलूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'शोला और शबनम' की नायिका-२
१७. जैकी श्राफ, संजयदत्त, माधुरी की 'पालकी में होके सवार' गीत वाली फिल्म-५
२०. संजय, विवेकमुशरान, मनीषा की फिल्म-३
२१. जीतेंद्र, नंदा की 'देखते ही तुझे मेरे दिलने कहा' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
२६. लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
२८. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीतवाली फिल्म-३
३०. मिलिंद, राहुल देव, नतान्या सिंह की फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली - 6904**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8429



**बाएँ से दाएँ**

1. दांपत्य संबंध विच्छेद-3
3. रहस्य का ज्ञाता-4
6. खुशबू, सुगंध-3
7. सौ, सैकड़ा, शतक-2
8. दुलारा, लाड़ला-2
10. नाम रखना-5
12. दाम, मूल्य, दर-3
15. अग्नि, आग-3
17. सम्मान देना -2,3
20. जन्नत, अप्सरा-2
22. दाम, कीमत-2
23. स्थान-3
24. अचरज भरा कार्य-4
25. गागर, घड़ा-3

**ऊपर से नीचे**

2. न्यूनता, कमी-5
3. अटक-अटक कर बोलने वाला-3
4. आवश्यकता-4
5. राजी करना, मान मनुहार करना-3
7. वहम, संदेह-2
9. भाग्यशाली (अंग्रजी-2)
11. मैला, दागदार-3
13. धोखेबाज, कपटी-3
14. मन मोहने वाला-5
15. अशांति फैलाने वाला, उपद्रवी-4
16. रक्त, खून-2
18. आनेवाला दिन-2
19. नृत्य करना-3
21. चांदी-3

**शब्द पहेली -8428 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**16 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 05.30 बजे से |
| चंद्र | मीन में | सिंह | 07.46 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 09.58 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 12.08 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 14.23 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 16.39 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 18.44 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 20.31 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 22.04 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | मेष | 23.34 बजे से |
| | | वृष | 01.14 बजे से |
| | | मिथुन | 03.12 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 197 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** षष्ठी 21.02 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 05.47 बजे तदनन्तर उत्तराभाद्रपदा 4.51 बजे प्रातः को समाप्त। **योग** शोभन 11.57 बजे को समाप्त। **करण** गर 09.53 बजे तदनन्तर वणिज 21.02 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 20.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 21' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872407 **जूलियन दिन** 2460872.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 20 **विशेष** कर्क संक्रांति।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः अद्भुत बलिदान

यह उस समय की बात है जब चीन के महान विद्वान ह्वेनसांग भारत आए हुए थे। वह भारत की शिक्षा व संस्कृति से बेहद प्रभावित थे। उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय में भारतीय धर्मग्रंथों का गहन अध्ययन किया। अध्ययन करने के साथ-साथ उन्होंने अनेक धर्मग्रंथों का संग्रह किया ताकि अपने देश वापस लौटने के बाद वह वहां इनके महत्व बता सकें। जब वह अपने देश की ओर रवाना हुए तो उन्होंने अपने साथ अनेक ग्रंथ और कई कलात्मक मूर्तियां रख लीं। मार्ग में नदी पड़ती थी इसलिए वह नौका में अपनी इस बहुमूल्य संपदा के साथ बैठ गए। पांच भारतीय छात्र भी उनके साथ थे। अभी वे कुछ ही दूर पहुंचे थे कि अचानक नदी में जोर का भंवर आया और नौका डगमगाने लगी। यह देखकर नौका चालक ने कहा, 'यदि नौका में से कुछ वजन कम कर दिया जाए तो यह डूबने से बच सकती है।' यह सुनकर ह्वेनसांग चिंता में पड़ गए और बोले, 'अब तो पुस्तकों के गट्ठरों को पानी में फेंकना ही होगा। इनके पानी में बहने के साथ ही मेरा उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। वापस पहुंचने पर मैं अपने देश में भारत के महान धर्मशास्त्रों का प्रचार नहीं कर पाऊंगा। इतने कठोर परिश्रम से एकत्रित किए गए धर्मशास्त्र व्यर्थ हो जाएंगे।' विद्वान ह्वेनसांग की बात सुनकर पांचों भारतीय छात्र बोले, 'आप चिंतित न हों। आपका परिश्रम व्यर्थ नहीं होगा और न ही आपका उद्देश्य अधूरा रहेगा। ग्रंथों की जगह हम नदी में कूद जाते हैं।' यह कहकर वे पांचों तुरंत उफनती नदी में कूद गए। उनमें से तीन तो तैरकर सकुशल नदी पार कर गए लेकिन दो छात्र भारतीय धर्मशास्त्रों की अमूल्य धरोहर को बचाने के लिए नदी की भेंट चढ़ गए। ह्वेनसांग ने चीन पहुंच कर इन धर्मशास्त्रों का अनुवाद किया और इनकी रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान करने वाले छात्रों के प्रति जीवन भर कृतज्ञता व्यक्त करते रहे।

## सूडोकु नवताल- 7214

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाना आवश्यक है।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7213 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 317 अंकों की बढ़त के साथ ही 82,570.91 अंकों पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई पर निफ्टी भी 113 अंक बढ़कर 25,195.80 पर बंद हुआ। आज के कारोबार के दौरान निफ्टी पर हीरो मोटोकॉर्प, सन फार्मा, बजाज ऑटो, अपोलो हॉस्पिटल्स, बजाज फिनसर्व के शेयरों में उछाल आया जबकि एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी लाइफ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, इटरनल (जोमेटो) और टाटा स्टील के शेयर गिरे। आज कारोबार के दौरान धातु को छोड़कर, बाकी सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। दूसरी ओर फार्मा, ऑटो, पीएसयू बैंक, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, आईटी, रियल्टी में 0.5-1 फीसदी की बढ़त रही। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.5-0.5 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। वहीं जापानी उपभोक्ता क्षेत्र की कंपनियों के संभावित 1.1 अरब डॉलर के निवेश की खबरों के बाद से ही यस बैंक के शेयरों में 3.3 फीसदी की तेजी आई, जिससे बैंक की हिस्सेदारी बढ़कर 25 फीसदी हो सकती है। पिछले सत्र में वैश्विक व्यापार तनाव, विदेशी पूंजी निकासी और टैरिफ संबंधी चिंताओं के कारण सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार चौथे सत्र में गिरावट दर्ज की गई थी। इससे



पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला। सेंसेक्स 181 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 82,418.21 पर जबकि निफ्टी 0.22 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 25,137.10 पर खुला। आज एनएसई पर 3,015 शेयरों में ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,968 शेयर तेजी के साथ बंद हुए। वहीं 961 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इसके अलावा 86 शेयरों की कीमत में अंतर नहीं आया। वहीं एशियाई बाज़ार मंगलवार को बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। निवेशकों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ़ पर बदलते रुख़ से जुड़ी अनिश्चितता को नज़रअंदाज़ कर दिया और अपना ध्यान चीन के आर्थिक आंकड़ों पर केंद्रित कर दिया। जापान का निक्केई इंडेक्स 0.4 3 फीसदी और व्यापक टॉपिक्स सूचकांक में 0.3 फीसदी चढ़कर कारोबार कर रहा था। कोस्पी में 0.29 3 फीसदी और एएसएक्स 200 में 0.6 3 फीसदी की वृद्धि हुई। अमेरिकी बेंचमार्क इंडेक्स सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए।

# ईपीएफओ ने बदले पीएफ निकासी के नियम, घर खरीदने वालों को बड़ी राहत

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने भविष्य निधि (पीएफ) निकासी के नियमों में बड़ा बदलाव किया है, जिससे घर खरीदने या बनाने की योजना बना रहे कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलेगी। अब ईपीएफ सदस्य अपने खाते से 90 फीसदी तक की राशि निकाल सकते हैं, जबकि पहले यह सीमा कम थी। यह सुविधा पहला घर खरीदने, नया घर बनवाने या होम लोन की ईएमआई चुकाने के लिए ली जा सकती है। पहले इस लाभ के लिए कम से कम 5 साल की सेवा जरूरी थी, लेकिन नए नियमों के अनुसार अब केवल 3 साल की सेवा के बाद भी यह सुविधा उपलब्ध है। यह लाभ जीवन में सिर्फ एक बार लिया जा सकता है और इसे ईपीएफ स्कीम 1952 के पैरा 68-बीडी के तहत लागू किया गया है। ऑनलाइन क्लेम प्रक्रिया को भी सरल बना दिया गया है। अब बैंक चेक या पासबुक की स्कैन कॉपी अपलोड करने की आवश्यकता नहीं होगी। बैंक खाता आधार ओटीपी के माध्यम से ही सत्यापित हो जाएगा और नियोक्ता की भूमिका खत्म कर दी गई है। यदि कोई सदस्य बैंक खाता बदलना चाहता है, तो नया खाता नंबर और आईएफएससी कोड डालकर ओटीपी से सत्यापन किया जा सकता है। इसके साथ ही ऑटो-सेटलमेंट की सीमा को 1 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दिया गया है, जिससे कर्मचारियों को 72 घंटे के भीतर तेज भुगतान संभव हो सकेगा।

# मोदी सरकार के कार्यकाल में महंगाई दर 5 प्रतिशत, बीते 11 सालों में

नई दिल्ली। भारत में खुदरा महंगाई दर बीते 11 वर्षों में 5 प्रतिशत के आसपास रही है, लेकिन हाल के महीनों में इसमें तेज गिरावट दर्ज हुई और जून 2025 में गिरकर 2.1 प्रतिशत पर आ गई है। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में औसत महंगाई दर 5.1 प्रतिशत रही है, जो कि यूपीए के कार्यकाल में 8.1 प्रतिशत रहती थी। सरकारी डेटा के मुताबिक, कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए के कार्यकाल में जनवरी 2012 से लेकर अप्रैल 2014 तक के 28 महीनों में से 22 महीनों में महंगाई दर 9 प्रतिशत से अधिक रही थी। मनमोहन सरकार-2 के आखिरी तीन वर्षों में देश में खुदरा महंगाई दर औसत 9.8 प्रतिशत रही थी, जबकि उस समय वैश्विक स्तर पर महंगाई 4-5 प्रतिशत के बीच थी। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ज्यादा समय खुदरा महंगाई दर 5 प्रतिशत से कम रही है और कभी भी महंगाई ने 8 प्रतिशत से ऊपर का स्तर नहीं छूआ है। खुदरा महंगाई दर जून 2025 में घटकर 2.1 प्रतिशत हो गई है। इसमें बीते महीने के मुकाबले 0.72 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। मई में यह 2.82 प्रतिशत थी। जून 2025 में रिकॉर्ड की गई खुदरा महंगाई दर जनवरी 2019 के बाद रिटेल मुद्रास्फीति का सबसे न्यूनतम आंकड़ा है। मंत्रालय के डेटा के अनुसार, बीते महीने में ग्रामीण स्तर पर खुदरा महंगाई दर 1.72 प्रतिशत रही है, जबकि शहरी स्तर पर खुदरा महंगाई दर 2.56 प्रतिशत रही है। इस महीने के दौरान महंगाई में मजबूत गिरावट मुख्य रूप से सब्जियों, दालों, मांस और मसालों की कीमतों में गिरावट के कारण हुई है। इस बीच, रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने हाल ही में कहा कि आरबीआई ने 2025-26 के लिए अपने महंगाई दर अनुमान को भी 4 प्रतिशत के पूर्व अनुमान से घटाकर 3.7 प्रतिशत कर दिया है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) महंगाई दर अब 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिसमें महंगाई दर पहली तिमाही में 2.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 3.4 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 3.9 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

# महाकाल सेवा समिति समनापुर के कांवड़ियों ने बिना रुके 90 किमी की यात्रा कर कोटेश्वर में किया अभिषेक

लांजी (पद्मेश न्यूज)। महाकाल सेवा समिति समनापुर द्वारा पं. प्रणव मोहन शर्मा के नेतृत्व में समनापुर से दादा कोटेश्वर धाम लांजी 90 किमी की डाक कांवड़ यात्रा विपरीत परिस्थितियों में भी बिना रुके पहुंचकर भगवान कोटेश्वर महादेव में अभिषेक किया। महाकाल सेवा समिति के लगभग 200 से अधिक लोगों द्वारा डीजे की धून पर थिरकते हुए 15 जुलाई को प्रातः 7 बजे समनापुर रेलवे में स्थित वैनगंगा नदी पहुंचकर वहां स्नान किया एवं पूजन आरती कर कांवड़ में जल लेकर डाक कांवड़ यात्रा प्रारंभ की। कांवड़ यात्रा बालाघाट पहुंचने पर हनुमान चौक में हितेश माहुले बब्बर सेना के द्वारा अगुवाई करते हुए कांवड़ियों का फूल मालाओं द्वारा स्वागत किया गया, हट्टा में मां लक्ष्मी पेट्रोल पंप एवं किरनापुर में पूर्व विधायक सुश्री हिना कावरे द्वारा कांवडयिों का पुष्प व स्वल्पाहार के द्वारा स्वागत किया गया। वैसे ही जगह जगह पुलिस कर्मी, ग्रामीणों, व्यापारियों, युवा वर्गो द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। लांजी पहुंचने पर इन कांवड़ियों का राजू मोहारे, लक्ष्मण रामटेककर, बबलू शिवालिया, बबलू छगन मिश्रा, सुरेन्द्र मिश्रा एवं सपरिवार द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कांवड़ यात्रा कोटेश्वर मंदिर पहुंचकर वैनगंगा नदी में लाये गये जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर पूजन अर्चन किया गया। इस दौरान पं. प्रणव मोहन शर्मा, त्रिलोक सुलाखे, रवि दमाहे, हरिप्रसाद सुलाखे, हरिप्रसाद दमाहे, भूपेंद्र सोनवाने, सुभाष नगपुरे, शिव मस्करे, मोनु शर्मा व अन्य कांवड़ए शामिल रहे। इस कांवड़ यात्रा दिव्यांग लालचंद हीरापुरे भी अपनी तिपहिया वाहन से समनापुर से लांजी तक की यात्रा में शामिल रहा।





### उज्जैन की तर्ज पर डमरू आरती रही आकर्षण का केन्द्र

समनापुर से आए डाक कांवडयिों द्वारा 108 उपलिंगों में एक भगवान कोटेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना व अभिषेक उपरांत डमरू एवं तासे के साथ उज्जैन महाकाल की तर्ज पर आरती की, जो कि विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। इसके पश्चात नगर के शिवभक्तों द्वारा इन कांवड़ियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया।

# वोकल फॉर लोकल देश का मिशन

## एनसीसी कैडेट्स को बताया वोकल फॉर लोकल का महत्व

लांजी (पद्मेश न्यूज)। स्थानीय साकेत पब्लिक स्कूल लांजी में 6 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी बालाघाट के कमान अधिकारी लेफ्टीनेंट कर्नल वी के गुप्ता के दिशा निर्देशों एवं संस्था के संचालक संतोष मोरघड़े के मार्गदर्शन में सामाजिक सेवा और सामाजिक विकास के तहत 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस की 10 वी वर्षगांठ के अवसर पर विद्यालय में वोकल फॉर लोकल को लेकर एनसीसी कैडेट्स के साथ विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता श्रीमती नेत्रेश्वरी किशोर सोनवाने द्वारा बताया गया कि वोकल फॉर लोकल जमीनी स्तर पर उद्यमशीलता को बढ़ावा देने की दिशा में नीति आयोग द्वारा 13 मार्च 2024 को अपने महत्वाकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रमों के तहत की गई जिसमें देश का मिशन है कि हम वस्तुओं के उत्पादन, स्वावलंबन और आपूर्ति में आत्मनिर्भर बने तथा उत्पादित वस्तुओं का स्वयं उपभोग करें। यह घरेलू विनिर्माण क्षमताओं का लाभ उठाने तथा अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों पर इस स्पष्ट आव्हान के प्रभाव को समझने की दिशा में अंतिम कदम होगा। उक्त कार्यक्रम में 38 एनसीसी कैडेट्स, एनसीसी अधिकारी संदीप कुमार रामटेककर विद्यालय की शिक्षिका भीमेश्वरी गवारे उपस्थित थे।



# आदर्श महिला मंडल ने नये राम मंदिर में सुंदरकांड पाठ कर किया भंडारे का आयोजन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। सावन मास की पवित्रता और भक्ति के माहौल में लांजी के आदर्श महिला मंडल द्वारा नगर के नये राम मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं राम व शिव भजनों का आयोजन किया गया। आदर्श महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रेखा बिसेन ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला मंडल द्वारा सावन मास में पुरे माह अलग अलग जगहों पर रामायण पाठ किया जाता है। आज का आयोजन हमारी महिला मंडल की सदस्य सुलोचना महोबिया 30 जून को आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 लांजी में सहायिका के पद से 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुई है। इसी के चलते 15 जुलाई को नगर के पुराना गुजरी चौक स्थित राम मंदिर में सुंदर काण्ड का पाठ कर भंडारा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्ति और उत्साह के साथ इस आयोजन में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का वितरण किया गया, जिसने इस अवसर को और भी विशेष बना दिया। आदर्श महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रेखा बिसेन ने अपने आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सावन मास भगवान शिव के साथ-साथ भगवान श्रीराम की भक्ति के लिए भी विशेष महत्व रखता है। इस पवित्र महीने में मंडल द्वारा पूरे माह विभिन्न स्थानों पर रामायण पाठ का आयोजन किया जाता है, जिसका उद्देश्य भक्ति और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना है। इसी कड़ी में, 15 जुलाई को नगर के पुराना गुजरी चौक स्थित राम मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंडल की सभी सदस्याओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सुंदरकांड पाठ का आयोजन दोपहर 2 बजे से शुरू हुआ, जिसमें भक्तों ने श्रीरामचरितमानस के सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया। इस दौरान भगवान श्रीराम और हनुमान जी की भक्ति में डूबे भक्तों ने भजनों और कीर्तन के माध्यम से अपनी श्रद्धा व्यक्त की। पाठ के बाद मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की गई, जिसे भक्तों ने प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। आदर्श महिला मंडल की इस पहल की स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक महत्व को बल्कि सामुदायिक एकता को भी बढ़ावा दिया। श्रीमती बिसेन ने आगे बताया कि मंडल का उद्देश्य सावन मास के दौरान विभिन्न धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मकता और भक्ति का प्रसार करना है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भी मंडल द्वारा अन्य स्थानों पर रामायण पाठ और भंडारे जैसे आयोजन किए जाएंगे। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इसने लांजी नगर में सामुदायिक सहभागिता और भक्ति के प्रति उत्साह को भी दर्शाया। सावन मास के इस पवित्र अवसर पर आदर्श महिला मंडल की यह पहल भक्तों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बनी, और सभी ने भगवान श्रीराम और हनुमान जी की कृपा प्राप्त करने की कामना की।



# फैशनेबल दौर में मानवीय पहल, भेलसिंग ने बच्चों संग मनाया जन्मदिन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। आज के इस फैशनयुग, दिखावा व फिजूलखर्ची वाले समय मे लोग अपना जन्मदिन या अन्य खुशी का पल सेलिब्रेट करने के लिए बड़ी - बड़ी पार्टियां देते हैं। जिनमें पैसों से संपन्न वर्ग के लोग ही शामिल होते हैं। इन कार्यक्रमों में गरीब लोगों व बच्चों का कोई स्थान नही होता। लेकिन ऐसे फैशनेबल व फिजूलखर्ची के युग मे अगर कोई व्यक्ति अपना जन्मदिन स्कूली बच्चों के साथ मनाए तो लोग सोचेंगे कि ये तो सिर्फ फिल्मों में दिखाते हैं। असल जिंदगी में कौन ऐसे मानवीय व प्रशंसनीय कार्य करता है? तो हम कहेंगे कि ऐसे लोग असल जिंदगी में भी होते हैं जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण तहसील के सावरी खुर्द में देखने को मिला। बता दें कि सावरी खुर्द निवासी भेलसिंग फुल्हारे ने फैशनेबल जमाने में अपने जन्मदिन पर अनोखी पहल करते हुए अपने जन्मदिन के दिन 15 जुलाई को अपने गांव के ही प्राथमिक शाला के कक्षा पहली और दूसरी कक्षा के छोटे बच्चों के साथ मनाया। इस दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी देखते ही बनती थी। इस दौरान भेलसिंग ने साथियों के साथ स्कूल पहुंचकर कक्षा पहली और दूसरी कक्षा के छोटे बच्चों को पहाड़ा मेरी पहली पुस्तक, अंग्रेजी, हिंदी, बारहखड़ी की वर्णमाला चार्ट और मिठाई का वितरण किया। वितरण के दौरान सरपंच किशोरीलाल पांचे, विद्यालय के प्रधानपाठक योगेंद्र भंडारकर, रमेश कुमार भौतिक, विजय प्लांदुलकर, संगीता रुसे, के अलावा अन्य साथी और स्कूल के स्टॉफ उपस्थित रहे।



### भेलसिंग का जीवन प्रेरित करने वाला

भेलसिंग के साथियों ने बताया कि दो भाई और एक बहन में सबसे बड़ा भेलसिंग फुल्हारे का जन्म 15 जुलाई 1996 को गरीब परिवार में हुआ। घर की परिस्थितियां कुछ ऐसी थी कि वह अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाएं। क्योंकि दादा टोकरी बनाने का काम करते थे तो स्कूल से ज्यादा भेलसिंग अपने दादा की मदद करता था। इसिलए पढ़ने का समय नहीं मिला या यूं कहो कि घर की परिस्थितियों के चलते मन नहीं लगा। भेलसिंग को 7वीं कक्षा में पढ़ाई छोड़ना पड़ा, और वे औरंगाबाद टैंकर में क्लिनर का काम करने चले गए। जहां पर मन लगाकर इस तरह काम किया कि आगे चलकर टैंकर चलाने लग गए। सालों तक घर से दूर रहकर मेहनत किया और अब खुद का ट्रक है। अब भेलसिंग दूसरों को रोजगार दे रहा है, और भेलसिंग फुल्हारे की चारों तरफ प्रशंसा हो रही है, भेलसिंग का जीवन हर किसी को प्रेरित करता है।

# पुलिस ने शुरू किया नशा मुक्ति अभियान

## वनांचल ग्राम कोसमारा, भक्कुटोला, कोसमदेही, सिर्री में पंहुचकर लोगों को नशे के प्रति किया जागरूक




लांजी (पद्मेश न्यूज)। बालाघाट जिले को नशा मुक्त करने हेतु पुलिस के द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में समस्त थाना प्रभारी एवं स्टाफ को अपने अपने थाना क्षेत्र में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत लांजी थाना अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोसमारा, भक्कुटोला, कोसमदेही, सिर्री ग्रामों में पंहुचकर ग्रामीणों को नशे से दुरी है जरूरी तशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता दी गई। उक्त कार्यक्रम में थाना प्रभारी व्यंकट टांडिया, एएसआई महेश बिसेन सहित पुलिस बल, सरपंच, पंच गण, गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। सभी की उपस्थिती में थाना प्रभारी टांडिया के द्वारा नशा मुक्ति अभियान को लेकर विशेष जानकारी दी गई। आपने कहा कि आप सभी नशे से दुर रहे। आज युवा पीढ़ी पर नशे की लत हावी हो चुकी है शराब, गांजा, चरस, सिगरेट से लेकर अन्य नशीले पदार्थ आपके शरीर को खोखला कर रहे है। नशे के चलते अनेकों बिमारियों को आप आमंत्रित कर रहे और जब नशा करने के लिये आपके पास रूपये पैसे नही होते तो लोग अपराध की ओर बढ़ते है। अपराध करके पैसा कमाते है और नशा करते है। तो आप खुद सोच सकते है नशा से आपका कितना नुकसान हो रहा है। एक ओर नशा आपको शरीर से कमजोर कर रहा है तो वहीं यह नशा आपको अपराधी भी बना रहा है। इसलिये हम सभी को यह शपथ लेना चाहिये कि हम कभी नशा नही करेंगे और दुसरे को नशा करने से रोकेंगे। अंत में पुलिस के द्वारा समस्त ग्रामीण जनों को नशे से दुर रहने हेतु शपथ दिलाई गई।

# बस स्टैंड में अखंड रामायण पाठ का हुआ समापन

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में सावन मास के प्रथम सावन सोमवार के पावन अवसर पर १४ जुलाई को अखंड रामायण पाठ का प्रारंभ किया गया। जिसमें सुबह प्रथम सावन सोमवार के अवसर पर विधि विधान से भगवान हनुमान की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात चोला चढ़ाकर आरती करने के उपरांत अखंड रामायण पाठ का प्रारंभ किया गया। जिसमें संगीतमय अखंड रामायण पाठ कर भजनो की प्रस्तुति दी गयी। तत्पश्चात १५ जुलाई को दोपहर में हवन पूजन एवं महाआरती के पश्चात भंडारा वितरण के साथ किया गया। उक्त संबंध में जानकारी देते हुए मंदिर के सदस्यों ने बताया कि प्रतिवर्ष सावन के अवसर पर मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी सावन के प्रथम सोमवार पर विधि विधान से पूजन अर्चन कर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें संगीतमय रूप से रामायण पाठ कर हवन पूजन और महाप्रसादी वितरण के साथ समापन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नगर से क्षेत्र के लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराकर महाप्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ अर्जित किया।





लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# टीम खंडेलवाल के गठन के लिए तैयार हुआ फार्मूला

## - कार्यकर्ताओं के फीडबैक पर बनेगी भाजपा कार्यकारिणी

भोपाल। दिल्ली में भाजपा हाईकमान से हरी झंडी लेकर आए मप्र के भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की नई टीम ट्रस्टेड से पहले टेस्टेड होगी। ये पहली बार है कि मप्र में भाजपा टीम के ऐलान के पहले उचित कार्यकर्ता की तलाश भी की जा रही है। ये पार्टी का घोषित कार्यक्रम नहीं है, लेकिन मप्र भाजपा में संगठन की कार्यकारिणी घोषित करने से पहले कार्यकर्ताओं का फीडबैक भी लिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि कार्यकर्ताओं के फीडबैक पर ही प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।



गौरतलब है कि पदभार ग्रहण करने के बाद मप्र में मालवा, विंध्य, महाकौशल के दौरे पर निकल रहे हेमंत खंडेलवाल नेताओं से मंथन के पहले कार्यकर्ताओं की बात सुन रहे हैं। मप्र भाजपा की गिनती देश के सर्वश्रेष्ठ संगठन वाले राज्य के तौर पर होती है। बेशक अभी चुनाव नहीं है, लेकिन संगठन में जो टीम बनेगी ये लगभग तय है कि चुनाव के वक्त तक उसमें कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। लिहाजा पार्टी के नए प्रदेश हेमंत खंडेलवाल ने अपने नई टीम में सदस्यों के सिलेक्शन की प्रोसेस कई चरणों की रखी है। भाजपा के पितृ पुरुष कुशाभाऊ ठाकरे की राजनीति से प्रेरित हेमंत खंडेलवाल ने पदभार ग्रहण करने के साथ ये बयान दिया था कि पार्टी अनुशासन से दाएं-बाएं होने वालों को दिक्कत होगी। बाकी जो योग्य है, उनके लिए अवसरों की कमी नहीं होगी। पदभार ग्रहण करने के खंडेलवाल मप्र के अलग-अलग इलाकों के दौरे पर निकल रहे हैं। उज्जैन इंदौर के बाद नर्मदापुरम और बैतूल का दौरा कर चुके हैं। इसके बाद वे विंध्य ग्वालियर, चंबल, महाकौशल और बुंदेलखंड का भी दौरा करेंगे। जानकारी के मुताबिक ये दौरे कार्यकर्ताओं के मन की बात सुनने के लिए होंगे। वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक प्रकाश भटनागर के अनुसार हेमंत खंडेलवाल भाजपा के पितृ पुरुष कुशाभाऊ ठाकरे को अपना आदर्श मानते हैं और उनकी राजनीति का अंदाज भी वही है। जिस तरीके से मप्र में भाजपा कार्यकर्ताओं की ताकत के बूते खड़ी हुई थी। वे उसी फार्मूले पर अब मप्र में अपनी नई टीम बनाने जा रही है। जिसमें कार्यकर्ताओं का फीडबैक उनके लिए प्राथमिकता में होगा। इन दौरे कार्यक्रमों के जरिए वे कार्यकर्ताओं की नब्ज थामेंगे।

### खंडेलवाल को मिला फ्री हैंड

नवनिर्वाचित भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल पार्टी के शीर्ष नेताओं से लगातार मुलाकात कर रहे हैं। अध्यक्ष बनने के बाद औपचारिक सौजन्य भेंट के साथ ही इन्हें नई कार्यकारिणी के सिलसिले में चर्चा के लिए मुलाकात भी माना जा रहा है। कहा जा रहा है कि खंडेलवाल की साख और पार्टी संगठन के प्रति उनके समर्पण भाव को देखते हुए अपनी टीम चुनने के लिए उन्हें खासे अधिकार दिए गए हैं। शीर्ष नेतृत्व ने अपनी अपेक्षाएं भी बता दीं हैं, जिनके आधार पर प्रदेश भाजपा में बड़ा बदलाव तय हो गया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का पद संभालने के बाद दी दिन पूर्व सीएम डॉ. मोहन यादव के साथ हेमंत खंडेलवाल जब अपने पहले दिल्ली दौरे पर पहुंचे थे, तब ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर ली थी। 11 जुलाई को प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल फिर दिल्ली पहुंचे।

### श्रेष्ठ कार्यकर्ता एक कार्यकर्ता के फार्मूले पर चुनाव

भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पसंद माने जाते हैं। इस लिहाज से ये माना जा रहा है कि नई टीम में संघ की च्वाइस का भी ख्याल रखा जाएगा। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ हितेष वाजपेयी ईटीवी भारत से बातचीत में कहते हैं कि प्रदेश भाजपा की नयी टीम शीघ्र ही सामने आएगी और इस बार आप देखेंगे कि इस नई टीम में पार्टी के जो वरिष्ठ नेता और जो नौजवान हैं। उनका संगम आपको देखने को मिलेगा। जो कि आने वाले समय की सभी राजनीतिक आवश्यकताओं को पूरी करता दिखेगा। भाजपा की नई कार्यसमिति का गठन एक व्यक्ति एक पद की नीति को ध्यान में रखकर किया जाएगा। ऐसे में माना जा रहा है कि दोहरी जिम्मेदारी संभालने वाले नेताओं को संगठन की जिम्मेदारी से मुक्त किया जा सकता है। ऐसे में कुछ मोर्चा अध्यक्षों का हटना तय है। महिला मोर्चा अध्यक्ष माया नारोलिया और किसान मोर्चा अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी के स्थान पर नए चेहरों को कमान सौंपी जानी है। माया नारोलिया राज्यसभा सांसद और दर्शन सिंह चौधरी नर्मदापुरम नरसिंहपुर सीट के सांसद हैं। बताया जा रहा है कि कुछ मोर्चा अध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्य स्वयं संगठन के दायित्वों से मुक्त करने का आग्रह कर चुके हैं।

### पूर्णकालिक आएंगे पार्ट टाइम बाहर होंगे

पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के कार्यकाल में मौका तो हर क्षेत्र को दिया गया था, लेकिन सांसद और विधायकों को जवाबदारी दे देने से हुआ ये कि लगातार चुनाव और फिर विधानसभा और लोकसभा के सत्र की वजह से वे संगठन में उतने सक्रिय नहीं रह पाए। अब माना जा रहा है कि हेमंत खंडेलवाल क्षेत्रीय संतुलन का पूरा ध्यान रखते हुए पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं को ही अपनी टीम में मौका देंगे। हेमंत खंडेलवाल ने ये कहा भी है कि पार्टी में पार्ट टाइम पॉलीटिक्स करने वालों के लिए जगह नहीं होगी। पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं के लिए अवसर होंगे।

### नए चेहरों को मौका मिलेगा

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की टीम में 13 पदाधिकारी वो थे, जो दोहरी जवाबदारी संभाले हुए थे। जिनमें 7 सांसद और 5 विधायकों के साथ एक कैबिनेट मंत्री भी। जाहिर है कि दोहरी जवाबदारियों के साथ वो संगठन में अपनी भूमिका से न्याय नहीं कर पा रहे थे। जानकारी के मुताबिक अब खंडेलवाल की टीम में जो बदलाव होंगे। उसमें सबसे पहले ये 13 पद खाली होंगे और उनकी जगह संगठन में पूरा समय दे सकने वाले पूरी सक्रीयता से काम करने वाले नेताओं को जगह मिलेगी।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने की मांग

# पोर्टल पर डिस्प्ले हों सरकारी खर्च के बिल

## - शहडोल में ड्रायफ्रूट और पेंट घोटाले के बाद सरकारी सिस्टम में पारदर्शिता जरूरी

भोपाल। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने मप्र के सरकारी विभागों में होने वाले खर्च के पूरे बिल-वाउचर संबंधित विभाग के पोर्टल पर (पब्लिक डोमेन में) डिस्प्ले करने की मांग की है। भोपाल में सपा के प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डॉ. यादव ने कहा कि शहडोल में ड्रायफ्रूट घोटाला और सीधी में पेंट घोटाला सामने आने के बाद ये जरूरी हो गया है कि जहां सरकारी पैसा खर्च हो उसके व्यय से संबंधित पूरे दस्तावेज पब्लिक डोमेन में रहें।

डॉ. यादव ने कहा कि शहडोल जिले में ऐसे मामले सामने आए, जिसमें चार लीटर पेंट को पोतने के लिए 150 से ज्यादा लेबर लगाई गई। अधिकारी अगर जाते हैं तो उनके लिए 14 किलो ड्राईफ्रूट का बिल लगाया जाता है। इससे समझ में आता है कि सरकारी पैसे का किस तरह से बंदर बांट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चाहे नेता हो या अधिकारी। किसी भी दौरे पर जाएं तो उनके स्वागत में जो पैसा खर्च हो रहा है उसकी जानकारी पब्लिक डोमेन में आनी चाहिए। सरकारी विभागों में हो रहे खर्च का लेखा-जोखा भी आना चाहिए।

### सांसद पर एक्शन ले भाजपा

डॉ. यादव ने कहा कि भाजपा महिला सशक्तिकरण की बात करती है। सशक्त महिलाओं के सम्मान की बात करती है। मोदी जी भोपाल में आकर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन करते हैं, लेकिन यदि कोई महिला आवाज उठाती है तो उस आवाज को दबाया जाता है। भाजपा के सांसद हमारी गर्भवती बहन के बारे में कहते हैं कि आपको उठवा लिए जाएगा। उनको धमकी दी जाती है कि अगर रोड ठीक नहीं है तो भी आपने अपनी बात कही क्यों? उन्होंने कहा कि यही भाजपा का असली चाल-चरित्र और चेहरा है। सांसद का दोबारा बयान आया, उसमें भी वे माफी मांगने की बजाय अपने बयान पर कायम रहने की बात कर रहे हैं। सांसद को उस बहन से माफी मांगनी चाहिए। यदि वे माफी नहीं मांगते हैं, तो भाजपा को अपने सांसद पर कार्यवाही करनी चाहिए।

### उमा भारती को सम्मेलन में नहीं बुलाया

डॉ. यादव ने भोपाल में आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती को नहीं बुलाने पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि उमा भारती पिछड़े वर्ग से आती हैं। उनको सम्मेलन में नहीं बुलाया जाता, तवज्जो नहीं दी जाती है। क्या यही भाजपा की ट्रेनिंग है। पार्टी के मंत्री और नेता पहले भी महिलाओं के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणियां कर चुके हैं।

# महंगी लग्जरी कार और बाइक से हो रही थी अवैध शराब की तस्करी

भोपाल। भोपाल के ग्रामीण इलाकों में अवैध शराब की तस्करी रोकने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय है, लेकिन तस्कर अब नए तरीके अपनाकर पुलिस को चकमा देने की कोशिश कर रहे हैं। ताजा मामला भोपाल के नजीराबाद और गुनगा थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां पुलिस ने दो अलग अलग कार्रवाइयों में महंगी लग्जरी कार और बाइक से की जा रही शराब तस्करी का खुलासा किया है।

नजीराबाद थाना पुलिस ने सोमवार मंगलवार की रात मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सफेद रंग की फोर्ड एंडेवर कार से 17 पेटी अवैध देशी शराब जब्त की है। थाना प्रभारी अरुण शर्मा के मुताबिक, यह वाहन ग्राम गूजरतोड़ी जोड़, नायसमंद के पास संदिग्ध अवस्था में खड़ा था। पुलिस के पहुंचते ही कार में बैठा व्यक्ति वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। कार की तलाशी में कुल 17 पेटियां देशी मदिरा मिलीं, जिसकी कीमत लगभग 69,700 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने वाहन और शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है।

### गुनगा में बाइक से ले जा रहे थे कच्ची शराब, दो युवक गिरफ्तार

वहीं दूसरी ओर गुनगा थाना

## पुलिस ने दो मामलों में की कार्रवाई

पुलिस ने बाइक से कच्ची शराब की तस्करी कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी हरिशंकर वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पीपलखेड़ा रोड पर एक प्लेटिना मोटरसाइकिल को रोका, जिसमें पीछे दोनों ओर प्लास्टिक की बोरीयां बंधी हुई थीं। जांच करने पर बोरीयों में चार प्लास्टिक कैन में कुल 60 लीटर हाथ भट्टी से बनी कच्ची शराब पाई गई। आरोपियों के पास शराब ले जाने के कोई दस्तावेज नहीं थे। पूछताछ में दोनों आरोपियों की पहचान प्रदीप कंजर (21 वर्ष) और देवेन्द्र कंजर (23 वर्ष) के रूप में हुई है, जो ग्राम तरावली कलां, बिजोरी टपरा के निवासी हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है।

### पुलिस की सख्ती, फिर भी बदले अंदाज में तस्करी

इन दोनों मामलों से साफ है कि अब तस्कर लग्जरी कार और दोपहिया वाहनों का इस्तेमाल कर ग्रामीण इलाकों में तस्करी को अंजाम दे रहे हैं, ताकि पुलिस को गुमराह किया जा सके। पुलिस ने इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थानों में मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नगर परिषद इंदरगढ़ के प्रभारी सीएमओ निलंबित

भोपाल। दतिया जिले के नगर परिषद इंदरगढ़ के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेन्द्र सिंह यादव को अपने कर्त्तव्यों में लापरवाही बरतने पर नगरीय प्रशासन विकास आयुक्त संकेत भोंडवे के निर्देश पर निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय संभागीय कार्यालय ग्वालियर निर्धारित किया गया है।

नगर परिषद इंदरगढ़ में तालाब का निर्माण कराया जा रहा था। निर्माण के दौरान बरसात के मौसम में तालाब में पानी का भराव हुआ। सुरक्षा उपायों में लापरवाही बरतते हुए निर्माण कार्य के दौरान रेलिंग व बेरिगेटिंग की व्यवस्था नहीं गई। व्यवस्था के अभाव में छोटी बच्चियों के डूबने की घटना हुई। इसी के साथ प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) ने अपने कार्यकाल में नियम विरूद्ध कर्मचारियों की स्थापना में प्रशासनिक कार्य किये। जांच में प्रभारी नगर पालिका अधिकारी महेन्द्र सिंह यादव दोषी पाये गये।

# कॉलेजों में प्रवेश का आखरी मौका

## कल से सीएलसी चरण में खाली सीटों पर शुरू होगी नामांकन की प्रक्रिया

भोपाल। मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और निजी अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु एक अतिरिक्त सीएलसी (कॉलेज लेवल काउंसलिंग) चरण की घोषणा की है। यह चरण 16 से 31 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को प्रवेश का एक और अवसर मिलेगा।

16 जुलाई से प्रतिदिन प्रवेश पोर्टल पर महाविद्यालय की रिक्त सीटों का प्रदर्शन किया जाएगा। विद्यार्थी इन रिक्त सीटों पर सीधे महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे तक पंजीयन व विकल्प चयन किया जा सकेगा, जिसका सत्यापन हेल्प सेंटर द्वारा शाम 4 बजे तक किया जाएगा। मेरिट सूची शाम 5 बजे जारी होगी, जिसके 24 घंटे के भीतर विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। शुल्क जमा न करने पर प्रवेश मान्य नहीं होगा और री चॉइस करनी पड़ेगी। यह प्रक्रिया 31 जुलाई को समाप्त हो जाएगी।

# कांग्रेस के विधायकों को ट्रेनिंग देंगे कॉर्पोरेट ट्रेनर

## - विधानसभा सत्र में कांग्रेस की ओर से जनता के मुद्दे को उठाने की तैयारी

भोपाल। मप्र के कांग्रेस के विधायकों को अब कॉर्पोरेट ट्रेनर के माध्यम से ट्रेनिंग दिलाई जाएगी। मप्र विधानसभा के सत्र के पहले कांग्रेस के विधायकों का 3 दिन का ट्रेनिंग का प्रोग्राम मांडू में आयोजित किया जा रहा है। मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा इस बार विधानसभा सत्र के पहले कांग्रेस विधायकों के लिए प्रोफेशनल ट्रेनिंग का एक कार्यक्रम रखा गया है। यह ट्रेनिंग कार्यक्रम 20 से 22 जुलाई तक धार जिले के पर्यटन स्थल मांडू में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एक दिन के लिए कॉर्पोरेट सेक्टर को ट्रेनिंग देने वाले मोटिवेशनल स्पीकर सोनू शर्मा भी आ रहे हैं। उनके द्वारा डायनेमिक इंडिया ग्रुप बनाया गया है तथा बड़े-बड़े कॉर्पोरेट हाउस में ट्रेनिंग देने के लिए सोनू शर्मा जाते हैं। अभी कांग्रेस के विधायकों को इस बात की ट्रेनिंग देने आ रहे हैं कि किस मुद्दे पर सरकार को सदन के अंदर किस तरह से घेरा जाना चाहिए।

# एक माह में एल्डरमैन, सरकारी वकील और समिति में होंगी नियुक्तियां

भोपाल। भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने अपना एजेंडा जारी कर दिया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि अगले एक माह के अंदर एल्डरमैन, सरकारी वकील, विभिन्न समिति में की जाने वाली नियुक्ति के काम को पूरा कर लिया जाए। इसके साथ ही इस अवधि में ही शहर और जिला इकाई का गठन भी कर लिया जाए। खंडेलवाल ने अपना यह एजेंडा बैठक में घोषित किया। इस बैठक में सभी शहर और जिला अध्यक्ष, सभी मोर्चा और प्रकोष्ठ के संयोजक तथा अध्यक्ष, सभी जिला और संभाग के प्रभारी तथा प्रदेश के पदाधिकारी बुलाए गए थे। बैठक में संगठन में पिछले दिनों आयोजित किए गए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इस बात पर संतोष व्यक्त किया गया कि भारत सरकार द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर का मामला हो या फिर प्रदेश सरकार द्वारा लिए गए जनकल्याणकारी फैसलों का मामला हो, संगठन द्वारा अपनी भूमिका का बेहतर तरीके से निर्वहन किया जा रहा है।

सूत्रों ने बताया कि बैठक में प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि हमें अगले 1 महीने के अंदर सरकारी वकीलों की नियुक्ति के लिए नाम भेजना है। सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत में जो एल्डरमैन की नियुक्ति की जाना है उसके लिए भी हमें सरकार को नाम भेजना हैं। शहर और जिला स्तर की विभिन्न कमेटी में शामिल करने के लिए भी हमें उचित व्यक्तियों के नाम की अनुशंसा करना है। इसमें खासतौर पर सरकारी कालेजों की जनभागीदारी समिति के लिए नाम शामिल हैं। यह सारे कार्य अगले 1 महीने के अंदर कर लिए जाना चाहिए। इन सभी पदों पर जल्दी से जल्दी नियुक्ति हो जाना चाहिए, ताकि नियुक्त होने वाले व्यक्ति काम को समझ सकें और फिर उसके बाद उन्हें काम करने के लिए भी अवसर मिल सके। सूत्रों ने बताया कि इस बैठक में खंडेलवाल ने कहा कि शहर और जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद उनके द्वारा नई कार्यकारिणी का गठन अभी नहीं किया जा सका है। इस कार्य में देरी नहीं करते हुए हमें इस कार्य को भी प्राथमिकता के साथ तेज गति से पूर्ण करना है। हमें यह निश्चित करना है कि अगले 1 महीने के दौरान सभी शहर और जिला इकाई के गठन के कार्य को पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि इस इकाई का गठन करने के लिए क्षेत्र के सांसद, विधायक और अन्य प्रमुख नेताओं की राय ली जाए और उसके आधार पर बेहतर इकाई का गठन किया जाए।

# प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती परीक्षा अगले माह, समय सीमा बढ़ाने की गुहार

भोपाल। प्रदेश में 13000 प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती परीक्षा 31 अगस्त को कराई जाना है। आवेदन प्रक्रिया तीन दिन बाद शुरू हो जाएगी। वहीं अभ्यर्थियों का कहना है कि फिलहाल पोर्टल पर सिलेबस उपलब्ध नहीं है, इसलिए परीक्षा की तारीख को आगे बढ़ाए जाने की मांग की जा रही है। परीक्षा के लिए आवेदन 18 जुलाई से 1 अगस्त तक जमा हो सकेंगे। पहली बार प्राथमिक शिक्षकों की चयन परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में इस बार मनोविज्ञान, संस्कृति सहित कुछ विषयों में परिवर्तन किया गया है एवं कुछ अन्य विषय भी जोड़े जा रहे हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि उन्हें तैयारी के लिए कम से कम 3 महीने का समय मिलना चाहिए। फिलहाल जारी समयसारणी में अभ्यर्थियों को डेढ़ से दो महीने का समय ही परीक्षा की तैयारी के लिए मिल रहा है। इस भर्ती परीक्षा में 13089 पदों पर नियुक्ति होना है और अंग्रेजी, गणित, विज्ञान के अंकों का निर्धारण भी प्रश्न पत्र में तय कर दिया है।




# एमपीपीसीएस ने खत्म की ईडब्ल्यूएस

## उम्मीदवारों को मिलने वाली उम्र की छूट, हाईकोर्ट के आदेश के बाद लिया गया फैसला

भोपाल। मध्य प्रदेश प्रांतीय सिविल सेवा (एमपीपीसीएस) ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के उम्मीदवारों को एमपीपीसीएस में मिलने वाली 5 साल की उम्र में छूट की सुविधा वापस ले ली है। अब ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों को सामान्य श्रेणी की तरह अधिकतम 40 वर्ष की उम्र तक ही आवेदन करने की अनुमति होगी। यह निर्णय मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के निर्देश के बाद लिया गया है। आयोग की ओर से सोमवार को इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया गया है, जिसमें साफ लिखा है कि यह बदलाव तुरंत लागू होगा और उन सभी भर्ती परीक्षाओं पर असर डालेगा जो वर्तमान में चल रही हैं।

पिछले कुछ वर्षों से एमपीपीसीएस में ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों को एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग की तरह 45 साल तक की आयु सीमा में छूट दी जा रही थी। लेकिन अब यह छूट पूरी तरह समाप्त कर दी गई है। आयोग ने कहा है कि 1 जनवरी 2025 की स्थिति में 40 वर्ष से अधिक आयु वाले ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थी अब एमपीपीसीएस की आगामी परीक्षाओं के लिए योग्य नहीं माने जाएंगे।

### चयनित उम्मीदवारों की नियुक्तियों पर संकट

इस आदेश के बाद उन अभ्यर्थियों की नियुक्तियों पर भी सवाल उठने लगे हैं, जो पिछले वर्षों में इसी छूट के आधार पर चयनित हुए थे। आयोग को अब ऐसे मामलों की समीक्षा कर फैसले लेने पड़ सकते हैं। इससे कई उम्मीदवारों की नौकरी पर खतरा मंडरा रहा है। फैसले के बाद प्रदेशभरमें एमपीपीसीएस में ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों में गहरा रोष है। उनका कहना है कि उम्र सीमा जैसे अहम नियमों में बदलाव करने से पहले पूर्व सूचना दी जानी चाहिए थी।

# विधानसभा मानसून सत्र में होगी सियासी तकरार

## पीसी शर्मा बोले- घोटालों को लेकर सरकार से पूछेंगे सवाल - भाजपा ने कहा- प्रदेश की तरक्की में कांग्रेस बाधा साबित

भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में आज जमकर सियासी तकरार होगी। विधानसभा में विपक्ष भर्ती परीक्षा गड़बड़ियों के मामलों को मुद्दा बनाएगा। मामले को लेकर पूर्व मंत्री पीसी शर्मा का बड़ा बयान सामने आया है। कहा- विधानसभा में सरकार को हमारे सवालों का जवाब देना होगा। सरकार नहीं प्रदेश में बड़ा खेल चल रहा। वहीं कांग्रेस के आरोपों पर भाजपा ने पलटवार किया है।



भर्ती परीक्षाओं में घोटाले हो रहे। घोटालों को लेकर सरकार से पूरी ताकत के साथ सवाल पूछेंगे। पटवारी से लेकर शिक्षकों की भर्ती हो या नर्सिंग घोटाला, आरक्षक भर्ती से लेकर इंस्पेक्टर भर्ती में घोटाला। प्रदेश को लूटने पर सरकार आमादा है। आरक्षण से लेकर व्यापमं से जो घोटाला शुरू हुआ है। नर्सिंग व व्यापमं घोटाला हो इंस्पेक्टर की भर्ती के मामले को पूरी जोर-जोर से उठाएंगे। प्रमोशन में रिजर्वेशन मामले को लेकर पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा- सरकार नहीं चाहती प्रमोशन में आरक्षण मिले। मामले में देरी सरकार की साजिश है।

### सरकार बताए विदेश यात्रा में कितना निवेश आया

सरकार कहती कुछ और करती कुछ और है। सीएम डॉ मोहनन यादव के विदेश यात्रा को लेकर भी निशाना साधा है। कहा- विदेश यात्रा करें लेकिन बताएं कितना हुआ खर्च और कितना निवेश आया है। सीएम दुबई से स्पेन जाएंगे। निवेश के नाम पर यात्रा हो रही है। यात्राओं से कांग्रेस को दिक्कत नहीं है। सरकार बताए कितना हुआ खर्च और कितना आया निवेश। विधानसभा में सरकार रिपोर्ट पेश करें।

### कांग्रेस के आरोपों पर भाजपा का पलटवार

मामले को लेकर भाजपा विधायक भगवान दास सबनानी का बयान सामने आया है। सबानानी ने कहा- कमलनाथ सरकार ने मामले को बिगड़ा है। भाजपा सरकार मामले पर पूरी ताकत से लगी है। सरकार चाहती है कि आरक्षित वर्ग को लाभ मिले। कांग्रेस ने कभी काम अच्छे नहीं किए। न्यायालय का निर्णय स्वीकार्य होगा। हरदा मामले पर कहा- कांग्रेस जाति, वर्ग संघर्ष की राजनीति करती है। मध्यप्रदेश शांति का टापू है, घटना दुर्घटना हुई है, कानून के हिसाब से कार्रवाई भी कर रहे हैं।

### कांग्रेस में योग्यता नहीं चाटुकारिता पर विचार

कांग्रेस और दिग्विजय सिंह आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। भाइयों के बीच का विवाद है, निराकरण भी होगा, इस पर राजनीति नहीं करना चाहिए। भाजपा विधायक सबनानी ने कहा- कांग्रेस की दशा नेता आधारित है, समूह, गुट और खेमें में बंटी है। कांग्रेस में कोटा सिस्टम चलता है। वहां योग्यता नहीं चाटुकारिता पर विचार होता है। जिनके पास न नीति हो, न नियत हो, वो क्या निष्पक्षता की बात करेंगे।

# वेस्टइंडीज को 27 रनों पर समेट कर ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से सीरीज जीती

## टेस्ट इतिहास का दूसरा सबसे कम स्कोर बना

किंग्स्टन। तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड की घातक गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच की दूसरी पारी में केवल 27 रनों पर ही आउट कर 3-0 से सीरीज में क्लीन स्वीप किया है। वहीं इस मैच में मेजबान टीम की 176 रनों से करारी हार के साथ ही उसके नाम टेस्ट इतिहास का दूसरा सबसे कम स्कोर दर्ज हुआ है। इससे पहले, मार्च 1955 में न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड के खिलाफ 26 रन पर ही आउट हो गयी थी। इस मैच में मेजबान टीम को जीत के लिए केवल 204 रनों का लक्ष्य मिला था, जिसके जवाब में वह केवल 27 रनों पर ही सिमट गई। वहीं वेस्टइंडीज का इससे पहले का सबसे कम स्कोर 47 रन है ये उसने मार्च 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था।

वेस्टइंडीज की टीम इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड के सामने टिक नहीं पायी। बोलैंड ने 14वें ओवर की शुरुआती तीन गेंदों पर ही जस्टिन ग्री०?स, शमर जोसेफ और जोमेल वारिकन के विकेट ले लिए। इसी के साथ बोलैंड टेस्ट में हैट्रिक लेने वाले 10वें ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए हैं। वह गुलाबी गेंद से टेस्ट में हैट्रिक लेने वाले विश्व के पहले गेंदबाज हैं। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम केवल 225 रन ही बना पायी। इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए मेजबान वेस्टइंडीज अपनी पहली पारी में महज 143 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी दूसरी पारी में महज 121 रन ही बना पायी। वेस्टइंडीज की ओर से इस पारी में शमर जोसेफ ने चार विकेट जबकि अल्जारी जोसेफ ने पांच विकेट लिए।

इसके बाद 204 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम 27 रन ही बना पायी। केवल एक बल्लेबाज जस्टिन ग्रीव्स ही दो अंकों तक पहुंच पाये। ऑस्ट्रेलिया की और से मिचेल स्टार्क ने 7.3 ओवर में 9 रन देकर छह विकेट लिए। वहीं बोलैंड ने दो ओवरों में ही तीन विकेट लिए, एक विकेट जोश हेजलवुड को मिला।




# स्टार्क ने 100 वें टेस्ट में बनाये कई रिकार्ड

किंग्स्टन। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने अपने 100 वें टेस्ट मैच में 400 विकेट पूरे करने के साथ ही कई नये रिकार्ड भी अपने नाम किये हैं। मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ इस मैच में घातक गेंदबाजी करते हुए 7.3 ओवरों में केवल नौ रन देकर छह विकेट लिए। इससे ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टेस्ट के साथ ही सीरीज भी जीत ली है।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने अपने स्पेल की पहली गेंद पर मेजबान टीम के जॉन कैंबल को आउट कर दिया। इसी ओवर में उन्होंने केवलोन एंडरसन और ब्रेंडन किंग को भी चलता किया। फिर अपने तीसरे ओवर में स्टार्क ने मिकेल लुईस और शाई होप को आउट करके इतिहास रच दिया। मिकेल लुईस टेस्ट में स्टार्क के 400वें शिकार बने। यह उपलब्धि उन्होंने अपने 100वें टेस्ट में हासिल की। वो टेस्ट इतिहास में 400 विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलिया के चौथे और तीसरे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बने हैं। स्टार्क ने अपने घातक स्पेल से विश्व रिकॉर्ड भी स्थापित किया। स्टार्क सबसे कम गेंदों में एक पारी में पांच विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने केवल 15 गेंदों में पांच विकेट लिए। इससे पहले यह रिकॉर्ड संयुक्त रूप से तीन गेंदबाजों एर्नी तोषाक, स्टुअर्ट ब्रॉड और स्कॉट बोलैंड के नाम था जिन्होंने 19 गेंदों में पांच विकेट लिए थे।




स्टार्क ने अपने स्पेल के पहले ओवर में तीन विकेट लेकर 19 साल बाद इतिहास दोहराया। स्टार्क 2002 के बाद टेस्ट में पहले ओवर में तीन विकेट लेने वाले दुनिया के दूसरे गेंदबाज बने। स्टार्क से पहले 2006 में इरफान पठान ने पारी के पहले ओवर में तीन विकेट लिए थे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ कराची टेस्ट में हैट्रिक ली थी।स्टार्क ने टेस्ट में 400 विकेट पूरे करने के लिए 19062 गेंदें फेंकी। वो सबसे तेज 400 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बने। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन के नाम अब भी यह रिकॉर्ड दर्ज है, जिन्होंने 16634 गेंदों में 400 विकेट पूरे किए थे।

# तीसरा टेस्ट विवादों से भरा रहा, जडेजा से टकराये कार्स

लॉर्ड्स । भारत और इंग्लैंड के बीच यहां लॉर्ड्स में हुए तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में कई विवाद भी हुए। अंतिम दिन जब भारतीय टीम के रविन्द्र जडेजा बल्लेबाजी कर रहे थे तो मेजबान टीम के गेंदबाज ब्रायडन कार्स उनसे टकरा गये थे।ये मामला 35वें ओवर का है। तब अंतिम गेंद पर जडेजा और कार्स की टक्कर हो गयी थी। जडेजा ने स्क्वायर ड्राइव खेलते हुए एक रन लेने का प्रयास किया तभी वह कार्स से टकरा गए। ये टक्कर इतनी तेज थी कि कार्स का हाथ जडेजा की गर्दन तक पर टकरा गया।



जडेजा ने इसको लेकर कहा कि उनकी नजर गेंद पर थी और वह जानबूझकर नहीं टकराये थे। ममला बढ़ता देख इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और अंपायरों ने दोनों खिलाड़ियों से बात कर मामला हल किया। इससे पहले चौथे दिन सुबह मोहम्मद सिराज और मेजबान बल्लेबाज बेन डकट के बीच कंधे टकराने से विवाद हो गया था। वहीं तीसरे दिन जैक क्रॉली को समय बर्बाद करता देखकर भारतीय कप्तान शुभमन गिल भड़क गये थे।

# जडेजा 7,000 रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल

लंदन। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भले ही लॉर्ड्स में अपनी नाबाद 61 रनों की पारी से भारतीय टीम को जीत नहीं दिला पाये पर इस मैच में उन्होंने एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली। जडेजा 7,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे करने वाले खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गये। इसमें अब तक ऋषभ पंत, सौरव गांगुली, महेंद्र सिंह धोनी और मंसूर अली खान पटौदी जैसे खिलाड़ी शामिल थे।

इस अनुभवी ऑलराउंडर ने अपने 7,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे किए। 361 अंतरराष्ट्रीय मैचों की 302 पारियों में पूरे किये। इस दौरान उन्होंने चार शतक और 39 अर्द्धशतक लगाये। उन्होंने 33.41 के औसत से 7,018 रन बनाए हैं और इस दौरान उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 175 रनों का रहा। 83 टेस्ट मैचों में उन्होंने 36.97 की औसत से 3,697 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और 26 अर्द्धशतक शामिल हैं, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 175 रन रहा है। इस श्रृंखला के दौरान तीन मैचों में उन्होंने छह पारियों में 109.00 की औसत से 327 रन बनाए हैं जिसमें चार अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 89 है। वह अब तक सीरीज में पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।



वह इंग्लैंड में लगातार चार या अधिक अर्द्धशतक बनाने वाले तीसरे खिलाड़ी के रूप में पंत (2021-25 के बीच पांच अर्द्धशतक) और गांगुली (2002 में चार अर्द्धशतक) की विशिष्ट श्रेणी में शामिल हो गए हैं। महान वीनू मांकड़ ( 1952 में 72 और 184) के अलावा वह लॉर्ड्स में दोनों पारियों में पचास से अधिक रन बनाने वाले एकमात्र भारतीय हैं।

# शुभमन को ऋषभ के चौथे टेस्ट तक फिट होने की उम्मीद

लंदन । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल को उम्मीद है कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच में खेल सकेंगे। ऋषभ को लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान अपनी बाएं हाथ की तर्जनी उंगली में चोट लग गयी थी। जिसो बाद उनकी जगह पर ध्रुव जुरेल ने विकेटकीपिंग की थी। शुभमन ने कहा कि उनके स्कैन में कोई गंभीर चोट नहीं पाई गई है, इससे हमें उनके फिट होने की उम्मीद है। । ऋषभ इस सीरीज में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने छह पारियों में 70.83 की औसत से 425 रन बनाए हैं। तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान जब 34वां ओवर चल रहा था, तब जसप्रीत बुमराह की लेग-साइड की एक गेंद को पकड़ने के प्रयास में उनकी उंगली में गेंद लग गई थी। जिसके बाद वह विकेटकीपिंग जारी नहीं रख सके। इस बल्लेबाज ने दोनों पारियों में नंबर पांच पर बल्लेबाजी की। पहली पारी में उन्होंने 74 रन बनाए, जबकि दूसरी पारी में वह 9 रन ही बना पाये। दूसरी पारी में बल्लेबाजी के दौरान वह सहज नहीं दिखे। शॉट खेलने के दौरान वह चोटिल हाथ को लगातार बल्ले से अलग कर ले रहे थे।

जब पंत क्रीज पर आए, तब भारत को जीत के लिए 135 रन और बनाने थे और छह विकेट शेष थे। जोफ्रा आर्चर की तेज गेंदबाजी के सामने वह पूरी तरह असहज दिखे और बार-बार बल्ले से अपना नीचे वाला हाथ हटा रहे थे।

# जडेजा का अनुभव टीम के लिए विशेष -शुभमन

लंदन। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने लॉर्ड्स टेस्ट में अंतिम समय तक संघर्ष करने वाले ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनका अनुभव और कौशल दुर्लभ है। जडेजा ने तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में नाबाद 61 रन बनाकर मैच में भारतीय टीम को जीत दिलाने की पूरी कोशिक की थी हालांकि वह इसमें सफल नहीं हुए। जडेजा को पांचवें दिन पहले सत्र की शुरुआत में ही बल्लेबाजी के लिए उतरना पड़ा। उन्होंने 181 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 61 रन बनाए, जिसमें एक छक्का और चार चौके शामिल रहे पर किसी अन्य बल्लेबाज के साथ नहीं देने के कारण उनका प्रयास सफल नहीं हो पाया।




शुभमन ने जडेजा की प्रशंसा करते हुए कहा, जडेजा भारत के सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ियों में से एक हैं। वह जो अनुभव और हुनर गेंदबाजी, बल्लेबाजी और फील्डिंग में लाते हैं, वह बहुत ही विशेष है। मैच के पांचवें दिन उन्होंने जिस तरह धैर्य और समझदारी से खेला, वह सच में शानदार और देखने लायक था।

कप्तान ने निचले क्रम की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि पिछले दो मुकाबलों में हमने निचले क्रम के साथ बल्लेबाजी करने की बात की थी। हमारा निचला क्रम उतना योगदान नहीं दे रहा था पा इस मैच में उन्होंने जो जज्बा और साहस दिखाया, वह शानदार था। हम अंत तक मैच में बने हुए थे। ऐसा लग रहा था कि अगर कोई साझेदारी 10 रन और जोड़ लेती, तो हम जीत जाते। मुझे लगता है कि यह टीम का बहुत शानदार प्रयास है। कप्तान ने टीम की कमजोरियों को को स्वीकारते हुए कहा, मुझे लगता है कि हमने चौथे और पांचवें दिन उतना अच्छा नहीं खेला जितना चाहिये था। शीर्ष क्रम में अगर एक-दो जोड़ी के बीच 50 रन की साझेदारी हो जाती, तो बाद में बल्लेबाजी करना आसान रहता। यही हमारी कोशिश थी पर यह पहली बार है जब हमने सीरीज में उस स्तर का प्रदर्शन नहीं किया, जैसा अब तक करते आए हैं पर कभी-कभी ऐसा होता है। अब टीम का प्रयास बचे हुए दोनो मैचों में अच्छा प्रदर्शन करना रहेगा।

# लॉर्ड्स टेस्ट में जडेजा इस कारण बीच में ही ड्रेसिंग रूम लौटे

लॉर्ड्स। यहां इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी कर अंतिम समय तक भारत की उम्मीदें बनाये रखने वाले रविन्द्र जडेजा को एक बार बीच में ही बल्लेबाजी छोड़कर ड्रेसिंग रूम भी लौटना पड़ा था। जडेजा को रोमांचक मुकाबले के बीच में ही बल्लेबाजी छोड़कर ड्रेसिंग रुप की ओर लौटता देखकर प्रशंसक भी हैरान हो गये पर बाद में पता चला कि वह बाथरुम ब्रेक के लिए लौटे थे जिसे टाला नहीं जा सकता था। इसके लिए उन्होंने अंपायर से बात अनुमति ली थी। जब वह ब्रेक लेकर मैदान से बाहर गए तब भारतीय टीम का स्कोर 9 विकेट पर 159 रन था।

# शुभमन इंग्लैंड में सबसे अधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने

लंदन। भारतीय टेस्ट टीम के नये कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड में सबसे अधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गये हैं। शुभमन ने इस दौड़ में राहुल द्रविड, विराट कोहली सभी अन्य बल्लेबाजों को पीछे छोड़ दिया है। विराट कोहली के टेस्ट में संन्यास के बाद शुभमन को कप्तानी दी गयी थी। शुभमन ने कप्तान बनते ही जबरदस्त बल्लेबाजी शुरु करते हुए गावस्कर के अलावा राहुल द्रविड़ और विराट कोहली के रिकॉर्ड्स भी तौड़ दिए। इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में भले ही गिल ने 16 और 6 रन की पारियां खेली पर इसके बाद भी हव सीरीज में 607 रन बनाकर नंबर एक पर बने हुए हैं। अब गिल 607 रन के साथ इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए है। पहले यह रिकॉर्ड द्रविड़ के नाम था जिन्होंने साल 2002 में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा 602 रन बनाए थे। वहीं अब गिल के नाम इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है। इस सूची में तीसरे नंबर पर विराट हैं जिन्होने 2018 में इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 593 रन बनाए थे।

इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट सीरीज में शुभमन ने अब तक तीन शतक लगाए है जिसमें एक दोहरा शतक भी शामिल है। एक टेस्ट सीरीज में सबसे अधिक रन बनाने के रिकॉर्ड में दूसरे नंबर पर मौजूद राहुल द्रविड़ ने 2002 में तीन शतक। वहीं विराट कोहली ने 2018 में दो शतक, सुनील गावस्कर ने 1979 में एक दोह शतक और चार अर्धशतक लगाए थे।

# जडेजा की उनदेखी, स्टोक्स को मिला प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड

लॉर्ड्स। भारत और इंग्लैंड के बीच यहां हुए लॉर्ड्स टेस्ट में सभी को उम्मीद थी कि भारतीय टीम के ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा को उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच मिलेगा पर ऐसा नहीं हुआ और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को ये अवार्ड दिया गया। इस मैच में दोनो ही पारियों में जडेजा ने अच्छी बल्लेबाजी कर भारतीय टीम को अंतिम समय तक मैच में बनाये रखा था हालांकि वह टीम को जीत नहीं दिला पाये। ये रोमांच मैच लंबे समय तक याद रखा जाएगा। मैच के आखिरी दिन अंतिम सत्र सेशन तक चले मुकाबले में टीम इंडिया की उम्मीदें जडेजा ने बनाये रखीं थीं पर उन्हें दूसरे छोर पर किसी का साथ नहीं मिला। वह 61 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पांच मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला मेजबान टीम ने 22 रनों से जीत लिया। इस मैच में भारतीय टीम को मेजबानों ने जीत के लिए 193 रन का लक्ष्य दिया था जिसका पीछा करते हुए भारतीय टीम 170 रन ही बना पायी। जडेजा ने 181 गेंदों पर नाबाद 61 रन बनाए वहीं बाकि बल्लेबाज असफल रहे।




जडेजा के इस प्रदर्शन के लिए उनकी जमकर प्रशंसा हुई है। दोनों पारी में उन्होंने पचास से अधिक रन बनाये पर इसके बाद भी ऑफ द मैच का पुरस्कार स्टोक्स को मिला। स्टोक्स ने लॉर्ड्स टेस्ट की दो पारियों में 44 और 33 रन बनाए. इसके अलावा पहली पारी में 2 जबकि दूसरी पारी के दौरान 3 विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

स्टोक्स लॉर्ड्स में टेस्ट मैचों में चार प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार जीतने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

इससे पहले इस मैदान पर उनके ही हमवतन जो रूट ने तीन बार जबकि ऑस्ट्रेलिया गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा ने दो बार ये पुरस्कार जीता था।

# गांगुली से प्रेरित थे आर्चर- स्टोक्स

लंदन। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि तीसरे टेस्ट से वापसी करने वाले तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली द्वारा लार्ड्स की बालकनी में शर्ट लहराने की घटना से प्रभावित थे। गांगुली ने साल 2002 में नेटवेस्ट ट्रॉफी में जीत के बाद जश्न के दौरान अपनी शर्ट लहरा दी थी। स्टोक्स ने कहा कि आर्चर इससे काफी प्रेरित थे और इसी कारण चार साल बाद भी वापसी के दौरान उनका प्रदर्शन ठीक रहा।

आर्चर ने तीसरे टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर के विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई । स्टोक्स ने 22 रनों से मिली जीत के बाद कहा, 'मैंने आज सुबह उससे कहा, तुम्हें पता है कि आज क्या है। पता है ना। उसने मुझसे कहा, तुम्हें पता है कि उस दिन भारत ने 300 से अधिक रन बनाकर जीत हासिल की थी और गांगुली ने शर्ट लहराई थी। उसे लग रहा था कि वह विश्व कप फाइनल था और इस घटना को आज छह साल हो गए हैं।

इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में अपनी जीत उसी दिन दर्ज की जिस दिन उसने 2019 में एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में स्कोर बराबर रहने के बाद अधिक बाउंड्री के आधार पर न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत हासिल की थी। हालांकि जब स्टोक्स ने आर्चर को छह साल पहले के उस महत्वपूर्ण दिन के बारे में याद दिलाया, तो तेज गेंदबाज को 17 साल पहले हुए गांगुली वाले पल की याद आ गई। इसलिए। मुझे पूरा भरोसा था कि जोफ्रा आज कुछ ऐसा करने वाला है जिससे मैच में अंतर पैदा हो जाए। चोट के बाद वापसी करने वाले स्टोक्स ने कहा कि वह 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के लिए फिट रहेंगे।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग, जिला जेल के सामने बालाघाट (म.प्र.)**

दूरभाष :– 07632-358737 ई–मेल :– dpepiu.balaghat@mp.gov.in

जेम/2025/ब/6441273 दिनांक 12.07.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :

| स.क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की राशि (कार्य की लागत) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में) | ठेकेदार/फर्म की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| 1 | GEM/2025/B/ 6441273 | जिला बालाघाट में आदिवासी विभाग अंतर्गत 03 नग शासकीय उच्च. माध्यमिक विद्यालय (परसवाड़ा,डोंगरिया एवं भीडी) में 10 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य में स्मार्ट क्लास तथा फर्नीचर स्थापना का कार्य | बालाघाट | 237.08 | 711230.00 | शासन अंतर्गत पंजीकृत निर्माता (OEM) प्रदायकर्ता | 1 |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http:// Gem Portal पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन–लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन–लाईन दिनांक 12.07.2025 समय दोपहर 03:00 बजे से दिनांक 25.07.2025 समय शाम 6:00 बजे तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी–15640/25

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग बालाघाट

# एक महिला गांव की तीन दर्जन से अधिक महिलाओं के नाम से लोन लेकर हो गई फरार

## अब माइक्रो फाइनेंस कंपनी वाले महिलाओं को लोन जमा करने बना रहे दबाव, पुलिस थाने मे महिलाओं ने की शिकायत, ग्राम बोडुन्दाकला का मामला



किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बोडुन्दाकला की तीन दर्जन से अधिक महिलाओं एवं पुरुषों ने पुलिस थाना किरनापुर पहुंचकर ग्राम की ही एक महिला जानका बाई नोनारकर द्वारा गांव की अनेक महिलाओं को गुमराह करते हुए एवं झांसा देकर अलग अलग महिलाओ के नाम से लोन लेकर फरार हो जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस थाने मे शिकायत की है।

बताया गया है कि जानका बाई नोनारकर द्वारा ग्राम बोडुन्दाकला की समुह की महिलायें से वेक विटास कम्पनी, स्वतंत्र कम्पनी, अन्पूर्णा फायनेंस, ग्रामीण कोटा, नेमी फिन्स कम्पनी व अन्य कम्पनीयों के द्वारा समुह के आवेदिकाओ/रिपोर्टकर्ता के नाम से लोन लिया गया है। उक्त लोन लेते समय आवेदिका गणो के ही दस्तावेज मांगी थी। और लोन स्वीकृत होने के पश्चात् उक्त राशि अनावेदिका जानका बाई ही रखती व स्वयं खर्च भी करती थी। और बदले में उक्त लोन की सभी किस्त अनावेदिका के द्वारा ही जमा किया जाता था। और उनको यह आश्वासन देती थी। की लोन सिर्फ तुम्हारे नाम से रहेगा। और उसकी सारी किस्त एवं सारी जिम्मेदारी मेरी स्वयं की रहेगी। अनावेदिका जानका बाई नोनारकर दिनांक 01/07/2025 के रात को समुह की महिलायें को बिना बताये फरार हो गई जिससे फायनेंस कम्पनी वाले लोन की किस्त अदा ना होने पर अभी वर्तमान में आवेदिकाओ/ रिपोटकर्ता के घर दबाव डाल रहे है। और कहते है की लोन की राशि तुम नही चुकाओगे तो हम तुम्हारे घर में ताला लगा देंगे। ऐसी धमकी आय दिन उने ऐजेन्ट द्वारा दी जाती है। जिससे आवेदिकागण घबरा गई और उनको इस बात की जानकारी नही थी की अनावेदिका लोन की राशि नही पटायेंगी अनावेदिका द्वारा बहेला फुसला अलग-अगल कम्पनीयों से लोन उठाकर स्वयं लोन की राशि इस्तेमाल कर अनावेदिका फरार हो गई जिसकी जानकारी समुह की महिलायें द्वारा पता साजी किये पर अनावेदिका का कोई पता नही चला और वर्तमान अनावेदिका कहां है। इस बात की कोई जानकारी नही है।

इसके अलावा उसने सुरेखा वाघाडे पति रविन्द्र वाघाडे, एवं यशोदा वाघाडे पति राजेश वाघाडे निवासी बोडुन्दाकला के घर से दो मंगल सुत्र एवं एक जोडी पायल लगभग किमत 2,00,000/- दो लाख रूपये के जेवरात इस आशय से मांगी की मैं शादी जा रही हूँ। इसलिये तुम मुझे जेवर दे दो मैं 2 दिन में शादी से वापस आकर जेवर वापस कर दूंगी। किन्तु जेवर वापस नही की तब उक्त जेवर के बारे में पता साजी किये तो जोवर ग्राम खारा में सोने चांदी की दुकान में गिरवी रखी है। तब सुरेखा वाघाडे एवं यशोदा वाघाडे द्वारा सोने चांदी की दुकान ग्राम खारा में जाकर पुछताछ किये तो दुकानदार ने बोला की ये जेवर मेरी दुकान में जानकाबाई पति विजय कुमार के द्वारा रखा गया है। और बदले में 50,000/- पांच हजार रूपये की राशि ली है। और अनावेदिका जानका बाई नोनारकर दिनांक 01/07/2025 की रात्रि को फरार हो गई। ऐसी स्थिति में अनावेदिका के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही कर गांव की महिलाओं को न्याय दिलवाए जाने की मांग कर शिकायत पत्र किरनापुर थाना प्रभारी अशोक कुमार ननामा को सौंपा है।

## आंगनवाड़ी केंद्र क्रं. 34 में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया व परियोजना अधिकारी शैलेंद्र चौकसे के मार्गदर्शन में बालाघाट शहरी परियोजना के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 34 गंगा नगर में 15 जुलाई 2025 को आयुष विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. खुशबू मेश्राम द्वारा समस्त बच्चों, किशोरियों, गर्भवती, धात्री व वृद्ध महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां वितरित की गई। साथ ही कुपोषित बच्चो की जांच कर एनआरसी में भर्ती करवाने के लिए समझाइश दी गई। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया ने कार्यकर्ता के द्वारा किये गए वजन ऊंचाई का सत्यापन समक्ष में किया। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षक श्रीमती अंजना दुबे, श्रीमती नेहा ठाकुर, आयुष विभाग से श्रीमती वंदना राजपूत एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस विभाग एवं ग्रामवासियों ने निकली नशा मुक्त अभियान के लिए रैली

लामता(पद्मेश न्यूज)। मध्य प्रदेश ओर पुलिस विभाग द्वारा चलाया जा रहा प्रदेश भर में नशा मुक्त अभियान का लामता नगर में भी पुलिस विभाग,ग्रामवासी,स्कूल के बच्चे और पत्रकार बंधुओं द्वारा एक नशा मुक्त अभियान के लिए रैली निकली गई जो नगर के विभिन्न चौराहों से होकर बस स्टैंड गांधी चौक लामता पहुंची,जहां पर सभी नगरवासियों ,स्कूल के बच्चे को,पुलिस विभाग के सभी अधिकारी ,ओर पत्रकारों को नशा से दूर रहने के लिए शपथ दिलाई गई,*सरपंच हुलासमल कोचर* ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नशा के मद में चूर है,स्कूल के बच्चे को भी नशा से दूर रहने की सलाह दी गई,जिससे जीवन सुखमय बना रहे।




लामता थाना प्रभारी नितिन पटेल ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार ओर पुलिस विभाग द्वारा नशा मुक्त अभियान चलाया जा रहा है, इस नशा की लत से नशा करने वाला ही ,बल्कि उसका पूरा परिवार भी परेशान होता हैं,आपने सभी को नशे की लत से दूर रहने की समझाइश दी ।

इस कार्यक्रम में हुलासमल कोचर सरपंच लामता,नितिन पटेल थाना प्रभारी लामता ,समस्त पुलिस स्टॉप, स्कूल के बच्चे,ओर पत्रकार बंधु,ओर ग्रामवासी मौजूद रहे।

## शालाओं के बच्चों द्वारा पौधारोपण के मामले में बालाघाट जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक बनाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शालाओं में दर्ज छात्र छात्राओं के माध्यम से एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधे लगाने के निर्देश दिये गए है। कलेक्टर मृणाल मीणा के मार्गदर्शन में बालाघाट जिले में इस अभियान का प्रभावी क्रिया-?वयन किया जा रहा है। इस अभियान में लगाए गए पौधो की सुरक्षा के साथ ही उसके फोटो माई लाईफ एप्प पर अपलोड करने के निर्देश दिये गए है। इस एप्प पर फोटो अपलोड करने के पश्चात विद्यालय के प्राचार्य द्वारा पौधे लगाने वाले छात्र छात्रा को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जा रहा है। इस अभियान में पौधारोपण के मामले में बालाघाट जिला सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में प्रथम




स्थान पर है।

जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय ने बताया कि विभाग के निर्देशों के अनुरूप जिले की शालाओं में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की सहभागिता से एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया जा रहा है। छात्र छात्राओं द्वारा माँ के नाम पर शाला परिसर, अपने घर एवं खेतों में पौधे लगाए जा रहे है। 15 जुलाई तक जिले में इस अभियान के अंतर्गत 1255 शालाओं के छात्र छात्राओं द्वारा 26 हजार 913 पौधे लगाये जा चुके है और इसकी जानकारी माई लाईफ एप्प पर फोटो सहित अपलोड की जा रही है। इस एप्प पर दर्ज जानकारी के अनुसार सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में बालाघाट जिला शालाओं के बच्चों द्वारा पौधारोपण के मामले में प्रथम स्थान पर है। जबकि बैतूल जिला 1541 शालाओं के बच्चों द्वारा लगाए गए 25 हजार 324 पौधारोपण के साथ द्वितीय स्थान पर है। इस अभियान के अंतर्गत बालाघाट जिले के स्कूलों में सेंट मेरी स्कूल बालाघाट प्रथम, सांदीपनि विद्यालय बोलेगांव द्वितीय, सांदीपनि विद्यालय कटंगी तृतीय, सांदीपनि विद्यालय लेंडेझरी चतुर्थ, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लांजी पांचवे एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नेवरगांव (वॉ) छटवें स्थान पर है। शालाओं के बच्चों द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत लगाये जा रहे पौधो की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अभियान में बच्चें भी भावनात्मक रूप से लगाए गए पौधे की सुरक्षा के लिए सजग रहेंगे। क्योंकि यह पौधे वे अपनी माँ के नाम पर लगा रहे है।

## 16 जुलाई को भीमगढ़ बांध से वैनगंगा में छोड़ा जाएगा 20 हजार क्यूसेक पानी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। 16 जुलाई को प्रातः 08 बजे संजय सरोवर परियोजना भीमगढ़ बांध से जल निकासी के लिए बांध के 03 गेट खोले जाएंगे। इन गेट से 20 हजार क्यूसेक पानी वैनगंगा नदी में छोड़ा जाएगा। जिससे नदी का जल स्तर बढ़ने की संभावना रहेगी। कलेक्टर मृणाल मीणा ने जिले के वैनगंगा नदी के किनारे स्थित ग्रामों के ग्रामीणों से अपील की है कि वैनगंगा नदी के जल स्तर के बढ़ने की संभावना को देखते हुए सावधानी और सर्तकता बरते और नदी से सुरक्षित दूरी बनाए रखे तथा अपने मवेशियों को भी नदी से दूर रखे।

## विशेष अभियान के तहत जिला जेल बालाघाट में पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में विशेष अभियान 'विधिक सेवा-प्रकृति की रक्षा' 'पंच-ज' अभियान अंतर्गत जिला जेल बालाघाट के परिसर में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री सतीष शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीतेन्द्र मोहन धुर्वे, जेल अधीक्षक रामलाल सहलाम, लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं अन्य उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित समस्त




अधिकारियों द्वारा भी पौधारोपण किया गया। यह विशेष अभियान 15 जुलाई से 15 सितम्बर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमे विद्यालय, महाविद्यालय, शासकीय संस्थानों, ग्राम पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक पौधारोपण किया जायेगा।

## विश्व संवाद केंद्र नागपुर के द्वारा उत्कृष्ट पत्रकारिता विद्यार्थी पुरस्कार से सम्मानित हुई वेदिका मिश्रा

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। विश्व संवाद केंद्र नागपुर के द्वारा आयोजित आद्य पत्रकार देवर्षि नारद पत्रकारिता सम्मान समारोह २०२५ में वारासिवनी निवासी राकेश मिश्रा की सुपुत्री वेदिका मिश्रा को उत्कृष्ट पत्रकारिता विद्यार्थी श्रेणी में आद्य पत्रकार देवर्षि नारद सम्मान से सम्मानित किया गया। वेदिका मिश्रा वर्धा स्थित महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में स्नातक की छात्रा हैं । विश्व संवाद केंद्र द्वारा आयोजित इस गरिमामय समारोह में पत्रकारिता के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले वरिष्ठ पत्रकारों एवं प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया गया। वेदिका




मिश्रा को यह पुरस्कार पत्रकारिता की छात्रा रहते हुए उनकी लेखनी की स्पष्टता, निर्भीक अभिव्यक्ति , सामाजिक विषयों पर आधारित लेखन एवं छात्र पत्रकारिता में सक्रिय भूमिका के लिए प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ पत्रकारों एवं संपादकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें नारद मुनि के आदर्शों को आज की पत्रकारिता से जोड़ने की प्रेरणा भी साझा की गई। यह सम्मान ना केवल वेदिका के लिए बल्कि उनके परिवार , विश्वविद्यालय तथा पत्रकारिता की पढ़ाई करने वाले समस्त छात्रों के लिए गौरव की बात है। इसके अतिरिक्त वेदिका के द्वारा पूर्व में विविध प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त किए जा चुके हैं। जिनमें राष्ट्रीय स्तर की भी कई प्रतियोगिताएं शामिल हैं। वेदिका ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता तथा गुरुजनों के आर्शीवाद को दिया है।

# मप्र में अब तक 18 इंच पानी गिरा...

## जुलाई में ही डैम ओवरफ्लो, ग्वालियर, शाजापुर में बारिश, रायसेन में सडक़ों पर भरा पानी

नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ । मप्र में 16 जून को मानसून की एंट्री के बाद अब तक प्रदेश में 18 इंच बारिश हो चुकी है। कई जिलों में बाढ़ के हालात है। मंगलवार को दोपहर के बाद ग्वालियर, शाजापुर समेत 9 जिलों में तेज पानी गिरा। रायसेन में 20 मिनट की बारिश में सडक़ों पर पानी भर गया। प्रदेश में अब तक कोटे की आधी बारिश हो चुकी है। निवाड़ी में तो 103 प्रतिशत तक पानी गिर चुका है। मंडला, टीकमगढ़ में भी बारिश का कोटा 75 प्रतिशत तक फुल हो गया है। अगले 4 दिन यानी 18 जुलाई तक तेज बारिश का दौर चलेगा।

मप्र के जबलपुर, रीवा, शहडोल, सागर, मंडला, श्योपुर, सिवनी, उमरिया, छतरपुर समेत कई जिलों में एक सप्ताह से लगातार बारिश हो रही है। इस कारण इन जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। श्योपुर के कई इलाके और गांव पानी से घिरे रहे। मकान-दुकानों से लेकर अस्पताल तक में पानी भर गया। वहीं, नर्मदा नदी खतरे के निशान से ऊपर रही।

### राजस्थान में भारी बारिश से 16 की मौत

राजस्थान में भारी बारिश के चलते बाढ़ के हालात हैं। प्रदेश में बरसात के कारण हुए अलग-अलग हादसों में 24 घंटे में 16 लोगों की मौत हो गई। कोटा में प्रदेश में सबसे ज्यादा 198 एमएम बारिश हुई। यहां कोटा बैराज के 12 गेट खोले गए हैं। मप्र में मानसून जमकर बरस रहा है। नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जबलपुर, रीवा समेत 10 जिलों में एक सप्ताह से लगातार बारिश जारी है। इन जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। सोमवार को श्योपुर के कई इलाके और गांव पानी से घिरे रहे। मकान-दुकानों से लेकर अस्पताल तक में पानी भर गया।

### यूपी में उद्घाटन से पहले 4 पुलों की सडक़ें बहीं

यूपी के लखनऊ, कानपुर, बरेली समेत 15 शहरों में तेज बारिश के कारण जलभराव-बाढ़ के हालात हैं। प्रदेश के कई बांध ओवरफ्लो होने लगे हैं। ललितपुर के गोविंद सागर बांध के 17 गेट खोले गए। चित्रकूट में उद्घाटन से पहले 51 करोड़ से बने 4 पुलों की एप्रोच सडक़ें बह गईं। हिमाचल प्रदेश में बीते 24 दिन में 105 लोगों की मौत बारिश से जुड़ी घटनाओं में हो चुकी हैं। राज्य की 200 से ज्यादा सडक़ें अभी भी बंद हैं। मनाली-चंडीगढ़ हाईवे पिछले 3 दिन से रोजाना लैंडस्लाइड के चलते बंद हो रहा है।

### राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में तेज बारिश जारी

राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में तेज बारिश हो रही है। निचले इलाकों कई फीट तक पानी भरा हुआ है। जोधपुर में साबरमती-जोधपुर एक्सप्रेस रद्द की गई। राजस्थान में मानसून के इस सीजन बारिश से जुड़ी घटनाओं में अबतक 16 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें पानी में डूबने, बिजली गिरने, बिल्डिंग गिरने और करंट लगने से हुई मौत शामिल हैं। चित्तौडग़ढ़ में 4, कोटा में 4, प्रतापगढ़ में 3, चूरू में 2, राजसमंद में 1, भरतपुर में 1 और पाली में 1 की मौत हुई है। वहीं अधिकारियों ने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे के पाली मारवाड़-बोमाडा रेलवे खंड पर पटरियों पर जलभराव के कारण ट्रेन रद्द करनी पड़ी हैं।

## चांगोटोला पुलिस द्वारा नशा मुक्त अभियान नशे से दूरी है जरूरी का किया गया आयोजन

चाँगोटोला(पद्मेश न्यूज)। पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश अनुसार 15 जुलाई को नशा मुक्त अभियान नशे से दूरी है जरूरी के अंतर्गत सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांगोटोला में चाँगोटोला पुलिस टीम द्वारा जन-जागरूकता अभियान चलाया गया।इस अवसर पर




स्कूल स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को नशे की भयावहता, सामाजिक दुष्परिणाम, तथा इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस टीम द्वारा सभी को यह समझाया गया कि नशा केवल व्यक्तिगत नुकसान नहीं करता, बल्कि परिवार, समाज और देश की नींव को भी कमजोर करता है।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्त बालाघाट के संकल्प के साथ शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे।

थाना चांगोंटोला पुलिस द्वारा आगे भी नशे से दूरी है जरूरी का आयोजन करके इसी तरह के जागरूकता अभियान निरंतर चलाए जाएंगे, ताकि समाज को एक सकारात्मक दिशा दी जा सके।

## घायल उल्लू का किया गया रेस्क्यू




बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिले में हो रही लगातार भारी बारिश का असर जहां एक ओर आम जन जीवन पर पड़ रहा है तो वहीं दूसरी ओर वन्य प्राणी व वन्य पक्षी भी इससे अछूते नही है। बादलों की गड़गड़ाहट, बिजली की चमक के साथ मंगलवार दोपहर हुई इस भारिश से पचपेढ़ी से परसवाड़ा रोड़ स्थित एक पेड़ से वन्य पक्षी उल्लू सड़क पर गिरकर घायल हो गया। स्थानीय जनों द्वारा उल्लू को पड़कर मामले की सूचना वन विभाग कर्मचारियों को दी। वनकर्मियों द्वारा घायल उल्लू को वन चौकी खाम टोला लाया गया जहा बीट प्रभारी शिवेंद्र टेकाम के सुपुर्द किया गया।जहा एफआरवी स्टॉप आरक्षक प्रदीप मरावी ,पायलेट खेमराव राणा सहित अन्य वन्यकर्मियों द्वारा घायल उल्लू को अपनी निगरानी में रख उसका उपचार कराया जा रहा है।

# मछली पकड़ने गये युवक का पैर फिसलने से नदी में बहा

## पुलिस की टीम ने किया रेस्क्यू , निकाला बाहर, कोतवाली थाना प्रभारी ने आमजन से की अपील ,नदी नालों के किनारे जाते समय रहे सावधान




**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। वैनगंगा नदी के किनारे मछली पकड़ने गया एक 25 वर्षीय युवक का पैर फिसलने से युवक नदी में बह कर बीच नदी की झाड़ियों में जाकर फस गया। और बचाने के लिये आवाज लगाने लगा। यहां से आवागमन करने वाले व्यक्तियों द्वारा उसे देखा गया और इसकी सूचना पुलिस को दी गई । पुलिस को सूचना मिलते ही यहां एसडीआरएफ और होमगार्ड की टीम के साथ यातायात विभाग और कोतवाली का अमला भी पहुंच गया, जो युवक को ट्यूब और अन्य माध्यम से बचाने का प्रयास करने लगा। इस पूरी घटना को देखने के लिए वैनगंगा नदी के छोटे पुल के नीचे लोगों का जमावड़ा लग गया तो वहीं बड़े पुल के ऊपर भी लोग अपने वाहनों को खड़ा कर इस पूरे दृश्य को अपने मोबाइल के कैमरे में कैद करने लगे। एसडीआरएफ और पुलिस प्रशासन की टीम ने युवक का रेस्क्यू कर सकुशल युवक को वैनगंगा नदी से बाहर निकाल लिया ।**

आपको बता दे कि इन दिनों बरसात का मौसम होने से नदी नाले ऊफान पर चल रहे हैं । इस समय मछली पकड़ने का कार्य करने वाले लोग भी मछलियों को पकड़ने के लिए नदी, नालों में जोखिम उठाते हुए मछली पकड़ने का काम कर रहे हैं। जिससे निश्चित ही दुर्घटना की संभावनाएं बन रही है। ऐसा ही एक ताजा मामला 15 जुलाई की दोपहर 3:00 बजे वैनगंगा नदी के छोटे पुल के नीचे देखने को मिला। यहां वार्ड क्रमांक 23 फॉरेस्ट कॉलोनी निवासी भानुप्रताप पिता गणेश धुपे उम्र 25 वर्ष । वैनगंगा नदी के किनारे मछली पकड़ने गया था। तभी युवक का पैर फिसलने से युवक वैनगंगा नदी के पानी में बहते हुए छोटे पुल से नीचे की ओर जाने लगा और बीच नदी में झाड़ियों में फस गया । बचाने के लिए आवाज लगाने लगा, तभी यहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी । उसके बाद यहाँ एसडीआरएफ , होमगार्ड , यातायात और कोतवाली पुलिस का पूरा अमला पहुंच गया, यहाँ युवक को बचाने तुरंत ही रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया । किंतु पानी का बहाव तेज होने की वजह से बोट से काम नहीं बना , उसके बाद युवक को एक ट्यूब भेज कर रस्सी के माध्यम से बाहर लाया गया। इस पूरे नजारे को देखने यहां लोगों का जमावड़ा लग गया। लोग इस पूरे घटनाक्रम को अपने मोबाइल में कैद करने लगे। बड़े पुल पर भी देखते ही देखते लोगों का जमावड़ा लग गया और आवागमन बाधित हो गया। यातायात पुलिस द्वारा आमजन को हटाते हुए रास्ता क्लियर करवाया गया। युवक द्वारा रेस्क्यू होकर बाहर आने के बाद बताया गया कि वह मछली पकड़ने के लिए नदी के किनारे गया था। किंतु पैर फिसलने की वजह से वह नदी में बह गया था। इसमें उसकी स्वयं की गलती थी ।

### सभी के सहयोग से युवक को सकुशल बाहर निकाला गया - विजय राजपूत

कोतवाली थाना प्रभारी विजय राजपूत द्वारा बताया गया कि जैसे ही उन्हें कंट्रोल रूम से सूचना मिली ,उसके बाद वह भी अपने पूरे अमले के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए थे और तुरंत युवक को बचाने रेस्क्यू अभियान चलाया गया । जिसमें सभी के सहयोग से युवक को सकुशल बाहर निकाला गया। युवक फॉरेस्ट कॉलोनी का रहने वाला है। वह किराने की दुकान का संचालन भी अपनी कॉलोनी में करता है । उन्होंने सभी नगर वासियों से भी अपील की है कि इस समय नदी नालों के किनारे सतर्कता पूर्वक ही आवागमन करें और बाढ़ आदि की स्थिति होने पर वह नदी , नाले को क्रॉस ना करें।

## जिले में 16 से 20 जुलाई तक हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भारत मौसम विज्ञान विभाग नई दिल्ली के क्षेत्रिय कार्यालय भोपाल से कृषि विज्ञान केंद्र बड़गांव की मौसम ईकाई को प्राप्त 5 दिवसीय मध्यम श्रेणी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बालाघाट जिले में 16 से 20 जुलाई की अवधी में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना बताई गई है। इस दौरान आसमान में मध्यम बादल छाए रहेंगे। इस अवधि में अधिकतम तापमान 31.1 से 33 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 24 से 24.9 डिग्री सेल्सियस तथा सुबह हवा में 81-86 प्रतिशत तथा दोपहर में 58-65 प्रतिशत नमी रहने की संभावना है। आने वाले दिनो में हवा की गति लगभग 01 से 04 किलोमीटर प्रति घंटा दक्षिण पश्चिम से उत्तर पश्चिम दिशा में रहने की संभावना है।

AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बध्द
सतपुड़ा इंजीनियरिंग & पॉलिटेक्निक कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. & Polytechnic
▷ COMPUTER SCIENCE ENGINEERING
▷ MINING ENGINEERING
▷ CIVIL ENGINEERING
▷ MECHANICAL ENGINEERING
▷ ELECTRICAL ENGINEERING
Lateral Entry Admission NEP 2020 के तहत किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा/B.Sc. (Maths) उत्तीर्ण छात्रों का B.Tech. एवं ITI उत्तीर्ण छात्रों का पॉलिटेक्निक के
द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, गर्रा, बालाघाट
6262604111, 9425836824

EURO 45 4WD
Booking Offer
21 हजार की बुकिंग पर
51 हजार की रसीद
ट्रेक्टर की हर खरीदी पर कल्टीवेटर फ्री
रोट्रावेटर की हर खरीदी पर रेनकोट फ्री
Soilmatrix
2 YEARS WARRANTY
Extra Heavy Duty
What we can do for you
Support 24/7 Best Quality
Fastest Delivery Customer Care
शुरूआती कीमत 99000/- से शुरु
मात्र 22500/- में पायें कल्टीवेटर
●स्टेनलेश स्टील ब्लेड से बना हुआ ●मल्टीस्पीड से बना हुआ 2 साल की वारंटी के साथ
●युरोपियन एवं अमेरिकन स्टेण्डर्ड से प्रमाणित ●अपनी केटीगिरी में सबसे लाईट वेट मे से एक
सांई ट्रेक्टर्स
मोती तालाब रोड, नर्मदा नगर बालाघाट
मो. 8770334649, 9425138685
मलाजखंड रोड, बैहर
मो. 9993671266

## शराब के नशे में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाने से मौत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । बैहर थाना अंतर्गत ग्राम बन्ना में इसी ग्राम के एक व्यक्ति केहर सिंह पिता नैनसिंह उइके 44 वर्ष की आम के पेड़ में फांसी लगाने से मौत हो गई। इस व्यक्ति के द्वारा शराब के नशे में फांसी लगाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। बैहर पुलिस ने इस व्यक्ति का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौप दिये है। प्राप्त जानकारी के अनुसार केहरसिंह उइके खेती किसानी और मजदूरी करता था। जिसके परिवार में पत्नी गीता बाई और एक बेटे, एक बेटी है। बताया गया है कि केहरसिंह शराब पीने का आदी था और शराब पीने के लिए वह बाजू गांव बिजोरा जाते रहता था और रोजाना देर रात तक घर वापस आता था। 13 जुलाई को केहरसिंह के परिवार का खाना गांव में ही सुमरन इनवाती के घर में था ।शाम को केहरसिंह ग्राम बिजोरा गया था। इसके बाद केहरसिंह का लड़का हेमेंद्र उइके अपनी मां गीताबाई और छोटी बहन खेमलता के साथ खाना खाने के लिए सुमरन इनवाती के घर चले गए थे। किंतु केहरसिंह खाना खाने नहीं आया। रात 10:30 बजे हेमेंद्र उइकेअपनी मां गीता बाई और छोटी बहन खेमलता के साथ सुमरन इनवाती के घर से खाना खाकर अपने घर आ गए थे और उन्होंने केहर सिंह के लिए भी खाना ला लिए थे। रात्रि में कहरसिंह घर नहीं आया जिसके बाद सभी लोग सो गए थे। 14 जुलाई को 5:30 बजे जब हेमेंद्र बैलों के लिए पैरा लाने घर के बाजू में गया ।तब उसने घर के बाजू की बाड़ी में लगे आम के पेड़ में अपने पिता केहर सिंह फांसी पर लटका हुआ देखा। जिसने पीले रंग की नायलॉन की रस्सी आम के पेड़ में बांधकर फांसी लगा ली थी और उसकी मौत हो चुकी थी। इस संबंध में हेमेंद्र उइके ने अपनी मां गीताबाई और आसपास के लोगों को बताया। इसके बाद हेमेंद्र उइके के गांव वालों के साथ रिपोर्ट करने के लिए बैहर पुलिस थाना पहुंचा। बैहर पुलिस ने ग्राम बन्ना पहुंचकर आम के पेड़ में फांसी पर लटके केहरसिंह का शव नीचे उतरवाये और पंचनामा कार्यवाही पश्चात बैहर के अस्पताल में केहर सिंह का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौप दिए। केहरसिंह शराब पीने का आदी था जिसके द्वारा शराब के नशे में फांसी लगाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। बैहर पुलिसद्वारा धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

## हाईस्कूल चिचगांव की दो शिक्षिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय ने 09 जुलाई को लालबर्रा विकासखंड के अंतर्गत हाईस्कूल चिचगांव का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा था। शाला के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर होने के बाद भी दो शिक्षिकायें शाला में उपस्थित नहीं थी। जिस पर दोनों को शिक्षिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय ने हाईस्कूल चिचगांव के निरीक्षण के दौरान शाला की अकादमिक गतिविधियों की समीक्षा की थी और आवश्यक दिशा निर्देश दिये थे। समीक्षा बैठक में माध्यमिक शिक्षक श्रीमती एकता सोनवाने एवं श्रीमती संगीता पटले उपस्थित नहीं थी। जबकि शाला की उपस्थिति पंजी में उनके द्वारा हस्ताक्षर किये गये थे। इस पर इन दोनों माध्यमिक शिक्षिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न इस लापरवाही के लिए उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाये। दोनों शिक्षिकाओं को तीन दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है। समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी। जिला शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय ने शाला के निरीक्षण में पाया था कि शाला में विज्ञान विषय के प्रायोगिक कार्य अब तक प्रारंभ नहीं किये गये है और बच्चों की प्रैक्टिकल फाईल नहीं बनाई गई हैं। उन्होंने हाईस्कूल के प्राचार्य को प्रैक्टिकल कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये थे। जिसके परिपालन में हाईस्कूल चिचगांव में 14 जुलाई से प्रेक्टिकल कार्य प्रारंभ कर दिये गये हैं।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेड़ापन, नि:संतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464

INDIRA IVF
FERTILITY & IVF CENTRE
माता - पिता बनने की आपकी सुखद यात्रा शुरू होती है इंदिरा आई वी एफ के साथ
नि:शुल्क परामर्श शिविर
18 जुलाई
सुबह 11:00 बजे से

श्री साईकृपा चतुरमोहता हॉस्पिटल
मेन रोड, बालाघाट, मध्य प्रदेश - 481001
आपकी सीट अभी बुक करें
8830878391
इंदिरा आई. वी. एफ. के डॉक्टर से परामर्श हेतु कृपया इस पैम्फलेट आधार कार्ड को अपने साथ लाए
इंदिरा आई. वी. एफ. हॉस्पिटल लिमिटेड
इंदिरा आईवीएफ हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड, प्रथम तल, नेक्सस पॉइंट, सिविल लाइंस, नागपुर, महाराष्ट्र 440010
अधिक जानकारी के लिए आज ही हमारी वेबसाइट देखें - www.indiraivf.com

PADMESH X FIBERNET
Connecting the Unconnected
Budget Friendly Packages, With High-Speed Internet.

PADMESHXFIBERTNET CONNECTION.
BEST INTERNET PROVIDER IN TOWN.
Follow us on @padmeshxfibernet 08045777666 www.padmeshdigital.in

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.१, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट